

सूर्योदय प्रातः 5:09 | सूर्यास्त संध्या 6:22 | पखवाड़ा ज्येष्ठ कृ. एकादशी, संवत 2083 | तापमान अधिकतम 32° न्यूनतम 22°

# फ्रीडम फाइटर

राष्ट्रहित सर्वोपरि

रांची, पटना व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित



रांची, मंगलवार, 12 मई 2026, वर्ष : 17, अंक : 87, कुल पृष्ठ : 12, मूल्य : 2 रुपये, E-mail : freedomfighterranchi@gmail.com / epaper : https://epaper.avnpost.in/editions


**शेयर बाजार**

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 76,015.28 | -1,312.91 (-1.70%) |
| निफ्टी | 23,815.85 | -360.30 (-1.49%) |

**सर्राफा बाजार** (प्रति 10 ग्राम)

| | |
|---|---|
| सोना (24 carat) | 1,48,000.00 |
| चांदी | 2850.00 |

# एक जुलाई से लागू होगा 'वीबी-जी राम जी' अधिनियम, मिलेगी 125 दिन रोजगार की गारंटी

एजेंसी

**नयी दिल्ली** : केन्द्र सरकार ने ग्रामीण विकास एवं रोजगार को नयी दिशा देने के उद्देश्य से 'विकसित भारत-गारंटी फॉर रोजगार एंड आजीविका मिशन (ग्रामीण)' यानी वीबी-जी राम जी अधिनियम-2025 के क्रियान्वयन की अधिसूचना जारी कर दी। यह नया कानून एक जुलाई 2026 से देशभर के ग्रामीण क्षेत्रों में लागू होगा और इसके साथ ही महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा)-2005 निरस्त माना जायेगा।

सरकार के मुताबिक इस योजना के तहत एक जुलाई से ग्रामीण क्षेत्र में रोजगार चाहनेवाले लोगों को अब साल में 100 नहीं, बल्कि 125 दिन का रोजगार दिया जायेगा। इस बीच के समय में मनरेगा के सारे प्रावधान लागू रहेंगे और अधूरे काम एक जुलाई के पहले तक मनरेगा के अंतर्गत ही पूरे किये जायेंगे।

इस अवसर पर केन्द्रीय कृषि एवं किसान कल्याण और ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने एक बयान में कहा कि यह कानून ग्रामीण गरीब, श्रमिक परिवारों, महिलाओं, स्वयं सहायता समूहों और किसानों के जीवन में नयी आशा, अधिक आय सुरक्षा और गांवों में बड़े पैमाने पर टिकाऊ विकास कार्यों का मार्ग खोलेगा। राज्यों से व्यापक स्तर पर सलाह-मशविरा कर




नियम बनाने की प्रक्रिया जारी है, लेकिन सरकार की चिन्ता यह है कि ट्रांजिशन पीरियड में कोई भी मजदूर भाई-बहन रोजगार से वंचित न हो और इसकी सम्पूर्ण व्यवस्था कर दी गयी है।

चौहान ने कहा कि वीबी-जी राम जी अधिनियम के अंतर्गत अधिकांश राज्यों को अपेक्षित तैयारी के लिए अधिकतम छह माह का समय रहेगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि यदि एक जुलाई तक कोई राज्य अपेक्षित तैयारी नहीं कर पाया, तो एक जुलाई के बाद कामों का फंडिंग पैटर्न विकसित भारत जी-राम जी योजना के अंतर्गत होगा।

योजना के तहत रोजगार देने के लिए मोदी सरकार ने अपने बजट में 95,000 करोड़ रुपये से अधिक की राशि का प्रावधान किया है। राज्यों ने भी अपने-अपने बजट में इसे लागू करने के लिए प्रावधान किया है और केन्द्र एवं राज्यों की कुल राशि 1,51,000 करोड़ रु. से अधिक होगी।

उन्होंने कहा कि मजदूरों को भुगतान सीधे डीबीटी के माध्यम से उनके बैंक या डाकघर के खातों में किया जायेगा। कोशिश होगी कि तीन दिन के अंदर भुगतान हो, लेकिन अधिकतम 15 दिन के भीतर प्रक्रियाएं पूरी कर उनके खाते में पैसा पहुंच जाये। उन्होंने कहा कि 15 दिन के भीतर ● शेष पृष्ठ 11 पर

## एक झलक

### आलमगीर आलम व संजीव लाल को मिली जमानत

**रांची** : सुप्रीम कोर्ट ने झारखंड के तत्कालीन ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम और संजीव लाल को जमानत पर रिहा करने के आदेश दिये हैं। न्यायाधीश एम. एम. सुंदरेश और न्यायाधीश एन. कोटेश्वर सिंह के पीठ में दोनों की जमानत याचिका पर सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान ईडी की ओर से कहा गया कि मामला अत्याधिक गम्भीर है। कमीशनखोरी और मनी लॉन्ड्रिंग से सम्बन्धित है। न्यायालय के आदेश के आलोक में अब तक चारों गवाहों के बयान दर्ज करने की कार्रवाई पूरी नहीं हुई है। आलमगीर आलम की ओर से कहा गया कि वह 77 साल के हैं। दो साल से अधिक समय से जेल में हैं। न्यायालय ने दोनों पक्षों को सुनने के बाद आलमगीर आलम को जमानत पर रिहा करने के आदेश दिये। न्यायालय ने संजीव लाल को भी जमानत पर रिहा करने के आदेश दिये। पिछली सुनवाई, जो 02 अप्रैल को हुई थी, में भी ईडी ने दोनों की जमानत याचिकाओं का विरोध किया था।

### शुभेन्दु के पीए की हत्या के तीन आरोपितों को 13 दिनों की सीआईडी हिरासत

**कोलकाता** : पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री शुभेन्दु अधिकारी के निजी सहायक (पीए) चंद्रनाथ रथ की हत्या मामले में पुलिस ने बिहार और उत्तर प्रदेश से तीन शार्प शूटरों को गिरफ्तार किया है। इन आरोपितों को सोमवार को उत्तर 24 परगना जिला स्थित बारासात एसीजेएम अदालत में पेश किया गया, जहां अदालत ने इन्हें 13 दिनों की सीआईडी हिरासत में भेजने के आदेश दिये। सीआईडी आरोपितों से पूछताछ कर हत्या की साजिश, फंडिंग, हथियार सप्लाई और संभावित मास्टरमाइंड के बारे में जानकारी जुटायेगी। आरोपितों में एक को बिहार के बक्सर जिले के मुफस्सिल थाना क्षेत्र से पकड़ा गया, जबकि दो को उत्तर प्रदेश से गिरफ्तार किया गया। पश्चिम बंगाल पुलिस, बिहार पुलिस और उत्तर प्रदेश पुलिस संयुक्त रूप से मामले की जांच में जुटी हुई है। जांच में यह भी सामने आया है कि आरोपितों ने टोल प्लाजा पर ऑनलाइन पेमेंट किया था।

## अंदर के पन्नों पर


3 उपायुक्त के जनता दरबार में उमड़ी लोगों की भारी भीड़…

5 बेलगड़िया में कौशल विकास व खेल प्रतिभाओं को…

7 सभी विभागों को राजस्व संग्रहण में तेजी लाने के…

9 30 दिनों में होगा समस्याओं का समाधान : सम्राट…

10 आज प्लेऑफ में जगह बनाने उतरेंगे टाइटंस व सनराइजर्स…


## कार्टून कोना




### सोमनाथ मंदिर में आयोजित सोमनाथ अमृत महोत्सव में सम्मिलित हुए प्रधानमंत्री

# दुनिया की कोई ताकत भारत को झुका नहीं सकती : मोदी

एजेंसी

**नयी दिल्ली/गिर सोमनाथ** : प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को यहां कहा कि दुनिया की कोई भी ताकत भारत को झुका नहीं सकती और न ही उसे दबाव में ला सकती है। उन्होंने कहा कि 1998 के पोखरण परमाणु परीक्षणों ने दुनिया को भारत की अटल राजनीतिक इच्छाशक्ति का परिचय कराया था।

गुजरात के सोमनाथ मंदिर में आयोजित सोमनाथ अमृत महोत्सव को सम्बोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि 11 मई 1998 को भारत ने पोखरण में पहले तीन परमाणु परीक्षण किये थे और उसके बाद दुनिया भर की शक्तियों ने भारत पर विभिन्न प्रकार के प्रतिबंध लगाये थे। उन्होंने कहा, '11 मई के बाद दुनिया हम पर टूट पड़ी थी, लेकिन 13 मई को भारत ने दो और परमाणु परीक्षण किये। इससे दुनिया को पता चला कि भारत की राजनीतिक इच्छाशक्ति कितनी अटल है।'

उन्होंने कहा कि तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व वाली सरकार ने यह दिखाया था कि भारत के लिए राष्ट्र सर्वोपरि है। मोदी ने कहा, 'दुनिया की कोई ताकत भारत को झुका नहीं सकती, दबाव में नहीं ला सकती।'

प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत ने पोखरण परमाणु परीक्षणों को 'ऑपरेशन शक्ति' नाम दिया था, क्योंकि शिव और शक्ति की आराधना भारत की परम्परा रही है।

उन्होंने कहा कि यही विचार देश की वैज्ञानिक प्रगति का भी प्रेरणास्रोत बना।

मोदी ने कहा कि सोमनाथ अमृत महोत्सव केवल अतीत का उत्सव नहीं, बल्कि अगले एक हजार वर्षों के लिए भारत की प्रेरणा का पर्व है। उन्होंने कहा कि 1947 में भारत की स्वतंत्रता के बाद 1951 में सोमनाथ मंदिर ● शेष पृष्ठ 11 पर

### प्रधानमंत्री ने किया प्रथम ज्योतिर्लिंग का पूजन

**गुजरात** के सोमनाथ मंदिर के पुनर्निर्माण के 75 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित 'सोमनाथ अमृतपर्व-2026' के ऐतिहासिक समारोह में प्रधानमंत्री एवं सोमनाथ ट्रस्ट के अध्यक्ष नरेन्द्र मोदी प्रभास पाटन पहुंचे और प्रथम ज्योतिर्लिंग भगवान सोमनाथ का दर्शन-पूजन किया। इस दौरान भारतीय संस्कृति, आस्था और गौरव के प्रतीक भगवान सोमनाथ महादेव मंदिर में सोमवार को 'सोमनाथ अमृतपर्व-2026' पूरे मंदिर परिसर में शंख, डमरू और 'हर-हर महादेव' के जयघोष से भक्तिमय वातावरण बन गया।



प्रधानमंत्री मोदी के आगमन पर मंदिर के मुख्य प्रवेश द्वार से लेकर परिसर तक जोरदार स्वागत की व्यवस्था की गयी थी। भारत की विविध सांस्कृतिक परम्पराओं को दर्शाती प्रस्तुतियों के माध्यम से उनका अभिनन्दन किया गया। मार्ग में प्रधानमंत्री ने सोमनाथ विषय पर निर्मित आकर्षक रेत शिल्प का अवलोकन भी किया। 75 ढोलवादकों के नाद तथा तूतारी की गूंज के बीच पारम्परिक वेशभूषा में सजी लगभग 100 बालिकाओं और कन्याओं ने सिर पर अमृत कलश धारण कर प्रधानमंत्री का स्वागत किया। मंदिर परिसर में प्रवेश से पूर्व प्रधानमंत्री ने अखंड भारत के शिल्पी एवं सोमनाथ मंदिर के पुनर्निर्माण ● शेष पृष्ठ 11 पर

### पहले आईबीसीए सम्मेलन का प्रधानमंत्री करेंगे उद्घाटन

# 95 देशों के प्रतिनिधि होंगे शामिल

एजेंसी

**नयी दिल्ली** : प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भारत की पहल पर गठित इंटरनेशनल बिग कैट एलायंस (आईबीसीए) के पहले वैश्विक सम्मेलन का एक जून को उद्घाटन करेंगे। भारत मंडपम में आयोजित होनेवाले इस सम्मेलन की थीम 'विशालकाय बिल्लयों को बचाओ, पारिस्थितिकी तंत्र को बचाओ, मानवता को बचाओ' है। इसमें दुनियाभर के 95 देशों के प्रतिनिधि हिस्सा लेंगे।

इस दौरान बाघ, शेर, तेन्दुआ, हिम तेन्दुआ, चीता, जगुआर और प्यूमा सहित सात विशालकाय बिल्ली प्रजातियों के संरक्षण और उनके प्राकृतिक आवासों की सुरक्षा पर चर्चा होगी। आईबीसीए के महानिदेशक डॉ. एसपी यादव ने यहां सोमवार को पत्रकारों को




बताया कि सम्मेलन में विभिन्न देशों के राष्ट्राध्यक्ष और सरकार प्रमुख बिग कैट संरक्षण को लेकर अपने अनुभव और रणनीतियां साझा करेंगे। इस दौरान विशालकाय बिल्लियों के संरक्षण के लिए दिल्ली के घोषणापत्र को भी अपनाया जायेगा। यह विशालकाय बिल्ली प्रजातियों के संरक्षण की दिशा में अहम वैश्विक दस्तावेज माना जा रहा है। एक और दो जून को ताज पैलेस में तकनीकी सत्र आयोजित होंगे। इनमें 400 से अधिक अंतरराष्ट्रीय विशेषज्ञ, नीति निर्माता, वैज्ञानिक, वित्तीय संस्थानों और कॉर्पोरेट जगत के प्रतिनिधि शामिल होंगे। सम्मेलन के दौरान एक विशेष प्रदर्शनी भी लगायी जायेगी, जिसमें जनजातीय कला, बिग कैट्स पर आधारित पेंटिंग्स, फोटोग्राफी, फिल्में और वर्चुअल रियलिटी अनुभव प्रदर्शित किये जायेंगे। उन्होंने बताया कि विशालकाय बिल्ली प्रजातियां पारिस्थितिकी तंत्र का संतुलन बनाये रखने में अहम भूमिका निभाती हैं। इनके आवास कार्बन सिंक के रूप में जलवायु परिवर्तन से लड़ने में मदद करते हैं और जलस्रोतों की सुरक्षा भी सुनिश्चित करते हैं। हालांकि, आवासों के सिकुड़ने, मानव-वन्यजीव संघर्ष, जलवायु परिवर्तन और ● शेष पृष्ठ 11 पर

### असम में हिमंता बिस्वा सरमा का शपथ ग्रहण आज

**चुनावी घोषणापत्र पर रहेगा जोर**

**गुवाहाटी** : असम के भावी मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा ने घोषणा की है कि 12 मई को शपथ ग्रहण के बाद उनकी नयी सरकार पार्टी के घोषणापत्र को लागू करने को सर्वोच्च प्राथमिकता देगी। सरमा ने स्पष्ट किया कि शपथ ग्रहण के तुरन्त बाद होनेवाली पहली कैबिनेट बैठक में घोषणापत्र के कार्यान्वयन पर ध्यान केन्द्रित होगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 11 मई को गुवाहाटी पहुंचने और शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होनेवाले हैं। सीएम सरमा ने बताया कि केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, भाजपा अध्यक्ष जे.पी. नड्डा और कई एनडीए शासित राज्यों के मुख्यमंत्री भी इस ऐतिहासिक मौके के साक्षी बननेवाले हैं।

# संसदीय साक्षरता व मूल्य आधारित पत्रकारिता जरूरी : हरिवंश नरायण



एजेंसी

**नयी दिल्ली** : राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश ने सोमवार को कहा कि डिजिटल दौर में पत्रकारिता में तेजी महत्त्वपूर्ण है, लेकिन यह सटीकता की कीमत पर नहीं होनी चाहिए। उन्होंने युवा पत्रकारों से मूल्य आधारित और विश्वसनीय पत्रकारिता को मजबूत करने का आह्वान किया।

संसद भवन परिसर में राज्यसभा टीवी इंटर्नशिप कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए हरिवंश ने कहा कि किसी भी पत्रकार के लिए संसदीय साक्षरता उतनी ही आवश्यक है, जितनी पेशेवर दक्षता। उन्होंने कहा कि संसद वह स्थान है, जहां राष्ट्र का इतिहास लिखा जाता है और इसकी सही रिपोर्टिंग के लिए संवैधानिक ढांचे, नियम पुस्तिकाओं तथा संसदीय परंपराओं की गहरी समझ जरूरी है। उन्होंने प्रशिक्षुओं से संसद टीवी को विश्वसनीय सूचना का मानक बनाने ● शेष पृष्ठ 11 पर

# इन्फ्लुएंसर एंगेजमेंट पोर्टल का हुआ शुभारम्भ डिजिटल पर्यटन प्रचार को मिली नयी दिशा

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**रांची** : पर्यटन मंत्री सुदिव्य कुमार ने पतरातू स्थित होटल पर्यटन विहार में सोमवार को पर्यटन विभाग, झारखंड द्वारा 'राज्य स्तरीय इन्फ्लुएंसर मीट 2026' का सफल आयोजन के दौरान कहा कि झारखंड के पर्यटन स्थलों के प्रचार-प्रसार के लिए बड़े महानगरों के क्रिएटर्स को आमंत्रित किया जा सकता था, लेकिन झारखंड की असली पहचान, यहां की सादगी, संस्कृति और लोकजीवन को सबसे बेहतर ढंग से हमारे अपने



पर्यटन विभाग ने किया 'राज्य स्तरीय इन्फ्लुएंसर मीट 2026' का सफल आयोजन

राज्य के इन्फ्लुएंसर्स ही प्रस्तुत कर सकते हैं। हमारी कोशिश है कि झारखंड के युवा क्रिएटर्स जब किसी पर्यटन स्थल पर कंटेंट निर्माण करें, तो वे गर्व से कह सकें कि वे ● शेष पृष्ठ 11 पर

### खाई में गिरी कार, छह की मौत, चार घायल

**भावनगर** : गुजरात के भावनगर से हिमाचल प्रदेश घूमने गये सिंधी समाज के एक परिवार की कार मनाली के पास खाई में गिर गयी। हादसे में 06 लोगों की मौत हो गयी, जबकि 04 अन्य घायल हो गये। हादसे की खबर मिलने के बाद यहां परिवार के बाकी सदस्यों और समाज में शोक की लहर फैल गयी। रिश्तेदारों ने बताया कि ललितभाई फतनानी अपने परिवार के साथ हिमाचल प्रदेश घूमने गये थे। सोमवार तड़के करीब 3:30 से 04 बजे के बीच परिवार कार से मनाली से बेला जा रहा था।

# राष्ट्रीय अनुसंधान संस्थान को बनायेंगे 'ग्लोबल टेक्नोलॉजी लीडर' : डॉ. जितेन्द्र

एजेंसी

**नयी दिल्ली** : राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस के अवसर पर केन्द्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी तथा पृथ्वी विज्ञान मंत्री डॉ. जितेन्द्र सिंह ने सोमवार को विश्वास व्यक्त किया कि देश के राष्ट्रीय अनुसंधान संस्थानों का योगदान भारत को 'ग्लोबल टेक्नोलॉजी लीडर' बनाने में निर्णायक भूमिका निभायेगा।

उन्होंने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर जारी एक वीडियो संदेश में कहा कि 'विज्ञान-टेक' कार्यक्रम भविष्य में सहयोग आधारित अनुसंधान




और नवाचार का एक आदर्श मॉडल बनेगा। यह कार्यक्रम इस बात का उदाहरण प्रस्तुत करेगा कि सार्वजनिक अनुसंधान किस प्रकार वास्तविक दुनिया में व्यापक और सकारात्मक परिवर्तन ला सकता है। डॉ. जितेन्द्र सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत की वैश्विक तकनीकी साख लगातार मजबूत ● शेष पृष्ठ 11 पर

# सेवानिवृत्त टाटा स्टील कर्मी ने की पत्नी, बेटे और गर्भवती बेटी की हत्या

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**पूर्वी सिंहभूम** : सिदगोड़ा थाना क्षेत्र अंतर्गत एग्रिको रोड नम्बर-2 स्थित क्वार्टर संख्या एल5/13 में सोमवार सुबह हुए तिहरे हत्याकांड ने पूरे शहर को झकझोर कर रख दिया। एक ही परिवार के तीन लोगों की हत्या के बाद इलाके में दहशत और मातम का माहौल है। मामले में पुलिस ने घर के मुखिया और टाटा स्टील के सेवानिवृत्त कर्मचारी रवीन्द्र प्रसाद सिंह को हिरासत में लिया है। प्रारम्भिक जांच में सामने आया है कि आरोपित ने रविवार रात अपनी पत्नी, बेटे और बेटी की कुल्हाड़ी से हत्या कर दी थी। जानकारी के अनुसार, सोमवार सुबह स्वयं रवीन्द्र प्रसाद सिंह ने डायल-100 पर फोन कर पुलिस को घटना की सूचना दी। सूचना मिलते ही सिदगोड़ा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घर के भीतर से तीन शव बरामद किये। मृतकों की पहचान पत्नी सरिता सिंह (55), पुत्र रविशेक कुमार (30) और पुत्री सुप्रिया सिंह (31) के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि सुप्रिया सिंह विवाहित थी और गर्भवती भी थी। घटना की खबर फैलते ही एग्रिको इलाके में भारी भीड़ जुट गयी।

पुलिस जांच में सामने आया है कि रवीन्द्र प्रसाद सिंह इसी वर्ष फरवरी माह में टाटा स्टील से



सेवानिवृत्त हुए थे। रिटायरमेंट के बाद से परिवार में लगातार विवाद और तनाव की स्थिति बनी हुई थी। हालांकि, हत्या के पीछे की वास्तविक वजह अब तक स्पष्ट नहीं हो सकी है। पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रख कर जांच कर रही है।

वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपित पूरी रात घर के भीतर शवों के साथ ही मौजूद रहा। सोमवार सुबह उसने खुद पुलिस को कॉल कर घटना की जानकारी दी। पुलिस ने मौके से हत्या में प्रयुक्त कुल्हाड़ी भी बरामद कर ली है। फॉरेंसिक टीम को भी जांच के लिए बुलाया गया, जिसने घर के भीतर से वैज्ञानिक साक्ष्य एकत्र किये।

घटना जिस इलाके में हुई है, वहां पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास का निजी आवास भी काफी नजदीक स्थित है। ऐसे पॉश और शांत माने जानेवाले इलाके में एक साथ तीन हत्याओं की घटना से स्थानीय लोग स्तब्ध हैं।

घटना की सूचना मिलते ही जमशेदपुर पूर्वी की विधायक पूर्णिमा साहू और सिटी एसपी ललित मीणा सिदगोड़ा थाना प्रभारी फैज अहमद समेत कई वरिष्ठ पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे और जांच शुरू की। थाना प्रभारी ने बताया कि आरोपित से लगातार पूछताछ की जा रही है। आसपास के लोगों और रिश्तेदारों से भी जानकारी जुटायी जा रही है।

थाना प्रभारी ने बताया कि फिलहाल मामले की हर एंगल से जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और फॉरेंसिक जांच के बाद ही हत्या के कारणों को लेकर स्थिति पूरी तरह स्पष्ट हो सकेगी।

## एक झलक

### बेड़ो विवाह मंडप में सुरक्षा व शांति व्यवस्था लेकर बैठक आज

**बेड़ो :** प्रखंड मुख्यालय सहित प्रखंड के ग्रामीण क्षेत्र में सुरक्षा व शांति व्यवस्था के साथ विधि व्यवस्था बनाये रखने के लिए प्रखंड मुख्यालय स्थित विवाह मंडप में मंगलवार की अपराह्न तीन बजे से एक आवश्यक बैठक आयोजित की गई है। बेड़ो थाना प्रभारी सुजित कुमार उरांव ने प्रखंड के सभी जनप्रतिनिधियों, बुद्धिजीवियों,क्षेत्रवासियों एवं व्यवसायियों को निर्धारित समय पर उपस्थित होकर बैठक को सफल बनाने की अपील की है।

### उत्पाद विभाग ने कामता में अवैध शराब की भट्टियां कीं ध्वस्त



**रामगढ़ :** उपायुक्त ऋतुराज के निदेर्शानुसार जिले में अवैध शराब निर्माण एवं बिक्री के विरुद्ध लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में सोमवार को सहायक आयुक्त उत्पाद अरविन्द कुजूर के नेतृत्व में गोला थाना क्षेत्र अंतर्गत कामता गांव में सघन एवं व्यापक उत्पाद छापामारी अभियान चलाया गया।छापामारी अभियान में अवर निरीक्षक उत्पाद कांग्रेश कुमार, अवर निरीक्षक उत्पाद अमित मड़की सहित उत्पाद विभाग की टीम शामिल रही। अभियान के दौरान कई अवैध शराब भट्टियों को ध्वस्त करते हुए लगभग 2000 किलोग्राम जावा महुआ एवं 200 लीटर अवैध महुआ शराब बरामद किया गया। बरामद सामग्री को नियमानुसार विनष्ट किया गया। अभियान के दौरान अवैध शराब निर्माण में संलिप्त कारोबारियों के विरुद्ध उत्पाद अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत अभियोग दर्ज किया गया है। उत्पाद विभाग द्वारा संबंधित आरोपियों की पहचान कर आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

### तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित होकर बिजली पोल से टकरायी, युवक की मौत

**सिल्ली :** सिल्ली थाना क्षेत्र अंतर्गत सिल्ली-बंता मुख्य मार्ग पर ग्राम टूटकी के समीप रविवार को एक दर्दनाक सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान कैलाश लोहरा (21 वर्ष) के रूप में हुई है। वह कुलसूद गांव का निवासी था तथा उसके पिता का नाम घुमा लोहरा बताया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार कैलाश लोहरा मोटरसाइकिल से सिल्ली-बंता मार्ग से गुजर रहा था। इसी दौरान तेज रफ्तार के कारण उसकी बाइक अनियंत्रित हो गई और सड़क किनारे स्थित बिजली पोल से जा टकराई। दुर्घटना इतनी भीषण थी कि युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। आसपास मौजूद लोगों ने तुरंत उसे सहायता पहुंचाने का प्रयास किया, लेकिन घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गई। घटना की सूचना मिलने के बाद सिल्ली थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं युवक की मौत से परिजनों में मातम पसरा हुआ है। गांव में भी घटना के बाद शोक का माहौल है।

### विद्या विहार पब्लिक स्कूल में हिन्दी निबन्ध प्रतियोगिता आयोजित

**खूंटी :** विद्या विहार पब्लिक स्कूल तोरपा में सोमवार को हिंदी निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का विषय आम, राष्ट्रीय ध्वज, पर्यावरण संरक्षण की आवश्यकता और जल संरक्षण की आवश्यकता था। इसमें यूकेजी से लेकर कक्षा 10 प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने अपने विचारों को सुंदर और प्रभावशाली शब्दों में प्रस्तुत किया। प्रतियोगिता के माध्यम से बच्चों की रचनात्मकता, भाषा ज्ञान और लेखन क्षमता को प्रोत्साहित किया गया। प्रतियोगिता में कई छात्रों ने प्रतिभा का प्रदर्शन किया। विद्यालय की प्रधानाचार्या कविता जायसवाल ने विजेता विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि निबंध लेखन से बच्चों की सोचने-समझने की शक्ति और भाषा शैली का विकास होता है। उन्होंने कहा कि हिंदी हमारी पहचान है और बच्चों को अपनी भाषा के प्रति जागरूक होना चाहिए।

---

## मां छिन्नमस्तिका मंदिर परिसर के सौंदर्यीकरण पर हाई कोर्ट सख्त

# पुनर्वास और सुरक्षा व्यवस्था पर मांगी रिपोर्ट




**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** रामगढ़ जिले के प्रसिद्ध मां छिन्नमस्तिका मंदिर परिसर के सौंदर्यीकरण से जुड़े मामले में दायर अवमानना याचिका पर सोमवार को झारखंड उच्च न्यायालय में सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान रामगढ़ के उपायुक्त (डीसी) वर्चुअल माध्यम से अदालत में उपस्थित हुए और मंदिर परिसर से हटाए गए वेंडरों के पुनर्वास समेत श्रद्धालुओं की सुविधाओं और सुरक्षा व्यवस्था से जुड़ी तैयारियों की जानकारी दी। उपायुक्त ने अदालत को बताया कि मंदिर परिसर से हटाए गए 254 वेंडरों को पहले मंदिर के निकट अस्थायी रूप से पुनर्वासित किया जाएगा। इसके बाद उनके लिए दुकानें बनाकर स्थायी पुनर्वास की व्यवस्था की जाएगी, ताकि किसी भी दुकानदार को आजीविका संबंधी परेशानी का सामना न करना पड़े। उन्होंने यह भी बताया कि श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए मंदिर परिसर में दरी बिछाने और पेयजल उपलब्ध कराने की व्यवस्था की जा रही है। इसके साथ ही वन भूमि पर अवैध कब्जा कर दुकान चला रहे लोगों को हटाया जाएगा। अतिक्रमण मुक्त कराई गई भूमि का उपयोग मंदिर के पुनर्निर्माण और सौंदर्यीकरण कार्यों में किया जाएगा। सुनवाई के दौरान उपायुक्त ने रजरप्पा मंदिर के पुनर्निर्माण से संबंधित मास्टर प्लान अदालत के समक्ष प्रस्तुत करने के लिए अतिरिक्त समय देने का आग्रह किया। इस पर न्यायमूर्ति सुजीत नारायण प्रसाद की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने मामले की अगली सुनवाई शुक्रवार को निर्धारित करते हुए उस दिन भी उपायुक्त को उपस्थित रहने का निर्देश दिया। मामले की सुनवाई के दौरान अदालत ने भैरवी नदी के डेंजर जोन में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर गंभीर चिंता जताई। न्यायालय ने मौखिक टिप्पणी करते हुए कहा कि लोगों की सुरक्षा के लिए दो स्तरों पर बैरिकेडिंग की व्यवस्था की जानी चाहिए। अदालत ने निर्देश दिया कि तत्काल लो-लेवल बैरिकेडिंग की जाए, जबकि बरसात के मौसम को ध्यान में रखते हुए हाई-लेवल बैरिकेडिंग की अलग व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। प्रार्थी की ओर से अधिवक्ता भारत कुमार ने अदालत में पक्ष रखा। उल्लेखनीय है कि पिछली सुनवाई में जल संसाधन विभाग के सचिव ने अदालत को बताया था कि भैरवी नदी के डेंजर जोन में सुरक्षा व्यवस्था के लिए लगभग 50 लाख रुपये की लागत से बैरिकेडिंग का डीपीआर तैयार किया गया है।

---

## सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस के परीक्षा परिणाम पर उपायुक्त नाराज



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**खूंटी :** उपायुक्त सौरभ कुमार भुवानिया ने सोमवार को जिला मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय में शैक्षणिक गतिविधियों एवं सीबीएसई बोर्ड परीक्षा परिणाम की समीक्षा की। समाहरणालय सभागार में आयोजित बैठक में विद्यालय के प्रधानाध्यापक, शिक्षक-शिक्षिकाएं, जिला शिक्षा पदाधिकारी और जिला शिक्षा अधीक्षक उपस्थित थे। बैठक में इस वर्ष आयोजित 10 वीं सीबीएसई बोर्ड परीक्षा के परिणाम, उत्तीर्ण छात्रों की स्थिति, कंपार्टमेंटल परीक्षा में शामिल होने वाले विद्यार्थियों और आगामी शैक्षणिक सत्र 2026-27 की तैयारी को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। समीक्षा के दौरान उपायुक्त ने विद्यालय के परीक्षा परिणाम पर नाराजगी जताते हुए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित करने के निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि विद्यालय में सभी विषयों की नियमित और प्रभावी पढ़ाई कराई जाए, ताकि आगामी बोर्ड परीक्षाओं में बेहतर परिणाम प्राप्त हो सके। विशेष रूप से हिंदी, अंग्रेजी, गणित, विज्ञान और सामाजिक विज्ञान विषयों पर अधिक ध्यान देने को कहा गया। साथ ही विद्यार्थियों की शैक्षणिक प्रगति की लगातार मॉनिटरिंग करने के निर्देश भी दिया गया।

---

## विश्व रिकार्डधारी युवा सात वर्षीय तैराक इशांक सिंह का जनकल्याण समर्पण संस्थान में भव्य स्वागत




**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**अनगड़ा :** सिकिदिरी स्थित गैर सरकारी संगठन जनकल्याण समर्पण संस्थान द्वारा तैराकी में विश्व रिकॉर्ड स्थापित करने वाले सात वर्षीय युवा तैराक इशांक सिंह एवं उनके प्रशिक्षक सह संस्थान के खेल प्रभारी अमन कुमार जायसवाल का ढेलवाखुट्टा स्थित केंद्रीय कार्यालय में भव्य स्वागत किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्थान के अध्यक्ष सुजीत कुमार ने की। इस अवसर पर अध्यक्ष सुजीत कुमार ने कहा कि जनकल्याण समर्पण संस्थान विगत 18 वर्षों से तैराकी सहित विभिन्न खेलों में नई प्रतिभाओं को खोजने, तराशने और उन्हें बेहतर प्रशिक्षण देकर आगे बढ़ाने का कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि संस्थान का उद्देश्य ग्रामीण एवं सुदूर क्षेत्रों की प्रतिभाओं को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर तक पहुंचाना है। उन्होंने युवा तैराक इशांक सिंह के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए प्रशिक्षक अमन कुमार जायसवाल के समर्पण और मेहनत की सराहना की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जसपुरिया बीएड कॉलेज के अध्यक्ष जैलेंद्र कुमार उपस्थित थे। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि जनकल्याण समर्पण संस्थान खेल और सामाजिक क्षेत्र में अत्यंत सराहनीय कार्य कर रहा है। विशेष रूप से सिकिदिरी जैसे सुदूर ग्रामीण क्षेत्र में ह्लमिनी ओलंपिकह्व जैसे आयोजन कर संस्थान ने स्थानीय प्रतिभाओं को मंच प्रदान करने का महत्वपूर्ण कार्य किया है। विशिष्ट अतिथि अनगड़ा पश्चिमी जिला परिषद सदस्य अनुराधा मुंडा ने इशांक सिंह को बधाई देते हुए उन्हें ह्लदेश का कोहिनूरह्व बताया। उन्होंने कहा कि इतनी कम उम्र में विश्व रिकॉर्ड बनाना पूरे राज्य और देश के लिए गौरव की बात है। अपने संबोधन में प्रशिक्षक अमन कुमार जायसवाल ने कहा कि जिस संस्थान ने उन्हें आगे बढ़ने का अवसर दिया, आज उसी संस्थान के माध्यम से नई प्रतिभाओं को प्रशिक्षण देना उनके लिए गर्व और खुशी की बात है। उन्होंने कहा कि इशांक की सफलता निरंतर मेहनत, अनुशासन और समर्पण का परिणाम है। गौरतलब है कि सात वर्षीय इशांक सिंह ने 30 अप्रैल 2026 को तलाईमन्नार से धनुषकोड़ी तक पाक जलडमरूमध्य में 29 किलोमीटर की कठिन समुद्री दूरी तैरकर विश्व रिकॉर्ड बनाया। इशांक ने यह चुनौतीपूर्ण सफर मात्र 9 घंटे 50 मिनट में पूरा कर इतिहास रच दिया। इतनी कम उम्र में इस उपलब्धि ने पूरे क्षेत्र को गौरवान्वित किया है। कार्यक्रम का संचालन संस्थान के कोषाध्यक्ष रमन कुमार ने किया, जबकि धन्यवाद ज्ञापन बालिका वर्ग की खेल प्रभारी पिंकी कुमारी ने किया। मौके पर महासचिव सत्यपाल राउत, सोशल मीडिया एवं आईटी प्रभारी संदीप कुमार वर्मा, फुटबॉल टीम के मेंटर नीतीश कुमार, कोच विवेक बेदिया सहित कुंती देवी, अजीत कुमार, पंकज पटेल, रंजन सोरेन, संजय गोस्वामी समेत सैकड़ों युवा उपस्थित थे। कार्यक्रम के दौरान इशांक सिंह की उपलब्धि पर लोगों ने उत्साहपूर्वक खुशी व्यक्त की और उन्हें भविष्य में और बड़ी सफलताएं हासिल करने के लिए शुभकामनाएं दीं।

---

## भुरकुंडा में बिना वार्ता माइनिंग शुरू करने को लेकर हुई बैठक

# आन्दोलन की बनी रणनीति, समिति का हुआ गठन



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**भुरकुंडा :** सीसीएल भुरकुंडा परियोजना की बंद संगम खदान के निकट माइनिंग शुरू करने पर पंचायत प्रतिनिधियों में रोष व्याप्त है। बिना जानकारी दिए माइनिंग शुरू किए जाने पर जनमुद्दों को लेकर भुरकुंडा पंचायत में सोमवार को बैठक की गई। जिसकी अध्यक्षता मुखिया अजय पासवान और संचालन आशीष गुप्ता ने किया। मौके पर मुख्य रूप से पूर्व जिप उपाध्यक्ष मनोज राम, चमन लाल, योगेश दांगी, सतीश मोहन मिश्रा, जगतार सिंह, प्रेम विश्वकर्मा, इम्तियाज अहमद, मुकेश पाण्डेय सहित अन्य शामिल रहे। बैठक में कहा गया कि पंचायत प्रतिनिधियों की अनदेखी कर माइनिंग शुरू किया गया है। साथ ही प्रदूषण, ब्लास्टिंग, पुनर्वास और रोजगार के मुद्दे पर प्रबंधन ने कोई बात नहीं की है। माइनिंग प्लान की जानकारी साझा नहीं की जा रही है। जिससे भारी विरोधाभास की स्थिति बनी हुई है। यह भुरकुंडा के लोगों को उजाड़ने और रोजगार से वंचित करने की साज़िश है। इसका पुरजोर विरोध किया जाएगा प्रबंधन जनमुद्दों पर पहल नहीं करती है तो काम-काज ठप कराया जाएगा। जिसकी जवाबदेही प्रबंधन की होगी। बैठक में सर्वसम्मति से कमेटी का गठन किया गया। जिसमें संरक्षक मनोज कुमार राम (पूर्व जिला पार्षद), चमन लाल, श्रीनाथ करमाली, जगतार सिंह, एचएन यादव, प्रेमनाथ विश्वकर्मा, अध्यक्ष अजय कुमार पासवान, सचिव प्रदीप मांझी उपाध्यक्ष योगेश दांगी, आशीष गुप्ता, मुकेश पाण्डे, इम्तियाज अध्मय, सतीश मोहन मिश्रा सहित कार्यकारिणी सदस्यों में राजेन्द्र नायक, फिरदोस आलम, पंकज कुमार, राहूल यादव, प्रकाश दास, बागेश करमाली, विजय कुमार, शहजाद सहित अन्य शामिल हैं।

---

## आलमगीर आलम की रिहाई पर कांग्रेस में उत्साह अमाल खान बोले; 'सत्य को दबाया नहीं जा सकता'



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** पूर्व मंत्री और वरिष्ठ कांग्रेस नेता आलमगीर आलम के जेल से बाहर आने के बाद प्रदेश की राजनीति में हलचल तेज हो गई है। उनकी रिहाई पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने खुशी जाहिर करते हुए जश्न मनाया। इस दौरान कांग्रेस के जिला महासचिव अमाल खान ने इसे 'सत्य की जीत' करार देते हुए भाजपा पर तीखा हमला बोला। अमाल खान ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि न्याय में भले ही देर हो जाए, लेकिन सच की हमेशा जीत होती है। उन्होंने कहा, 'कांग्रेस पार्टी हमेशा सच और न्याय के साथ खड़ी रही है। हमारे नेताओं को परेशान किया जा सकता है, लेकिन उनके हौसले को कमजोर नहीं किया जा सकता।' भाजपा और केंद्रीय एजेंसियों पर निशाना साधते हुए उन्होंने आरोप लगाया कि विपक्षी नेताओं को राजनीतिक रूप से दबाने की कोशिश की जा रही है। हालांकि, कांग्रेस कार्यकर्ता हर परिस्थिति में मजबूती के साथ पार्टी के साथ खड़े रहेंगे। आलमगीर आलम की रिहाई के बाद जिला मुख्यालय समेत कई इलाकों में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने मिठाइयां बांटी और खुशी जाहिर की। इस दौरान कांग्रेस पार्टी जिंदाबाद और सत्यमेव जयते के नारों से माहौल गूंज उठा। अमाल खान ने विश्वास जताया कि आने वाले समय में जनता सच्चाई का साथ देगी और कांग्रेस पहले से अधिक मजबूती के साथ उभरेगी।

> ■ भाजपा पर कांग्रेस का पलटवार...
> 'षड्यंत्र और एजेंसियों के दुरुपयोग से नहीं टूटेगा नेताओं का हौसला'

---

## नवोदय विद्यालय पतरातू में विकास कार्यों का हुआ शिलान्यास



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**पतरातू :** नवोदय विद्यालय में सोमवार को डीएमएफटी मद से महत्वपूर्ण विकास कार्यों का विधिवत शिलान्यास किया गया। इन कार्यों में चारदीवारी का निर्माण, रोड नंबर 5 पर पीसीसी पथ का निर्माण समेत अन्य निर्माण शामिल है। अवसर पर बड़कागांव विधानसभा के विधायक रोशन लाल चौधरी ने शिलान्यास किया, जिससे विद्यालय की सुरक्षा और विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं अभिभावकों के लिए बेहतर वातावरण सुनिश्चित होगा। इस शिलान्यास कार्यक्रम में क्षेत्र के सांसद प्रतिनिधि सह जिला पार्षद राजाराम प्रजापति और मुखिया किशोर कुमार महतो भी उपस्थित रहे। इन विकास कार्यों की कुल लागत लगभग 30 लाख रुपये है।विधायक रोशन लाल चौधरी ने कहा कि इस निर्माण कार्य से विद्यालय की सुरक्षा व्यवस्था और अधिक मजबूत होगी तथा विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं अभिभावकों को बेहतर एवं सुरक्षित वातावरण प्राप्त होगा। कार्यक्रम में मुख्य रूप से पंचायत समिति अनीता जैन, उपमुखिया नंद किशोर महतो, भुवनेश्वर महतो, पंकज कुमार सिंह, गणेश कुमार ठाकुर, अमित कुमार सिंह, सीमा राय, अजय राम, अशोक पाठक, रणधीर कपूर, उमेश कुमार, नवोदय विद्यालय के शिक्षक जितेंद्र पांडे, अजीत कुजूर, किशोर कुमार, जितेंद्र कुमार, राजेश महतो, लोकेश आनंद सहित कई गणमान्य उपस्थित थे।

---

## सांसद ने स्वास्थ्य सम्बन्धी मांगों को लेकर मुख्य सचिव से की मुलाकात

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**खूंटी :** कालीचरण मुंडा ने सोमवार को मुख्य सचिव अविनाश कुमार से मुलाकात कर खूंटी लोकसभा क्षेत्र से जुड़ी विभिन्न जनहित और स्वास्थ्य संबंधी लंबित योजनाओं पर चर्चा की। इस दौरान सांसद ने क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने और अधूरी योजनाओं को शीघ्र पूरा कराने की मांग उठाई। सांसद कालीचरण मुंडा ने खूंटी लोकसभा क्षेत्र के विभिन्न अस्पतालों और स्वास्थ्य केंद्रों में आधारभूत सुविधाओं के विस्तार पर जोर दिया। उन्होंने मुरहू सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में वार्ड और अतिरिक्त कमरों के निर्माण की मांग रखते हुए कहा कि जनहित एवं बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं को ध्यान में रखते हुए अस्पताल भवन का विस्तार जरूरी है। इसके अलावा सांसद ने सरायकेला-खरसावां जिले में प्रस्तावित 500 बेड अस्पताल के भवन निर्माण कार्य का मुद्दा भी प्रमुखता से उठाया। उन्होंने बताया कि इस अस्पताल का निर्माण कार्य 12 नवंबर 2011 को शुरू किया गया था और इसके लिए 25 एकड़ भूमि भी उपलब्ध कराई गई है, लेकिन वर्षों से योजना का कार्य बंद पड़ा हुआ है। सांसद ने मुख्य सचिव से इस परियोजना को पुनः शुरू करने शौर जल्द पूरा कराने के लिए समुचित कार्रवाई करने की मांग की। सांसद ने सिमडेगा जिले में स्वास्थ्य विभाग की बुनियादी सुविधाओं को बहाल करने और स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने की दिशा में भी आवश्यक कदम उठाने का आग्रह किया।

---

## बीडीओ ने किया औचक निरीक्षण

# लम्बित योजनाओं को जल्द पूर्ण करने के दिये निर्देश



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**बेड़ो :** बीडीओ राहुल उरांव ने सोमवार को विकास कार्यों की जमीनी हकीकत जानने के लिए प्रखंड के हरिहरपुर जामटोली और चचकापी पंचायत का सघन निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की प्रगति का जायजा लिया और कार्य में शिथिलता बरतने वालों को कड़ी फटकार लगाई। निरीक्षण के दौरान बीडीओ ने पाया कि कई विकास योजनाएं समय सीमा बीत जाने के बाद भी अधूरी हैं। विशेषकर मनरेगा, आवास योजना और 15 वें वित्त आयोग से संबंधित कार्यों की गति धीमी पाई गई। बीडीओ ने पंचायत सचिव और कनीय अभियंता को स्पष्ट रूप से निर्देशित किया कि वे नियमित रूप से पंचायत मुख्यालय में उपस्थित रहें। उन्होंने कहा कि कार्यालय में बैठने के बजाय क्षेत्र में रहकर योजनाओं की मॉनिटरिंग करें। ताकि गुणवत्ता से समझौता न हो। उन्होंने कहा कि निर्धारित समयावधि के भीतर सभी लंबित कार्यों को पूर्ण करें। कार्य पूर्ण न होने की स्थिति में संबंधित कर्मियों के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई की चेतावनी दी गई है। मौके पर प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी संजय तिर्की, सहायक अभियंता पुरुषोत्तम भाई पटेल, जेई सुरेश लिंडा सहित जन प्रतिनिधि उपस्थित थे।

---

## मदरसा अरबिया तजवीदुल कुरआन हुसीर कांके का 13वां भव्य दस्तारबंदी जलसा सम्पन्न

# उर्दू तालीम और दीन की रौशनी पर उलेमा ने दिया जोर, 15 हुफ्फाज की हुई दस्तारबंदी



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची/हुसीर :** मदरसा अरबिया तजवीदुल कुरआन हुसीर कांके रांची का 13वां भव्य जलसा-ए-दस्तारबंदी अकीदत और शानो-शौकत के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोगों ने शिरकत की। जलसे में 15 हाफिज-ए-कुरआन के सिर पर दस्तार-ए-फजीलत बांधी गई। देश के नामचीन उलमा-ए-कराम की मौजूदगी में पूरा माहौल दीनी और रूहानी रंग में रंगा नजर आया। कार्यक्रम की अध्यक्षता हाफिज व कारी मोहम्मद उस्मान रशीदी ने की, जबकि सरपरस्ती मौलाना कारी अशरफुल हक मजाहिरी ने की। मंच संचालन मौलाना कारी बाबर अशरफी ने किया। आए हुए सभी मेहमानों का स्वागत हजरत मौलाना नैय्यर इकबाल और हुसीर अंजुमन ने किया। मुख्य अतिथि मौलाना अबूतालिब रहमानी ने अपने संबोधन में उर्दू तालीम और इल्म की अहमियत पर विस्तार से रोशनी डालते हुए कहा कि शिक्षा एक ऐसी रौशनी है जिसे मुश्किलों की आंधियां कुछ वक्त के लिए कमजोर जरूर कर सकती हैं, लेकिन यह रौशनी फिर पहले से ज्यादा तेज होकर समाज को रोशन करती है। इल्म इंसान को अंधेरों से निकालकर कामयाबी की राह दिखाता है। उन्होंने बच्चों को दीनि और दुनियावी तालीम से जोड़ने पर जोर दिया। विशेष संबोधन में मौलाना मुफ़्ती अशरफ अब्बास कासमी ने कहा कि मदरसे समाज में इल्म, अखलाक और इंसानियत की बुनियाद को मजबूत करने का काम कर रहे हैं। उन्होंने हाफिज-ए-कुरआन बनने वाले छात्रों और उनके अभिभावकों को मुबारकबाद दी। बारिश और खराब मौसम के बावजूद नौजवानों का हौसला बुलंद रहा। लगातार बारिश के बीच भी युवाओं ने पूरी मेहनत और लगन के साथ कार्यक्रम की जिम्मेदारियां निभाईं। मौलाना नैय्यर इकबाल और हुसीर अंजुमन के अध्यक्ष सुलैमान अंसारी, नसीम, नेसार ने कहा कि इन्हीं नौजवानों की मेहनत और जज्बे की बदौलत जलसा पूरी तरह कामयाब रहा और कार्यक्रम शानदार अंदाज में संपन्न हुआ। इस मौके पर कारी सोहराब, हाफिज अली इमाम, मौलाना अशरफ, कारी जफर, मुफ्ती हिफजुर्रहमान, मौलाना उजैर, मौलाना मोहम्मद अकरम कासमी समेत कई उलमा-ए-कराम मौजूद रहे। नातख़्वानी शबान दिल खैराबादी और असद आजमी ने पेश की, जिसे लोगों ने खूब सराहा।

---

## पांच महीने बाद भी नहीं बदला टूटा बिजली का खम्भा

# लटके हुए खम्भे से जान का खतरा, शिकायत के बाद भी नहीं हुई कार्रवाई



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**बेड़ो :** रांची गुमला मुख्य मार्ग पर बेड़ो थाना के बगल में जिला परिषद के ठीक सामने में बेड़ो बिजली विभाग की बड़ी लापरवाही सामने आई है। यहां बिजली का एक खंभा पिछले पांच महीनों टूटकर लटका पड़ा हुआ है। जो बड़ी अनहोनी को निमंत्रण दे रहा है। इस टूटे हुए पोल से ही बिजली आपूर्ति लाइन भी चालू है। यहां के दुकानदारों व ग्रामीणों का कहना है कि टूटे हुए खंभा की फोटो खींचकर बेड़ो विधुत विभाग को सूचना दिया गया। लेकिन विभाग के लोग पिछले पांच महीनों से सोई हुई है। वहीं पिछले एक सप्ताह से लगातार आ रहे आंधी तूफान व वर्षा को लेकर दुकानदारों व ग्रामीणों को इस जानलेवा टूटे पोल को लेकर परेशान हैं। ज्ञात हो कि जहां पर यह पोल टूटा हुआ है वहां पर सड़क के किनारे कई लोग सड़क के किनारे दुकानें लगते है वहीं सप्ताह में तीन दिन बाजार लगती है जिससे यहां काफी भीड़ लगी रहती है।

**लटके पोल की बिजली आपूर्ति से खतरा**

**स्थानीय** ग्रामीणों व दुकानदारों के अनुसार, टूटे हुए पोल से ही बिजली आपूर्ति लाइन दी जा रही है। तेज हवा के झोंकों से टूटे हुए पोल के गिरने का खतरा बना हुआ है। यदि ऐसा होता है, तो पूरे बाजार क्षेत्र में करंट फैल सकता है और भारी जान-माल की क्षति हो सकती है। इस स्थिति के कारण बाजार आने-जाने वाले लोगों, यहां पर रहने वाले और स्थानीय ग्रामीणों व दुकानदारों में दहशत का माहौल है।

**सूचना के पांच महीने बाद भी बेखबर है बिजली विभाग**

**स्थानीय** ग्रामीणों व दुकानदारों ने आरोप लगाया कि खंभा टूटने की सूचना तत्काल बिजली विभाग के संबंधित कर्मियों को दे दी गई थी। लेकिन पांच महीने बीत जाने के बाद भी अब तक विभाग की ओर से न तो कोई कर्मचारी मौके पर पहुंचा है और न ही पोल को दुरुस्त किया गया है।

**जल्द मरम्मत की मांग**

**स्थानीय** ग्रामीणों व दुकानदारों ने बिजली विभाग के वरीय अधिकारियों से मांग की है कि किसी बड़े हादसे का इंतजार किए बिना जल्द से जल्द इस टूटे हुए पोल को ठीक किया जाए। लोगों का कहना है कि व्यस्त बाजार होने के कारण यहां स्कूली बच्चों और राहगीरों की आवाजाही भी बनी रहती है, ऐसे में यह लटकता हुआ खंभा कभी भी बड़ा खतरा बन सकता है। फिलहाल, लोग खुद ही अपनी सावधानी बरतते हुए इस स्थान से बचकर निकल रहे हैं।

---

## उरीमारी में नये परियोजना पदाधिकारी का हुआ स्वागत



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**उरीमारी :** सीसीएल की उरीमारी परियोजना में नव पदस्थापित परियोजना पदाधिकारी अनिल कुमार सिंह का स्वागत सोमवार को राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन और विस्थापित संघर्ष मोर्चा ने किया। यूनियन के क्षेत्रीय सचिव राजू यादव के नेतृत्व में प्रतिनिधियों ने बुके देकर उनका स्वागत किया। इसके साथ ही परियोजना पदाधिकारी अनिल कुमार सिंह को उरीमारी में रैयतों के जमीन के बदले नौकरी, मुआवजा और रोड सेल में पर्याप्त कोयला नहीं मिलने,कर्मियों के लंबित इन्क्वारी सहित कई समस्याओं से अवगत करवाया। जिसपर परियोजना पदाधिकारी के द्वारा आश्वस्त किया गया कि औद्योगिक शांति के लिए संगठन द्वारा श्रमिक एवं विस्थापितों के हित को लेकर सुझाए जाने वाले कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा किया जाएगा। इस दौरान प्रबंधन के तरफ से खान प्रबंधक कमर फहीम, कार्मिक प्रबंधक राजीव वर्मा, यूनियन एवं विस्थापितों की ओर से आरसीएमयू के शाखा अध्यक्ष सीताराम किस्कू, विस्थापित संघर्ष मोर्चा के सचिव महादेव बेसरा, मुखिया चरका करमाली, पंचायत समिति सदस्य गीता देवी, जीआर भगत, कानू मरांडी, त्रिपक्षीय सुरक्षा समिति सदस्य गणेश राम, बिश्वनाथ मांझी, दशाराम मांझी, बाल्मीकि यादव, राजकुमार सिंह, संजय यादव, लखन साव, प्रतिमा दास, पार्थो भट्टाचार्य, सिगु मांझी, सुखदेव सोरेन, तालो सोरेन, बिनोद प्रजापति, कुला प्रजापति, चंदू जायसवाल, दीपक यादव, राधेश्याम बैठा, मोहित सिंह, फुलमनी देवी, फूलमती देवी, शांति देवी, तेतरी देवी सहित कई लोग मौजूद थे।

## एक झलक

### शिक्षा विभाग की समीक्षात्मक बैठक आयोजित, गुणवत्ता शिक्षा पर विशेष जोर

**हजारीबाग** : उपायुक्त हेमन्त सती की अध्यक्षता में सोमवार को समाहरणालय सभाकक्ष में शिक्षा विभाग की समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्राथमिक, उत्क्रमित, 10+2 उच्च विद्यालय, कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय, झारखंड आवासीय बालिका विद्यालय, समर्थ विद्यालय, सीएम एक्सीलेंस स्कूल तथा पीएम श्री विद्यालयों की स्थिति की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक के दौरान उपायुक्त ने सभी विद्यालयों में पठन-पाठन की वर्तमान स्थिति, शिक्षकों की उपलब्धता, विभागीय कार्रवाई, सेवा संपुष्टि, स्थानांतरण, पदोन्नति एवं नामांकन से जुड़े विभिन्न बिंदुओं पर गहन समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उपायुक्त ने विशेष रूप से कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों में नामांकन प्रक्रिया को पूर्णतः पारदर्शी एवं पात्रता आधारित बनाने का निर्देश दिया। उन्होंने जिला शिक्षा पदाधिकारी को निर्देशित किया कि प्राप्त सभी आवेदनों की बीईओ, बीआरपी एवं सीआरपी के माध्यम से विधिवत जांच (स्क्रूटनी) कराई जाए। साथ ही प्रखंड विकास पदाधिकारी को पांच आवेदनों का चयन कर भौतिक सत्यापन कर जिला स्तरीय समिति के समक्ष प्रस्तुत करने का निर्देश दिया गया। उपायुक्त ने शिक्षकों की कमी वाले विद्यालयों में सहायक आचार्यों की पदस्थापना सुनिश्चित करने एवं शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार लाने पर बल दिया। उन्होंने 10वीं एवं 12वीं के परीक्षा परिणामों में सुधार हेतु आवश्यक कदम उठाने, शिक्षकों के रेशनलाइजेशन कर उसकी रिपोर्ट प्रस्तुत करने तथा कक्षा 9वीं से 12वीं तक की पढ़ाई पर विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया। इसके अतिरिक्त, कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों में रिक्त पदों पर नियुक्ति के लिए एडीपीओ को वार्डन के साथ समन्वय स्थापित कर उप विकास आयुक्त को रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया गया। सेवा सत्यापन एवं समय पर लेखा सत्यापन सुनिश्चित करने हेतु संबंधित स्थापना लिपिक, प्रधान लिपिक एवं जिला शिक्षा पदाधिकारी को भी आवश्यक निर्देश दिए गए। बैठक में शिक्षा विभाग से संबंधित न्यायालयीन मामलों की समीक्षा भी की गई। उपायुक्त ने संबंधित पदाधिकारियों को स्थानांतरण एवं कक्षा 1 से 5 तक के एकल शिक्षक से जुड़े कार्यों के निष्पादन हेतु सभी बीपीओ को निर्देशित करने को कहा। अंत में उपायुक्त ने सभी पदाधिकारियों को विद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित करने, स्वच्छ एवं सुव्यवस्थित विद्यालय परिसर बनाए रखने तथा अनुमंडल पदाधिकारी को सभी कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों का निरीक्षण करने का निर्देश दिया। बैठक में उपायुक्त हेमन्त सती के अलावे उपविकास आयुक्त रिया सिंह, सदर अनुमंडल पदाधिकारी आदित्य पांडेय, जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला शिक्षा अधीक्षक, बीईओ, बीपीओ, वार्डन सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित रहे।

### तेज रफ्तार बाइक ने व्यक्ति को मारी टक्कर, हालत गम्भीर

**दारू** : दारू थाना क्षेत्र अंतर्गत पिपचो में पेट्रोल पंप के पास सोमवार को एक तेज रफ्तार बाइक ने एक व्यक्ति को पीछे से टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल की पहचान पिपचो निवासी महेंद्र राणा (50 वर्ष) के रूप में हुई है। मिली जानकारी के अनुसार महेंद्र राणा अपने घर से दारू थाना की ओर जा रहे थे। इसी दौरान गिरिडीह जिला के बेंगाबाद निवासी दो लोग बाइक से हजारीबाग की ओर जा रहे थे। इसी क्रम में बाइक ने महेंद्र राणा को पीछे से जोरदार धक्का मार दिया। महेंद्र राणा सड़क पर गिर पड़े, जिससे उनके माथे में गंभीर चोट आई। घटना के बाद आसपास के लोगों की भीड़ जुट गई और इसकी सूचना तुरंत दारू थाना को दी गई।सूचना मिलते ही थाना प्रभारी मृत्यंजय कुमार सिंह मौके पर पहुंचे और घायल को तत्काल इलाज के लिए हजारीबाग भेजवाया। वहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए रिम्स रेफर कर दिया।

### सार्वजनिक तालाब को अतिक्रमण मुक्त करने की मांग एसडीओ को सौंपा ज्ञापन

**धनबाद/बरवाअड्डा** : गोविंदपुर प्रखंड के दमकारा बरवा पंचायत स्थित लोहर बरवा-टुंडी मार्ग पर हनुमान मंदिर के पास बने सार्वजनिक तालाब को अतिक्रमण मुक्त कराने की मांग को लेकर ग्रामीणों ने अनुमंडल पदाधिकारी को शिकायत सौंपी है। पंचायत मुखिया राम किशुन विश्वकर्मा ने बताया कि हाल ही में लाखों रुपये की लागत से तालाब का सौंदर्यीकरण कराया गया था, लेकिन अब तालाब तक जाने वाले मुख्य मार्ग पर दर्जनों दुकानें लग जाने से अतिक्रमण की स्थिति बन गई है। उन्होंने बताया कि इस संबंध में पहले बरवाअड्डा थाना में शिकायत की गई थी, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। इसके बाद एसडीओ को लिखित आवेदन देकर हस्तक्षेप की मांग की गयी है।

# उपायुक्त ने की पर्यटन व खेल विभाग की समीक्षा

**बैठक**

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**हजारीबाग** : उपायुक्त हेमन्त सती की अध्यक्षता में सोमवार को समाहरणालय सभागार में पर्यटन एवं खेल विभाग की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले में नवसृजित एवं संचालित आवासीय एवं डे-बोर्डिंग प्रशिक्षण केंद्रों की विस्तृत समीक्षा की गई। समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने आवासीय फुटबॉल प्रशिक्षण में राष्ट्रीय एवं राज्य स्तर के खिलाड़ियों की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने प्रशिक्षुओं की संख्या, तीरंदाजी प्रशिक्षण की गुणवत्ता, हॉकी (बालक एवं बालिका) डे-बोर्डिंग की स्थिति, खेलो इंडिया योजना, आवासीय बालिका एथलेटिक्स प्रशिक्षण एवं बैडमिंटन खेल के विकास की प्रगति की समीक्षा करते हुए आवश्यक सुधार हेतु सुझाव मांगे।

उपायुक्त ने सभी खेल मैदानों में बेहतर बुनियादी सुविधाएं जैसे शौचालय, प्रकाश व्यवस्था आदि सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। साथ ही उन्होंने स्विमिंग, टेबल टेनिस, ताइक्वांडो एवं वॉलीबॉल जैसे खेलों के विकास हेतु प्रस्ताव उपलब्ध कराने का निर्देश दिया, ताकि इन खेलों को भी जिले में प्रोत्साहित किया जा सके। बैठक में बहुउद्देशीय खेल केंद्र (मल्टीपरपज इंडोर स्पोर्ट्स सेंटर) के निर्माण का प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किया गया, जिसमें विभिन्न प्रकार के इंडोर खेलों की सुविधा उपलब्ध होगी। उपायुक्त ने जिला खेल पदाधिकारी को इस आशय का प्रस्ताव खेल, पर्यटन, कला-संस्कृति विभाग को भेजने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने डे-बोर्डिंग केंद्रों का पुनः भ्रमण कर उनकी आवश्यकताओं का आकलन करने को कहा। साथ ही हॉकी टर्फ निर्माण के प्रस्ताव पर संबंधित स्थल का निरीक्षण कर निर्णय लेने की बात कही। पर्यटन विभाग की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने जिले के पर्यटक स्थलों



को आकर्षक एवं सुलभ बनाने पर विशेष जोर दिया। उन्होंने निर्देश दिया कि पर्यटकों के लिए छायादार स्थान, पेयजल, स्वच्छता आदि मूलभूत सुविधाएं अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराई जाएं। बरकट्ठा क्षेत्र के प्रसिद्ध सूरजकुंड के रख-रखाव की जिम्मेदारी जिला परिषद को सौंपने का निर्देश दिया गया। वहीं, हजारीबाग झील परिसर स्थित एम्फी थियेटर के संचालन की जिम्मेदारी भी जिला परिषद को देने का निर्देश दिया गया। उपायुक्त ने हजारीबाग झील, जगन्नाथ धाम (सिलवार) एवं चम्पेश्वरी मंदिर (इचाक) जैसे प्रमुख स्थलों को पर्यटन के रूप में विकसित करने हेतु पर्यटन विभाग को तैयार प्राक्कलन भेजने का निर्देश दिया।

इसके अतिरिक्त, झील में संचालित फ्लोटिंग रेस्टोरेंट के अधिष्ठापन हेतु निर्णय लेते हुए उसकी निविदा प्रक्रिया का प्रारूप तैयार करने का निर्देश दिया गया। साथ ही बरकट्ठा प्रखंड स्थित सूरजकुंड के 2 किलोमीटर क्षेत्र को ह्लनो बोरिंग जोनह्व घोषित करने का भी आदेश दिया गया,साथ ही उक्त क्षेत्र में पानी की सप्लाई हेतु चेक डैम निर्माण का निर्णय लिया गया।

बैठक में संबंधित विभागों के पदाधिकारी उपस्थित थे।

## जिले में खेल सुविधाओं के विस्तार एवं खिलाड़ियों को बेहतर संसाधन उपलब्ध कराने पर हुई विस्तृत चर्चा

**हजारीबाग** : जिले में खेल प्रतिभाओं को बेहतर अवसर और आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में हजारीबाग ओलंपिक संघ लगातार सक्रिय भूमिका निभा रहा है। इसी क्रम में सोमवार को हजारीबाग ओलंपिक संघ के प्रतिनिधिमंडल ने उपायुक्त हेमंत सती से उनके कार्यालय कक्ष में शिष्टाचार मुलाकात कर जिले में खेलों के विकास तथा खेल परिसरों की स्थिति को लेकर विस्तारपूर्वक चर्चा की प्रतिनिधिमंडल में संघ के अध्यक्ष हर्ष अजमेरा, सचिव सीके दास, उपाध्यक्ष भैया मुरारी सिन्हा सहित संघ से जुड़े कई पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे। बैठक के दौरान जिले में खेल गतिविधियों को और अधिक प्रभावी बनाने, खिलाड़ियों को बेहतर प्रशिक्षण एवं संसाधन उपलब्ध कराने तथा खेल आधारभूत संरचनाओं को मजबूत करने को लेकर कई महत्वपूर्ण विषयों पर विचार-विमर्श किया गया। मुलाकात के दौरान तैराकी तालाब, टेबल टेनिस हॉल, एथलेटिक्स ट्रैक, बास्केटबॉल कोर्ट सहित अन्य खेल संसाधनों की वर्तमान स्थिति एवं उनके रखरखाव पर विशेष चर्चा हुई प्रतिनिधिमंडल ने उपायुक्त को अवगत कराया कि हजारीबाग जिले के बच्चे शिक्षा के साथ-साथ खेल के क्षेत्र में भी लगातार बेहतर प्रदर्शन कर रहे हैं। कई खिलाड़ी जिला



एवं राज्य स्तर पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर चुके हैं, लेकिन पर्याप्त सुविधाओं और संसाधनों के अभाव में खिलाड़ियों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। संघ के अध्यक्ष हर्ष अजमेरा ने कहा कि जिले में प्रतिभाशाली खिलाड़ियों की कोई कमी नहीं है। यदि खिलाड़ियों को आधुनिक सुविधाएं, नियमित प्रशिक्षण और बेहतर खेल वातावरण उपलब्ध कराया जाए तो हजारीबाग के खिलाड़ी राष्ट्रीय स्तर पर जिले का नाम रोशन कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि हजारीबाग ओलंपिक संघ का उद्देश्य जिले में खेल संस्कृति को मजबूत करना तथा युवाओं को खेल के प्रति प्रोत्साहित करना है। उन्होंने यह भी कहा कि वर्तमान समय में युवा वर्ग खेलों के प्रति काफी जागरूक हो रहा है और विभिन्न प्रतियोगिताओं में बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रहा है।

# मैट्रिक और इंटर परीक्षा में विद्यालय टॉपर रहे प्रतिभागी छात्र-छात्राओं को किया गया सम्मानित

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**चरही** : चुरचू प्रखंड क्षेत्र के उत्क्रमित उच्च विद्यालय जरवा मे सत्येंद्र एंड ग्रुप ने मैट्रिक और इंटर परीक्षा 2026 में विद्यालय टॉपर रहे प्रतिभागी छात्र, छात्राओं बुद्धजीवी समाजसेवी को विद्यालय परिसर मे सम्मानित किया। सोमवार को सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। मंच संचालन रामचंद्र रवि ने किया विद्यालय मे सत्येंद्र ऐड ग्रुप के नेतृत्व में सम्मान समारोह आयोजित की गई। मुख्य अतिथि के रूप में चुरचू प्रखंड प्रमुख निरंजन प्रसाद नायक,जरवा पूर्व मुखिया रामदुलार साव, समाजसेवी बंसी ठाकुर, महेंद्र कुमार मोदी ने संयुक्त रूप से मैट्रिक में टॉपर रहे छात्रा रिंकी कुमारी 93.8, प्रथम स्थान,



सृजन राज 91.5 द्वितीय स्थान, शक्ति सिंह 91.2 तृतीय स्थान तथा इंटर में टॉपर रही छात्रा को पठन सामग्री देकर सम्मानित किया गया। समारोह को संबोधित करते हुए प्रमुख निरंजन प्रसाद नायक ने कहा कि सरकार बेटियों को भी समान शिक्षा उपलब्ध कराने को लेकर चलाई जा रही जागरूकता का देन है। वहीं, सत्येंद्र एंड ग्रुप कोषाध्यक्ष किशोर ठाकुर ने भी छात्र छात्राओं को हौसला बढ़ाते हुए कहा कि विद्यालय के साथ ही जिला और राज्य स्तर पर टॉप करे। जिससे माता पिता, गुरुजनों के साथ ही क्षेत्र का नाम रोशन हो। इस मौके पर समेत सत्येंद्र एंड ग्रुप टेकनारायण साव अध्यक्ष,सलेन्द्र साव उपाध्यक्ष, रामचन्द रवि सचिव, दिलीप कु साव सह सचिव, किशोर कु ठाकुर कोषाध्यक्ष, राजेश्वर राम उप कोषाध्यक्ष, जुगल किशोर साव संगठन मंत्री, संजय कुमार संगठन मंत्री, पनश्याम ठाकुर संयोजक, लक्ष्मण कु वर्मा संयोजक, विक्की ठाकुर संरक्षक, रौशन कु कमल संरक्षक, शिव प्रसाद साव मीडिया प्रभारी, कोशलेश किशोर संचालक, रामदुलार राम सह संचालक, अजय शर्मा सक्रिय सदस्य, वरूण कुमार सक्रिय सदस्य, महावीर साव सक्रिय सदस्य, रविन्द कुमार सक्रिय सदस्य, उपेन्द कुमार सक्रिय सदस्य, सुधीर कुमार सक्रिय सदस्य उत्क्रमित उच्च विद्यालय के प्रधानाध्यापक मुकेश कुमार विद्यालय अन्य शिक्षक, शिक्षिकाएं व छात्र-छात्राएं शामिल थे।

# सीबीएसई दसवीं परीक्षा में विद्यालय के टॉपर भैया-बहनों को किया गया पुरस्कृत

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**हजारीबाग** : सीबीएसई बोर्ड द्वारा आयोजित AISSCE 2026 में सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, कुम्हारटोली, हजारीबाग के कक्षा 10 वीं के टॉपर भैया -बहनों को आज विद्यालय में प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित कर समिति के अध्यक्ष डॉ प्रदीप कुमार सिंह, सचिव डॉ जयप्रकाश आनंद, कोषाध्यक्ष रमेश कुमार सिंह एवं विद्यालय के प्राचार्य शर्मेंद्र कुमार साहू, के द्वारा उपहार प्रदान कर पुरस्कृत एवं सम्मानित किया गया। मौके पर बच्चों के माता पिता/अभिभावकों को साल भेंट कर सम्मानित किया गया। मालूम हो कि सीबीएसई कक्षा दसवीं 2026 की परीक्षा में विद्यालय के जो भैया बहन 85% से ऊपर



अंक लाए उन्हें पुरस्कृत एवं सम्मानित किया गया। विद्यालय के टॉपर भैया-बहन स्मित राज 96%, प्रज्ञा प्रभा 95.8%, सृष्टि कुमारी 95.6%, पुष्पा कुमारी 93.6% रूपेश राणा 93%, आरती कुमारी 92.6%, अर्षिता अंकन 92.2 %, आयुषी कुमारी 91.2%, दिव्या कुमारी 90.2%, प्रिंस कुमार 90.2%, अंश कुमार 90%एवं अन्य 85% से ऊपर लाने वाले कुल 25 भैया- बहनों को पुरस्कार एवं सम्मानित किया गया। प्रतिभा सम्मान समारोह में भैया -बहनों को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए विद्यालय के अध्यक्ष डॉ प्रदीप कुमार सिंह ने कहा आप सभी जीवन के हर क्षेत्र में इसी प्रकार सफलता प्राप्त करें। आगे भी आपका इसी प्रकार बेहतर रिजल्ट होगा। ऐसी मेरी शुभकामना हैं। उन्होंने भैया- बहनों को बौद्धिक विकास, प्रतिस्पर्धा, चुनौतियां, परिश्रम का महत्व एवं करियर के चुनाव में सावधानी विषय पर विस्तार से मार्गदर्शन किया। उन्होंने कहा- आज हर क्षेत्र में संभावना है आप सभी सतत रूप से प्रयास करते रहें आपके लक्ष्य की प्राप्ति अवश्य होगी। सचिव डॉ जयप्रकाश आनंद ने कहा विद्यालय के लिए यह गौरव का क्षण है।

## साइबर जागरूकता अभियान को मिली सराहना

फ्रीडम फाइटर संवाददाता



**हजारीबाग** : हजारीबाग डेमोटांड़ स्थित ऋषभ वाटिका में अनमास्कड साइबर सिक्योरिटी प्राइवेट लिमिटेड के सौरभ विश्वकर्मा और शम्पा बाला ने जयंत सिन्हा भारत सरकार के पूर्व नागरिक उड्डयन राज्य मंत्री सह हजारीबाग के पूर्व सांसद से शिष्टाचार मुलाकात की। मुलाकात के दौरान संस्था द्वारा चलाए जा रहे साइबर सुरक्षा जागरूकता अभियान, बढ़ते साइबर अपराध, डिजिटल सुरक्षा एवं ऑनलाइन ठगी से बचाव को लेकर विस्तारपूर्वक चर्चा हुई। मुलाकात में संस्था की ओर से बताया गया कि वर्तमान समय में साइबर अपराध लगातार बढ़ते जा रहे हैं। फर्जी कॉल, लिंक भेजकर ठगी, बैंकिंग फ्रॉड, सोशल मीडिया हैकिंग एवं डिजिटल माध्यमों से धोखाधड़ी के मामलों में लगातार वृद्धि हो रही है। ऐसे में लोगों को जागरूक करना एवं साइबर सुरक्षा के प्रति सतर्क बनाना बेहद आवश्यक हो गया है। संस्था द्वारा स्कूल, कॉलेज, सामाजिक संगठनों एवं ग्रामीण क्षेत्रों में जागरूकता अभियान चलाकर लोगों को साइबर अपराध से बचाव की जानकारी दी जा रही है। इस दौरान जयंत सिन्हा ने संस्था के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि आज के डिजिटल युग में साइबर सुरक्षा एक बड़ी चुनौती बनकर उभरी है। तकनीक के बढ़ते उपयोग के साथ साइबर अपराधियों की सक्रियता भी बढ़ रही है, इसलिए प्रत्येक व्यक्ति को डिजिटल प्लेटफॉर्म का उपयोग करते समय सतर्क रहने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि जागरूकता ही साइबर अपराध से बचाव का सबसे प्रभावी माध्यम है और समाज के हर वर्ग तक इसकी जानकारी पहुंचनी चाहिए।

## कटकमसांडी प्रखंड में जनगणना 2027 की तैयारी तेज

# पर्यवेक्षकों व प्रगणकों को सौंपा गया नियुक्ति पत्र

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**कटकमसांडी** : हजारीबाग जिले के कटकमसांडी प्रखंड सभागार में सोमवार को जनगणना 2027 को लेकर एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान प्रखंड विकास पदाधिकारी पूजा कुमारी द्वारा जनगणना कार्य में नियुक्त पर्यवेक्षकों एवं प्रगणकों के बीच नियुक्ति पत्र का वितरण किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मियों को संबोधित करते हुए बीडीओ पूजा कुमारी ने कहा कि जनगणना देश की सबसे महत्वपूर्ण प्रशासनिक प्रक्रियाओं में से एक है, जिसके आधार पर विकास योजनाओं की रूपरेखा तय की जाती है। उन्होंने सभी नियुक्त कर्मियों से निष्पक्षता, पारदर्शिता और जिम्मेदारी के साथ



कार्य करने की अपील की। उन्होंने कहा कि जनगणना 2027 को सफल बनाने में पर्यवेक्षकों एवं प्रगणकों की भूमिका बेहद अहम होगी। इसलिए सभी कर्मी पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ घर-घर जाकर सही जानकारी संग्रहित करें, ताकि सरकार तक वास्तविक आंकड़े पहुंच सकें। कार्यक्रम के दौरान प्रखंड सभागार में उत्साहपूर्ण माहौल देखने को मिला। नियुक्ति पत्र प्राप्त करने वाले कर्मियों ने भी पूरी जिम्मेदारी और समर्पण के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करने का भरोसा दिलाया। कटकमसांडी प्रखंड प्रशासन की इस पहल को जनगणना 2027 की तैयारियों की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

# हजारीबाग में 18 मई को होगा जन वितरण प्रणाली विक्रेताओं का राज्य स्तरीय महासम्मेलन

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**हजारीबाग** : जन वितरण प्रणाली विक्रेता संघ की एक महत्वपूर्ण बैठक सोमवार दिनांक 11 मई 2026 को जिला परिषदन भवन, सर्किट हाउस हजारीबाग के सभा कक्ष में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष नंदु प्रसाद ने की, जबकि संचालन जिला सचिव अरुण राणा ने किया। बैठक में आगामी 18 मई 2026 को हजारीबाग में आयोजित होने वाले राज्य स्तरीय सम्मेलन की तैयारियों पर विस्तृत चर्चा की गई। यह भव्य सम्मेलन स्थानीय मुंद्रिका कुंज में प्रातः 10 बजे से प्रारंभ होगा, जिसमें झारखंड के विभिन्न जिलों से बड़ी संख्या में जन वितरण प्रणाली विक्रेता एवं प्रतिनिधि शामिल होंगे। सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में ऑल इंडिया फेयर प्राइस शॉप डिलर एसोसिएशन के केंद्रीय महासचिव विश्वाभर बसु उपस्थित रहेंगे। वहीं झारखंड प्रदेश अध्यक्ष सुरेश प्रसाद एवं महासचिव संजय कुंडू भी विशेष रूप



से भाग लेंगे। इसके अलावा राज्य के सभी जिलों के जिला अध्यक्ष एवं उनके प्रतिनिधिमंडल सम्मेलन में अपनी उपस्थिति दर्ज कराएंगे। बैठक में निर्णय लिया गया कि हजारीबाग जिले के सभी प्रखंड अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सचिव, कोषाध्यक्ष, सक्रिय सदस्य, सभी डीलर एवं स्वयं सहायता समूह की महिला सदस्य सम्मेलन में भाग लेंगी। साथ ही हजारीबाग सांसद एवं सदर विधायक को भी सम्मेलन में आमंत्रित करने का निर्णय लिया गया। बैठक के दौरान संगठन को मजबूत बनाने, जन वितरण प्रणाली से जुड़े मुद्दों को राज्य स्तर पर प्रभावी ढंग से उठाने तथा डीलरों की समस्याओं के समाधान को लेकर भी गंभीर चर्चा हुई।

# श्रीमद्भागवत कथा में आस्था का उमड़ा सैलाब

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**विष्णुगढ़** : प्रखंड के नवादा स्थित महावीर नगर में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के पावन अवसर पर भक्ति और आस्था का अद्भुत संगम देखने को मिल रहा है। यज्ञशाला में चल रहे भव्य यज्ञ के दौरान श्रद्धालुओं का उत्साह देखते ही बन रहा है। लगातार चल रही परिक्रमाओं के बीच, श्रद्धालुओं की भीड़ में दिन-ब-दिन जबरदस्त इजाफा हो रहा है।

लगातार जारी है परिक्रमा सुबह से लेकर देर रात तक, यज्ञ की पवित्र अग्नि के चारों ओर श्रद्धालुओं की लंबी कतारें लगी हुई हैं। महिला, पुरुष और युवा-सभी मंत्रोच्चारण के साथ यज्ञ की परिक्रमा कर रहे हैं। भक्तों का मानना है कि इस दिव्य यज्ञ की परिक्रमा से जीवन में सुख, शांति और समृद्धि आती है।

बढ़ती भीड़ ने तोड़े पुराने रिकॉर्ड



आस-पास के इलाकों से आने वाले श्रद्धालुओं की संख्या में हर दिन बढ़ोतरी हो रही है, जिससे पंडाल छोटा पड़ता दिखाई दे रहा है। आयोजकों ने बताया कि कथा के प्रति लोगों की आस्था इतनी गहरी है कि वे लंबी कतारों में लगकर भी परिक्रमा करने को आतुर हैं। 24 घंटे लगातार परिक्रमा कर बच्चे ने रचा इतिहास, समिति के कार्यकर्ताओं ने किया सम्मानित।

**अकल्पनीय हौसला** : नवादा के नन्हे मुन्ने बच्चे ने 24 घंटे लगातार परिक्रमा कर अदम्य साहस का परिचय दिया।

**ऐतिहासिक उपलब्धि** : थकने के बावजूद बच्चे ने बिना रुके धार्मिक स्थल की परिक्रमा पूरी कर सबको हैरान कर दिया। इस अद्भुत उपलब्धि के लिए स्थानीय निवासियों और वरिष्ठ नागरिकों ने बच्चे को पुरस्कार से सम्मानित किया।

**प्रेरणास्त्रोत** : बच्चे के इस दृढ़ निश्चय और भक्ति भाव की चहुंओर प्रशंसा हो रही है।

**भक्तिमय हुआ वातावरण :**

श्रीमद्भागवत कथा के संगीतमय भजनों और वेद मंत्रों के उच्चारण से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया है। श्रद्धालु कथावाचिका के मुखारविंद से कथा का श्रवण कर मंत्रमुग्ध हो रहे हैं और परिक्रमा कर पुण्य लाभ अर्जित कर रहे हैं। श्रद्धालुओं की सुरक्षा और व्यवस्था के लिए वालंटियर्स लगातार मुस्तैद हैं।

### मंडा पूजा को लेकर नारायण महतो लगातार दूसरी बार अध्यक्ष चुने गये

**केरेडारी** : झारखंड आंदोलनकारी व समाजसेवी नारायण महतो को लगातार दूसरी बार केरेडारी मंडा पूजा समिति का अध्यक्ष चुना गया है। घोषणा के बाद ग्रामीणों में काफी उत्साह है। इस कार्यक्रम को सफल बनाने को लेकर समिति का गठन किया गया है जिसमें सभी जनप्रतिनिधियों और ग्रामवासियों से तन-मन-धन से सहयोग करने की अपील की है। नवगठित समिति में अध्यक्ष नारायण महतो महासचिव बहादुर राम सचिव मोहन साव, कोषाध्यक्ष महेश पांडे संरक्षक बैजनाथ महतो, अमेरिका महतो, तपेश्वर साहू, सुरेश साव, राजू साव, महेंद्र साव, कलपू साव, महेंद्र महतो, भोला साव वही उपाध्यक्ष के लिए ऋषिकेश राणा, छोटू विश्वकर्मा, सूरज साव, बंधु महतो, प्रदीप साव का नाम शामिल है।

# एनटीपीसी बादम कोल ब्लॉक के विस्थापित प्रभावित क्षेत्र के रैयतों के साथ वार्ता सम्पन्न

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**बड़कागांव** : एनटीपीसी बादम कोल ब्लॉक के एमडीओ बीजीआर के नेतृत्व में एनटीपीसी आइटीआइ कॉलेज के सभागार भवन में सोमवार को एनटीपीसी बादम कोल ब्लॉक के विस्थापित और प्रभावित क्षेत्र के रैय्यतों के साथ बैठक रखी गई जिसमें बादम, गोंदलपुरा, रावतपारा, अंबाजीत और बाबूपारा के रैयत शामिल हुए। बैठक में रैयतों ने गैर मजूरवा जमीन, शिक्षा स्वास्थ्य, बिजली और सड़क की समस्याओं को कंपनी के पदाधिकारीयों के समक्ष रखा बहुत से सवालों का जवाब कंपनी के पदाधिकारी द्वारा गोल मटोल जवाब देने की कोशिश की गई। मौके पर ही रैयतों ने इसका विरोध भी किया। रैयतों ने जिला प्रशासन, एनटीपीसी और एमडीओ के साथ सम्मिलित बैठक की मांग रखी। रैयतों का जो भी मांग पत्र होगा वह जिला प्रशासन को दे दिया जायेगा। एनटीपीसी बादम कॉल ब्लॉक के एजीएम समित देव ने रैयतों को अस्वस्थ कराया की बहुत जल्द जिला प्रशासन एनटीपीसी और एमडीओ के साथ रैयतों की मीटिंग कराई जायेगी। आगे श्री देव ने कहा कि रैयतों के साथ वार्ता सकारात्मक रहा इसी



तरह का माहौल बनाकर हम लोग विस्थापित प्रभावित हर एक गांव और मोहल्ले में जाकर वार्ता करेंगे। बैठक में मुख्य रूप से एनटीपीसी बादम कॉल ब्लॉक के एजीएम माइनिंग एस आर मांझी, डीजीएम प्रणेश कुमार के अलावा एमडीओ बीजीआर कंपनी के जीएम पीपी सत्यनारायण और लाइजनिंग ऑफिसर दिवाकर विश्वकर्मा ग्रामीणों में जोगीन्दर सिंह, अंकीत सिंह, संजय सिंह, नेहाल सगीर, फूलचंद महतो, विनोद राम, विराज महतो, रामानंदन सिंह, नीतीश कुमार,प्रेम कुमार,सैफुल खान, समीम खान, मो. नईम, दिलीप महतो, सैफुद्दीन अंसारी, दुलारे, मंजर खान, अहमदुल्ला, मास्टर छोटे, अजय सिंह, रमजान अली बिरू सिंह, भूदल महतो, सहित अन्य विस्थापित प्रभावित क्षेत्र के रैयत शामिल थे।

# जेबरा क्लब रामनगर हसनदाग में इंटर विलेज नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट सीजन-2 का भव्य शुभारम्भ

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**बरही** : बरही प्रखंड के बेन्दगी पंचायत अंतर्गत जेबरा क्लब रामनगर हसनदाग में आयोजित एक दिवसीय इंटर विलेज नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट सीजन-2 का रविवार रात भव्य शुभारंभ हुआ। टूर्नामेंट का उद्घाटन हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल एवं बरही विधायक मनोज कुमार यादव ने फीता काटकर किया। इस दौरान सांसद और विधायक ने मैदान में बल्लेबाजी कर खिलाड़ियों एवं दर्शकों का उत्साह बढ़ाया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सांसद मनीष जायसवाल ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में इस प्रकार के खेल आयोजनों से युवाओं को अपनी प्रतिभा दिखाने का बेहतर मंच मिलता है। उन्होंने कहा कि खेल केवल मनोरंजन का माध्यम नहीं बल्कि अनुशासन, टीम भावना, ऊर्जा और आपसी भाईचारे को मजबूत



करने का जरिया है। ऐसे आयोजन समाज में सकारात्मक संदेश देने का काम करते हैं। वहीं बरही विधायक मनोज कुमार यादव ने कहा कि ग्रामीण प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने के लिए खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन बेहद जरूरी है। इससे युवाओं में आत्मविश्वास बढ़ता है और वे खेल के क्षेत्र में भी बेहतर भविष्य बना सकते हैं। उन्होंने आयोजन समिति को सफल आयोजन के लिए शुभकामनाएं दीं। फाइनल मैच पारा 11 और कोबरा 203 वाहिनी के बीच खेला गया। पहले बल्लेबाजी करते हुए कोबरा वाहिनी 203 ने आठ ओवर में 103 रन बनाए। टीम की ओर से भूषण कुमार ने विस्फोटक बल्लेबाजी करते हुए 60 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी पारा 11 की टीम 68 रन पर सिमट गई। इस तरह कोबरा 203 वाहिनी ने 35 रन से शानदार जीत दर्ज कर टूर्नामेंट का खिताब अपने नाम किया। विजेता टीम कोबरा वाहिनी 203 के कप्तान दीपक कुमार को विजेता शील्ड प्रदान की गई, जबकि रनर ट्रॉफी पारा 11 के कप्तान योगेंद्र राणा को दी गई। कार्यक्रम में विधायक प्रतिनिधि रमेश ठाकुर, जिला परिषद सदस्य प्रीति कुमारी, जिप प्रतिनिधि गुरुदेव गुप्ता, सांसद प्रतिनिधि भगवान केशरी, मोतीलाल चौधरी, भाजपा मंडल अध्यक्ष सह मुखिया संघ अध्यक्ष विजय यादव, मंडल अध्यक्ष नागेश्वर रजक, भाजपा युवा नेता आकाश जायसवाल, शिक्षक संजय दुबे, उपमुखिया मनोज उपाध्याय, श्रीदस इंटरनेशनल स्कूल के प्राचार्य रोहित सिंह, समाज के अध्यक्ष डॉ. रामटहल साव, सचिव कपिल साव, उपसचिव दशरथ यादव, उपमुखिया अशोक राणा, पंसस प्रतिनिधि झमन यादव, कोषाध्यक्ष खेमाली साव, राजेंद्र साव, बाल्मीकि साव, महेश राणा, गणेश राणा, राजदेव यादव, कार्तिक यादव, महावीर राणा, विष्णु साव, महेंद्र पासवान, खगेश्वर राणा समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## मैचों में खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए दर्शकों का किया भरपूर मनोरंजन

**हजारीबाग** : हजारीबाग प्रेस क्लब में आयोजित टीपी शाद्वल मेमोरियल कैरम टूर्नामेंट के तहत सोमवार को प्री क्वार्टर फाइनल एवं क्वार्टर फाइनल मुकाबले खेले गए। टूर्नामेंट के रोमांचक मैचों में खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया। प्री क्वार्टर फाइनल मुकाबलों में प्रदीप सिन्हा बनाम सितेश तिवारी, सुमन सिन्हा बनाम अपराजिता पांडे, प्रदीप पाठक बनाम अर्जुन टुडू, रूपांशु बनाम फैज अनवर, कलाम खान बनाम रवि सिंह, अनुज सिन्हा बनाम कुणाल सिंह, एजाज आलम बनाम रवि शर्मा तथा सुशांत सोनी बनाम विवेक सिंह के बीच मुकाबले खेले गए। प्री क्वार्टर फाइनल में विजयी खिलाड़ियों के बीच क्वार्टर फाइनल मुकाबले कुणाल सिंह बनाम प्रदीप सिन्हा,



सुमन सिन्हा बनाम रवि सिंह, प्रदीप पाठक बनाम विवेक सिंह तथा फैज अनवर बनाम एजाज आलम के बीच खेला जाना तय हुए। टूर्नामेंट के सेमीफाइनल के लिए एजाज आलम और रवि सिंह ने अपना स्थान सुनिश्चित कर लिया है। वहीं समाचार लिखे जाने तक दो अन्य क्वार्टर फाइनल मुकाबले खेले जा रहे थे। शेष दो सेमीफाइनलिस्ट खिलाड़ियों के नाम परिणाम घोषित होने के बाद तय किए जाएंगे। आयोजक ने बताया कि टूर्नामेंट का सेमीफाइनल एवं फाइनल मुकाबला मंगलवार को आयोजित किया जाएगा, जिसमें विजेता खिलाड़ियों के बीच खिताब के लिए कड़ा मुकाबला देखने को मिलेगा।

## एक झलक

### कतरास कॉलेज में शिक्षक से मारपीट, कार्रवाई की मांग तेज

बाघमारा (धनबाद): कतरास कॉलेज में आंतरिक परीक्षा के दौरान इतिहास विभाग के शिक्षक धनंजय पाठक के साथ कथित मारपीट और धमकी की घटना के बाद कॉलेज परिसर में तनाव का माहौल है। मामले को लेकर कतरास थाना में लिखित शिकायत दर्ज कराई गई है। शिक्षक धनंजय पाठक ने पुलिस को दिए आवेदन में बताया कि 9 मई को परीक्षा के दौरान वे विद्यार्थियों से असाइनमेंट और अन्य दस्तावेज जमा कर रहे थे। इसी दौरान मोहम्मद शाहबाज, तारीक अनवर, साहिल खान समेत करीब 20 लोग वहां पहुंचे और अभद्र व्यवहार करने लगे। आरोप है कि सभी ने गाली-गलौज करते हुए धक्का-मुक्की की तथा जान से मारने की धमकी दी। घटना के बाद परीक्षा दे रहे छात्र-छात्राओं और कर्मचारियों में अफरा-तफरी मच गई। शिक्षक ने आवेदन में आशंका जताई है कि संबंधित लोग भविष्य में किसी बड़ी घटना को अंजाम दे सकते हैं। उन्होंने पुलिस प्रशासन से सुरक्षा और दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की है। इधर, अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) के प्रादेशिक विश्वविद्यालय सहसंयोजक शुभम हजारी ने आरोप लगाया कि घटना में शामिल युवक एनएसयूआई से जुड़े हैं और कॉलेज का माहौल खराब कर रहे हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि दोषियों पर कार्रवाई नहीं होने पर विद्यार्थी परिषद चरणबद्ध आंदोलन करेगी। वहीं, कतरास थाना प्रभारी प्रवीण कुमार ने बताया कि शिकायत प्राप्त हुई है। मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जायेगी।

### सिन्दरी के सेवानिवृत्त एसीसी अधिकारी अरुण कुमार पाण्डेय का निधन

सिन्दरी (धनबाद): अदानी एसीसी सिंदरी सीमेंट वर्क्स के सेवानिवृत्त उप प्रबंधक 70 वर्षीय अरुण कुमार पाण्डेय का निधन हो गया। वे लंबे समय से असाध्य रोग से पीड़ित थे और उनका इलाज छत्तीसगढ़ के भाटापाड़ा में चल रहा था। परिजनों के अनुसार, अरुण पाण्डेय अपनी छोटी पुत्री ज्योत्सना पाण्डेय के पास रहकर उपचार करा रहे थे। ज्योत्सना पाण्डेय अदानी एसीसी भाटापाड़ा कंपनी में एचआर पद पर कार्यरत हैं। शनिवार की रात इलाज के दौरान भाटापाड़ा में ही उनका निधन हो गया। उनके भतीजे एवं अदानी एसीसी के पूर्व कर्मी अजय पाण्डेय ने बताया कि अरुण पाण्डेय अपने सरल स्वभाव और कर्मठता के लिए जाने जाते थे। उनके निधन की खबर मिलते ही सिंदरी क्षेत्र तथा एसीसी परिवार में शोक की लहर दौड़ गई। उनके पूर्व सहकर्मियों एवं शुभचिंतकों ने गहरा दु:ख व्यक्त करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की। सोमवार को सिंदरी स्थित दामोदर नदी श्मशान घाट पर उनका अंतिम संस्कार किया गया। मुखाग्नि उनके पुत्र राज पाण्डेय ने दी। वे अपने पीछे पत्नी सविता पाण्डेय, पुत्री अनुप्रिया पाण्डेय, ज्योत्सना पाण्डेय तथा पुत्र राज पाण्डेय सहित भरा-पूरा परिवार छोड़ गये हैं।

### बीमारी से मुन्ना सिंह की मौत, प्रशासन ने कराया अंतिम संस्कार

सिन्दरी (धनबाद) : एफसीआई सिंदरी के सेवानिवृत्त एवं दिवंगत ऑडिटर डी.एन. सिंह के 55 वर्षीय पुत्र मुन्ना सिंह का निधन शहरपुरा टीओपी बाजार क्षेत्र में हो गया। बताया जाता है कि वह लंबे समय से बीमार चल रहा था और उचित इलाज व देखभाल के अभाव में उसकी स्थिति लगातार बिगड़ती चली गई। जानकारी के अनुसार मुन्ना सिंह पिछले कई महीनों से शहरपुरा बाजार इलाके में ही रह रहा था। परिवार और सहारे के अभाव में वह लोगों की मदद और रहमोकरम पर जीवन गुजार रहा था। स्थानीय लोगों के अनुसार उसकी हालत काफी खराब थी, लेकिन नियमित इलाज नहीं मिलने से अंतत: उसकी मौत हो गई। घटना की सूचना मिलने पर वार्ड संख्या 55 के पार्षद साहेबराम हेंब्रम ने पहल करते हुए सिंदरी थाना प्रभारी से संपर्क किया। प्रशासन के सहयोग से रांगामाटी जोड़िया स्थित श्मशान घाट में जेसीबी मशीन से गड्ढा खुदवाकर शव का अंतिम संस्कार कराया गया।

## जेआरडीए और टाटा स्टील फाउंडेशन के बीच एमओयू, युवाओं के लिए खुलेंगे रोजगार और प्रशिक्षण के नये अवसर

# बेलगड़िया में कौशल विकास व खेल प्रतिभाओं को मिलेगा बढ़ावा

एमओयू



फ्रीडम फाइटर संवाददाता

धनबाद : झरिया पुनर्वास एवं विकास प्राधिकरण (जेआरडीए) और टाटा स्टील फाउंडेशन (टीएसएफ) के बीच सोमवार को बेलगड़िया क्षेत्र के विकास को लेकर एक महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए। इस साझेदारी का उद्देश्य बेलगड़िया में कौशल विकास, आजीविका के अवसर और जमीनी स्तर के खेलों को मजबूत करना है। एमओयू पर जेआरडीए के उप मुख्य कार्यकारी अधिकारी सह उपायुक्त आदित्य रंजन और टाटा स्टील फाउंडेशन के मुख्य कार्यकारी अधिकारी सौरव रॉय ने हस्ताक्षर किया। उपायुक्त आदित्य रंजन ने बताया कि यह समझौता झरिया कोलफील्ड क्षेत्र में पुनर्वास और पुनर्स्थापन योजनाओं को नई मजबूती देगा। इसके तहत बेलगड़िया क्षेत्र में युवाओं को रोजगारपरक प्रशिक्षण उपलब्ध कराया जाएगा तथा खेल प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने के लिए आवश्यक संसाधन और तकनीकी सहयोग दिया जायेगा। उन्होंने कहा कि योजना में बेलगड़िया के साथ-साथ पलानी पंचायत के युवाओं को भी प्राथमिकता दी जायेगी। उन्होंने बताया कि जमीनी स्तर पर कार्यक्रमों के संचालन की जिम्मेदारी जेआरडीए निभायेगा, जबकि टाटा स्टील फाउंडेशन तकनीकी विशेषज्ञता और क्षमता निर्माण में सहयोग करेगा। यह पहल झरिया मास्टर प्लान के तहत चल रहे पुनर्वास कार्यों के अनुरूप सामुदायिक विकास को गति देने का काम करेगी। टाटा स्टील फाउंडेशन के सीईओ सौरव रॉय ने कहा कि बेलगड़िया में पुनर्वास और सामुदायिक विकास की दिशा में जेआरडीए द्वारा किए जा रहे प्रयास सराहनीय हैं। उन्होंने कहा कि शुरूआती स्तर पर शुरू हो रहा यह सहयोग आने वाले समय में युवाओं के लिए बड़े अवसर पैदा करेगा और स्थानीय समुदाय को आत्मनिर्भर बनाने में मदद करेगा। कार्यक्रम में उप विकास आयुक्त सन्नी राज, निदेशक डीआरडीबी राजीव रंजन, टीएसएफ के सीओओ देवदूत मोहंती, टीम लीडर स्किल डेवलपमेंट यशवंत कुमार सिंह, टीम लीडर स्पोर्ट्स चंद्रेया मुजुमदार, टीम लीडर पार्टनरशिप प्रियंका शर्मा, जेआरडीए सलाहकार जीतेन्दर मल्लिक, एचओडी स्किल एंड लाइवलीहुड रंजन कुमार, राजन कुमार सहित कई अधिकारी मौजूद थे।

उल्लेखनीय है कि टाटा स्टील फाउंडेशन वर्ष 2016 से देश के विभिन्न राज्यों में शिक्षा, स्वास्थ्य, आजीविका, जनजातीय विकास और सामुदायिक सशक्तिकरण के क्षेत्र में कार्य कर रहा है। फाउंडेशन का उद्देश्य समाज के वंचित वर्गों को विकास की मुख्यधारा से जोड़ना है।

## केन्द्रीय कोयला राज्य मंत्री के प्रस्तावित धनबाद दौरे को लेकर उपायुक्त ने की समन्वय बैठक



फ्रीडम फाइटर संवाददाता

धनबाद : केंद्रीय कोयला राज्य मंत्री सतीश चंद्र दुबे के प्रस्तावित धनबाद दौरे को लेकर सोमवार को उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी आदित्य रंजन ने समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में बीसीसीएल एवं जेआरडीए के अधिकारियों के साथ समन्वय बैठक की। बैठक में मंत्री के दौरे की रूपरेखा, कार्यक्रम स्थलों तथा विभिन्न विकास योजनाओं की तैयारियों की समीक्षा की गई। बैठक के दौरान विशेष रूप से बेलगड़िया क्षेत्र के प्रस्तावित दौरे को लेकर चर्चा हुई। अधिकारियों को निर्देश दिया गया कि मंत्री के हाथों जनकल्याणकारी विकास योजनाओं के शिलान्यास, उद्घाटन एवं परिसंपत्ति वितरण कार्यक्रम को सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराया जाए। इसके अलावा कार्यक्रम स्थल पर आधारभूत सुविधाएं, सुरक्षा व्यवस्था, पेयजल, साफ-सफाई तथा आम लोगों की सुविधा सुनिश्चित करने पर भी जोर दिया गया। उपायुक्त ने संबंधित विभागों एवं एजेंसियों को आपसी समन्वय के साथ सभी तैयारियां समय पर पूर्ण करने का निर्देश दिया। बैठक में कोयला मंत्रालय के परियोजना सलाहकार आलोक कुमार सिंह, बीसीसीएल के तकनीकी निदेशक संजय कुमार सिंह, डीआरडीबी निदेशक राजीव रंजन, जेएमपी के महाप्रबंधक राजीव चोपड़ा समेत बीसीसीएल और जेआरडीए के कई अधिकारी उपस्थित थे। केंद्रीय मंत्री के प्रस्तावित दौरे को लेकर प्रशासनिक महकमे में तैयारियां तेज कर दी गई हैं। माना जा रहा है कि इस दौरे के दौरान बेलगड़िया क्षेत्र को कई विकास योजनाओं की सौगात मिल सकती है।

# पंचायतों में 15वें वित्त आयोग मद से बनेंगे नये बोरिंग




फ्रीडम फाइटर संवाददाता

धनबाद : आगामी गर्मी के मौसम में संभावित पेयजल संकट से निपटने को लेकर जिला प्रशासन सक्रिय हो गया है। उप विकास आयुक्त सन्नी राज ने सोमवार को पीएचईडी-1 एवं पीएचईडी-2 की जलापूर्ति योजनाओं की समीक्षा करते हुए कई महत्वपूर्ण निर्देश जारी किए। बैठक में उन्होंने पंचायत स्तर पर पेयजल समस्या के समाधान के लिए डीपीएम पंचायत को 15वें वित्त आयोग मद से नए बोरिंग कराने का निर्देश दिया। साथ ही पीएचईडी विभाग को जिले में आवश्यक डीप बोरिंग की सूची शीघ्र उपलब्ध कराने को कहा।

उप विकास आयुक्त ने निर्माणाधीन एवं मरम्मत किये जा रहे जलमीनारों की नियमित समीक्षा सुनिश्चित करने का निर्देश भी दिया, ताकि गर्मी के दौरान लोगों को निर्बाध पेयजल उपलब्ध कराया जा सके। उन्होंने आमजनों से अपील करते हुए कहा कि जहां भी पानी की समस्या उत्पन्न हो या चापानल खराब हो, वहां लोग जलसेवा पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराएं। शिकायतों का त्वरित समाधान किया जायेगा। बैठक में पीएचईडी-1 के कार्यपालक अभियंता रंजीत कुमार ठाकुर, पीएचईडी-2 के कार्यपालक अभियंता मुकेश कुमार मंडल, डीपीएम मो तौहिद आलम तथा डीएमएफटी पीएमयू से भावना कुमारी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## ग्रामीण क्षेत्र में डालसा ने नुक्कड़ नाटक से फैलायी कानूनी जागरूकता

धनबाद : जिला विधिक सेवा प्राधिकार (डालसा) द्वारा चलाए जा रहे 90 दिवसीय आउटरीच एवं जागरूकता कार्यक्रम के तहत ग्रामीण क्षेत्र में नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीणों को उनके अधिकारों, सरकारी योजनाओं तथा निःशुल्क कानूनी सहायता की जानकारी देना था। इस संबंध में जानकारी देते हुए प्राधिकार के सचिव सह अवर न्यायाधीश मयंक तुषार टोपनो ने बताया कि समाज के अंतिम व्यक्ति तक कानूनी जागरूकता पहुंचाने के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है। कार्यक्रम में आर्टिस्ट एसोसिएशन के कलाकारों एवं पारा लीगल वोलेंटियर एजाज अहमद, संतोष सिंह, आनंद चक्रवर्ती तथा शिवरानी सिन्हा ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों को जागरूक किया। नाटक के जरिए साइबर अपराध, बाल विवाह, घरेलू हिंसा, नशा मुक्ति, महिला अधिकार और निःशुल्क विधिक सहायता जैसे महत्वपूर्ण विषयों को सरल एवं प्रभावशाली तरीके से प्रस्तुत किया गया। कलाकारों ने सामाजिक बुराइयों से बचने और कानून की जानकारी रखने का संदेश दिया।

## केशलपुर में अवैध खनन के खिलाफ महिलाओं का हल्लाबोल

# जमीन धंसने और बड़े हादसे की आशंका से ग्रामीणों में दहशत



फ्रीडम फाइटर संवाददाता

बाघमारा : धनबाद जिले के बाघमारा पुलिस अनुमंडल अंतर्गत रामकनाली ओपी क्षेत्र के बीसीसीएल एरिया-4 स्थित केशलपुर कोलियरी इलाके में चल रहे कथित अवैध कोयला खनन के खिलाफ सोमवार को ग्रामीणों का आक्रोश फूट पड़ा। झिंझीपहाड़ी पंचायत की मुखिया प्रेमलता देवी के नेतृत्व में सैकड़ों ग्रामीण महिलाएं अवैध खनन स्थल पर पहुंचीं और जोरदार प्रदर्शन करते हुए तत्काल खनन कार्य बंद कराने की मांग की। प्रदर्शन के दौरान महिलाओं ने कोयला माफियाओं और प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी भी की। ग्रामीणों का आरोप है कि केशलपुर आंगनबाड़ी क्षेत्र, बीसीसीएल अस्पताल के पीछे तथा आसपास के कई इलाकों में लंबे समय से अवैध उत्खनन का खेल चल रहा है। लगातार हो रही अवैध खुदाई के कारण जमीन के भीतर खोखलापन बढ़ता जा रहा है, जिससे कई स्थानों पर दरारें पड़ने लगी हैं। लोगों का कहना है कि यदि समय रहते इस पर रोक नहीं लगी तो इलाके में बड़ा हादसा हो सकता है। मुखिया प्रेमलता देवी ने कहा कि अवैध खनन के कारण ग्रामीण भय और असुरक्षा के माहौल में जीने को मजबूर हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि स्थानीय प्रशासन और बीसीसीएल प्रबंधन को कई बार सूचना देने के बावजूद अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। उन्होंने सोशल मीडिया के माध्यम से भी मामले को उठाते हुए अवैध खनन बंद कराने की मांग की। प्रदर्शन में शामिल महिलाओं ने कहा कि कोयला माफिया अपनी कमाई के लिए गांव की जमीन और लोगों की जिंदगी को खतरे में डाल रहे हैं। ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि यदि अविलंब कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन को और उग्र किया जायेगा। इधर, प्रदर्शन के बाद इलाके में तनावपूर्ण स्थिति बनी रही।

## साइंस अकादमी निरसा में मेधावियों का सम्मान, छात्रों ने किया शानदार प्रदर्शन



फ्रीडम फाइटर संवाददाता

धनबाद/निरसा: साइंस अकादमी निरसा में सोमवार को दसवीं और बारहवीं बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। संस्थान परिसर में आयोजित समारोह में सफल विद्यार्थियों, अभिभावकों और शिक्षकों की भारी भीड़ उमड़ी। मेधावी छात्रों को उपहार देकर सम्मानित किया गया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। संस्थान के संस्थापक सह केमिस्ट्री शिक्षक मोहम्मद शाहिद अंसारी ने बताया कि वर्ष 2009 से साइंस अकादमी निरसा लगातार बेहतर परिणाम दे रही है और आज यह क्षेत्र का प्रमुख कोचिंग संस्थान बन चुका है। उन्होंने कहा कि यहां नौवीं से बारहवीं तक की पढ़ाई के साथ-साथ आईआईटी-जेईई, नीट, पॉलिटेक्निक सहित विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कराई जाती है। बारहवीं विज्ञान संकाय में अर्पिता पाल ने 401 अंक, अजमत आरा ने 418 अंक, सलमा खातून ने 416 अंक तथा तस्कीन आयशा ने 406 अंक प्राप्त कर संस्थान का नाम रोशन किया। वहीं दसवीं बोर्ड परीक्षा में मोहित कुमार यादव ने 455 अंक यानी 91 प्रतिशत तथा अजीत कुमार यादव ने 435 अंक यानी 87 प्रतिशत अंक प्राप्त कर अपने विद्यालय में प्रथम स्थान हासिल किया। संस्थान प्रबंधन के अनुसार इस वर्ष 65 विद्यार्थियों ने बारहवीं विज्ञान की परीक्षा दी, जिनमें 61 विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी प्राप्त की। कार्यक्रम में शिक्षकों ने छात्रों को मेहनत और अनुशासन के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा दी।

## धनबाद में चला व्यापक एंटी क्राइम चेकिंग अभियान, 1117 वाहनों की जांच

धनबाद : जिले में अपराध नियंत्रण और कानून व्यवस्था को मजबूत करने के उद्देश्य से रविवार को साल से लेकर रात वरीय पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार के निर्देश पर व्यापक एंटी क्राइम चेकिंग अभियान चलाया गया। जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में पुलिस टीमों ने प्रमुख चौक-चौराहों, बाजारों और संवेदनशील स्थलों पर सघन वाहन जांच अभियान संचालित किया। अभियान के दौरान कुल 1117 वाहनों की जांच की गई। पुलिस अधिकारियों ने वाहन चालकों से जरूरी कागजातों की जांच कर सत्यापन किया। जिन वाहनों के दस्तावेज अधूरे या संदिग्ध पाए गए, उनके खिलाफ कार्रवाई करते हुए चालान काटे गए तथा चालकों को यातायात नियमों का पालन करने की हिदायत दी गई। चेकिंग अभियान के दौरान पुलिस ने संदिग्ध व्यक्तियों की तलाशी लेकर उनकी पहचान भी सत्यापित की। कई स्थानों पर देर शाम तक जांच अभियान जारी रहा, जिससे लोगों में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर भरोसा बढ़ा।

# इलाज के बहाने महिला को चाईबासा ले जाकर तीन दिनों तक दुष्कर्म, आरोपी गिरफ्तार



फ्रीडम फाइटर संवाददाता

धनबाद/टुण्डी : टुण्डी थाना क्षेत्र से मानवता को शर्मसार कर देने वाली एक घटना सामने आई है। एक व्यक्ति ने अपनी पड़ोसी महिला को इलाज कराने का झांसा देकर चाईबासा ले गया और वहां जंगल में बने खंडहरनुमा मकान में तीन दिनों तक बंधक बनाकर उसके साथ दुष्कर्म करता रहा। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। जानकारी के अनुसार रतनपुर पंचायत के विसनीपतरा गांव निवासी अनवर अंसारी (40) ने पड़ोसी गांव कोकराद की 30 वर्षीय आदिवासी महिला को बेहतर इलाज कराने का भरोसा दिलाया। महिला उसके झांसे में आ गई और वह उसे अपने साथ चाईबासा ले गया। आरोप है कि कुमारडूंगी थाना क्षेत्र के जंगल में स्थित एक सुनसान खंडहरनुमा मकान में महिला को बंधक बनाकर रखा गया और लगातार तीन दिनों तक उसके साथ दुष्कर्म किया गया। पीड़िता ने किसी तरह मौका पाकर अपने पति से संपर्क किया और पूरी घटना की जानकारी दी। इसके बाद पीड़िता के पति ने टुण्डी थाना प्रभारी को मामले से अवगत कराया। घटना की गंभीरता को देखते हुए थाना प्रभारी के निर्देश पर अवर निरीक्षक अगनू मुंडा एवं सहायक अवर निरीक्षक अनिता देवी के नेतृत्व में विशेष टीम का गठन कर चाईबासा भेजा गया।

## 16 साल से फरार स्थायी वारंटी गिरफ्तार, मनियाडीह पुलिस ने भेजा जेल

धनबाद/टुंडी : मनियाडीह थाना पुलिस ने लंबे समय से फरार चल रहे अपराधियों और वारंटियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत बड़ी कार्रवाई करते हुए 16 वर्षों से फरार एक स्थायी वारंटी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। गिरफ्तार आरोपी की पहचान अनिल किस्कू उर्फ शनिचर किस्कू उर्फ मतला किस्कू के रूप में हुई है। वह झिनाकी बाघमारा गांव का निवासी बताया गया है। पुलिस के अनुसार आरोपी जीआर संख्या 2118/2008 से जुड़े एक मामले में वर्ष 2008 से फरार चल रहा था। न्यायालय द्वारा उसके खिलाफ स्थायी वारंट जारी किया गया था, लेकिन वह लगातार पुलिस की पकड़ से बाहर था। मनियाडीह थाना प्रभारी को गुप्त सूचना मिली कि वारंटी अपने घर के आसपास देखा गया है। सूचना मिलने के बाद पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए झिनाकी बाघमारा क्षेत्र में छापेमारी की। छापेमारी के दौरान पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी कर सोमवार को आरोपी को धनबाद न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। थाना प्रभारी ने बताया कि क्षेत्र में अपराध नियंत्रण और पुराने लंबित मामलों के निष्पादन को लेकर फरार वारंटियों के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा।

## बीआईटी सिंदरी में 'संधान-26' का सफल आयोजन

# नवाचार और तकनीकी प्रतिभा का दिखा संगम




फ्रीडम फाइटर संवाददाता

सिन्दरी (धनबाद) : बीआईटी सिन्दरी में आयोजित टेक महोत्सव 'संधान-26' नवाचार, रोबोटिक्स और तकनीकी रचनात्मकता के उत्साहपूर्ण माहौल के बीच सफलतापूर्वक संपन्न हो गया। महोत्सव में विद्यार्थियों ने अपने तकनीकी कौशल, शोध क्षमता और रचनात्मक सोच का शानदार प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के दौरान मॉडेक्स, रोबो-सागा, एल्गो ऐरेना, बिल्ड फॉर बीआईटी, ड्रोन-ए-थान, पिक्सल प्ले, प्रॉम्प्ट क्राफ्ट, एक्वा ऐरेना तथा शूट एट साइट जैसे कई तकनीकी प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। मॉडेक्स में छात्रों ने कार्यशील एवं वैचारिक मॉडल प्रस्तुत कर अपनी इंजीनियरिंग दक्षता का परिचय दिया। वहीं रोबो-सागा प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने स्वयं निर्मित रोबोट्स के जरिए बाधा आधारित ट्रैक पर प्रतिस्पर्धा करते हुए तकनीकी ज्ञान, टीम वर्क और रणनीतिक नियंत्रण का प्रदर्शन किया। महोत्सव का प्रमुख आकर्षण टेकी ऑफ द ईयर - टीवाई-26' प्रतियोगिता रही, जिसमें विद्यार्थियों के समग्र तकनीकी कौशल और नवाचार क्षमता का मूल्यांकन किया गया। कार्यक्रम के दौरान पूरे परिसर में तकनीकी उत्साह और प्रतिस्पर्धा का माहौल देखने को मिला। इस टेक महोत्सव का आयोजन मॉडल क्लब के प्रोफेसर इंचार्ज प्रो. मनीष कुमार के मार्गदर्शन में किया गया। कार्यक्रम को संस्थान के निदेशक डॉ. पंकज राय तथा डीन स्टूडेंट वेलफेयर डॉ. आर.के. वर्मा का संरक्षण प्राप्त रहा। आयोजन टीम का नेतृत्व हर्षिता सेठ, आनंद कुमार और प्रिंस कुमार ने किया।

संस्थान प्रबंधन ने कहा कि इस तरह के आयोजन विद्यार्थियों को नवाचार, अनुसंधान और तकनीकी नेतृत्व के लिए प्रेरित करते हैं तथा उन्हें भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

## मदर्स डे पर मारवाड़ी युवा मंच शक्ति शाखा ने वृद्ध माताओं का दिया सम्मान



धनबाद : मदर्स डे के अवसर पर मारवाड़ी युवा मंच धनबाद शक्ति शाखा की ओर से सोमवार को सबलपुर स्थित सहयोगी नगर के ओल्ड एज होम आश्रम में सेवा एवं सम्मान कार्यक्रम आयोजित किया गया। शाखा की अध्यक्ष इशा अग्रवाल के नेतृत्व में पहुंची सदस्यों ने आश्रम में रह रही वृद्ध माताओं से मुलाकात कर उनका कुशलक्षेम जाना तथा उन्हें वस्त्र एवं भोजन सामग्री भेंट की। इस दौरान संस्था की सदस्यों ने वृद्ध महिलाओं के साथ समय बिताया और उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। शाखा अध्यक्ष इशा अग्रवाल ने कहा कि सभी बेटे-बेटियों और बहुओं को अपने वृद्ध माता-पिता की देखभाल करनी चाहिए, ताकि उन्हें वृद्धाश्रम का सहारा न लेना पड़े। उन्होंने कहा कि जो बुजुर्ग वर्तमान में आश्रम में रह रहे हैं, उनकी सेवा और सम्मान करना सबसे बड़ा पुण्य कार्य है। कार्यक्रम में सचिव पूजा खेरवाल, निवर्तमान अध्यक्ष मेघा शर्मा, पूर्व अध्यक्ष मधु अग्रवाल, सदस्य प्रियंका अग्रवाल, गौरी गोयल एवं निधि अग्रवाल उपस्थित थीं। सभी ने वृद्ध माताओं को नमन करते हुए उनके प्रति सम्मान प्रकट किया।

## 17 माह से वेतन नहीं मिलने पर शिक्षिका धरने पर



फ्रीडम फाइटर संवाददाता

बाघमारा (धनबाद): गुजराती हिंदी मध्य विद्यालय की शिक्षिका भावना चौहान को पिछले 17 माह से वेतन भुगतान नहीं होने के विरोध में चल रहा धरना सोमवार को 22वें दिन भी जारी रहा। मामले की गंभीरता को देखते हुए बाघमारा अंचल अधिकारी गिरजानंद किस्कू विद्यालय पहुंचे और पूरे विवाद की जानकारी लेकर संबंधित पक्षों से बातचीत की। निरीक्षण के दौरान सीओ ने प्रभारी प्रधानाध्यापक आशुतोष पांडेय से मुलाकात कर विद्यालय की स्थिति जानी। इसके बाद विद्यालय प्रबंधन समिति (एसएमसी) के अध्यक्ष नितेश ठक्कर से भी वार्ता की गई। मौके पर अंचल निरीक्षक महेश कुमार भी मौजूद थे। मामले की समीक्षा के बाद अंचल अधिकारी ने एसएमसी अध्यक्ष को अविलंब प्रबंधन समिति की बैठक बुलाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि बैठक में जिला शिक्षा अधीक्षक अथवा उनके प्रतिनिधि को भी शामिल किया जाए, ताकि सभी तथ्यों पर चर्चा कर सर्वसम्मति से निर्णय लिया जा सके। सीओ ने यह भी कहा कि पूरे मामले की रिपोर्ट जिला शिक्षा अधीक्षक को भेजी जाएगी। जानकारी के अनुसार 98 वर्ष पुराने इस विद्यालय में पांच शिक्षक समेत छह सरकारी कर्मी कार्यरत हैं, जिनका वेतन सरकार देती है। वहीं भावना चौहान सहित छह गैर सरकारी शिक्षकों का वेतन विद्यालय प्रबंधन समिति के माध्यम से गुजराती समाज द्वारा दिया जाता रहा है। बताया जाता है कि पहले छात्रों से मासिक शुल्क लिया जाता था, लेकिन पिछले आठ महीनों से फीस वसूली बंद है। धरनारत शिक्षिका भावना चौहान ने बताया कि वह वर्ष 2002 से विद्यालय में पढ़ा रही हैं, बावजूद इसके उन्हें 17 माह से वेतन नहीं मिला। उन्होंने आरोप लगाया कि नियुक्ति के करीब 24 वर्ष बाद अब कुछ दस्तावेजों के आधार पर उनकी नियुक्ति पर सवाल उठाए जा रहे हैं। मामले को लेकर शिक्षकों में भी असंतोष है और अब सबकी नजर प्रशासनिक कार्रवाई पर टिकी हुई है।

# मरघटी तालाब के जीर्णोद्धार कार्य का भूमिपूजन, जल संरक्षण व सिंचाई सुविधा को मिलेगा बढ़ावा



बाघमारा (धनबाद) : बाघमारा प्रखंड के बाँसजोड़ा पंचायत स्थित खरखरी स्टेशन के समीप वर्षों पुराने मरघटी तालाब के जीर्णोद्धार एवं सौंदर्यीकरण कार्य का भूमिपूजन सोमवार को विधायक शत्रुघ्न महतो ने नारियल फोड़कर किया। यह कार्य डीएमएफटी फंड से कराया जायेगा। तालाब के जीर्णोद्धार से क्षेत्र में जल संरक्षण को बढ़ावा मिलने के साथ भू-जल स्तर में सुधार होने की उम्मीद जताई जा रही है। स्थानीय ग्रामीणों का मानना है कि तालाब के पुनर्निर्माण से किसानों को सिंचाई के लिए पर्याप्त पानी उपलब्ध होगा और आसपास के लोगों को भी इसका सीधा लाभ मिलेगा। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक शत्रुघ्न महतो ने कहा कि क्षेत्र की जनता की वर्षों पुरानी मांग को पूरा करना उनकी प्राथमिकता रही है। उन्होंने कहा कि जल संरक्षण आज समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है और इस तरह की योजनाएं ग्रामीण विकास के साथ पर्यावरण संरक्षण में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी। कार्यक्रम स्थल पर विधायक के पहुंचने पर स्थानीय लोगों ने पुष्पगुच्छ एवं माला पहनाकर उनका स्वागत किया। मौके पर जिला परिषद उपाध्यक्ष प्रतिनिधि सुभाष रवानी, बांसजोड़ा पंचायत मुखिया समीर कुमार लाला उर्फ राजा लाला, सुमन राजगढ़िया, अंजना देवी, बंटी बाउरी, पंकज लाला, निशांत लाला, विमल बैनर्जी, छोटे लाल महतो, रमेश दास, विक्की रवानी, भंगिया हरि, तुलसी महतो, हरिकृष्ण हरि, शिवनाथ हरि, अनीता, तारणि, लक्ष्मी देवी, बंधु दास एवं रूपा दास सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## वार्ड 32 में पेयजल संकट को लेकर कार्यपालक अभियंता को सौंपा ज्ञापन



धनबाद : धनबाद नगर निगम क्षेत्र के वार्ड संख्या 32 में पिछले पांच वर्षों से जारी पेयजल संकट को लेकर सोमवार को स्थानीय लोगों का आक्रोश फूट पड़ा। समाजसेवी शशी भूषण कुमार के नेतृत्व में दर्जनों महिला-पुरुष पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल-1 कार्यालय पहुंचे और कार्यपालक अभियंता को ज्ञापन सौंपकर जल्द समाधान की मांग की। स्थानीय लोगों ने बताया कि वार्ड की करीब 20 हजार की आबादी लंबे समय से पानी की समस्या से जूझ रही है। उनका आरोप है कि पेयजल विभाग की लापरवाही के कारण स्थिति लगातार बिगड़ती जा रही है। लोगों को पर्याप्त मात्रा में पानी नहीं मिल पा रहा है, जिससे रोजमर्रा की जरूरतें पूरी करने में भारी परेशानी हो रही है। मीडिया से बातचीत में समाजसेवी शशी भूषण कुमार ने बताया कि बैंक ऑफ इंडिया के पास लगे मुख्य वॉल्व की मरम्मत लंबे समय से नहीं हो पाई है। इसके कारण एक इलाके में अधिक प्रेशर से पानी की सप्लाई हो रही है, जबकि दूसरे हिस्सों में पानी नहीं पहुंच पा रहा। असमान जलापूर्ति की वजह से स्थानीय लोगों के बीच विवाद और मारपीट जैसी घटनाएं भी सामने आ रही हैं।

## राजबाड़ी के ग्रामीणों को जल्द मिलेगा जमुनिया जलापूर्ति योजना का लाभ



बाघमारा (धनबाद): कतरास नगर निगम क्षेत्र के वार्ड संख्या 1 अंतर्गत राजबाड़ी कतरास के हजारों ग्रामीणों को लंबे इंतजार के बाद जल्द ही जमुनिया जलापूर्ति योजना का लाभ मिलने की उम्मीद जगी है। स्थानीय पार्षद डॉ. मधुमाला के लगातार प्रयासों के बाद योजना को आगे बढ़ाने की दिशा में प्रशासनिक स्तर पर पहल तेज हुई है।

सोमवार को राजबाड़ी क्षेत्र में पार्षद डॉ. मधुमाला की पहल पर धनबाद रेलवे, पीएचईडी विभाग तथा जियो फाइबर के अधिकारियों की संयुक्त बैठक आयोजित की गई। बैठक में रेलवे फाटक के पास पाइपलाइन बिछाने में आ रही तकनीकी अड़चनों, समन्वय की कमी तथा अन्य बाधाओं पर विस्तार से चर्चा की गई। अधिकारियों ने स्थल निरीक्षण कर आवश्यक तकनीकी पहलुओं का जायजा भी लिया।

बैठक में निर्णय लिया गया कि आपसी समन्वय स्थापित कर एक सप्ताह के भीतर लंबित समस्याओं का समाधान करते हुए जलापूर्ति योजना के कार्य को आगे बढ़ाया जाएगा। अधिकारियों ने ग्रामीणों को भरोसा दिलाया कि जल्द ही राजबाड़ी क्षेत्र के घरों तक स्वच्छ पेयजल पहुंचाने की दिशा में काम शुरू होगा। गौरतलब है कि राजबाड़ी और आसपास के ग्रामीण इलाकों में लंबे समय से पेयजल संकट की समस्या बनी हुई है। गर्मी के मौसम में लोगों को पानी के लिए काफी परेशानी झेलनी पड़ती है। ऐसे में जमुनिया जलापूर्ति योजना को क्षेत्र के लिए बड़ी राहत के रूप में देखा जा रहा है। बैठक और निरीक्षण के बाद ग्रामीणों में उत्साह का माहौल देखने को मिला। मौके पर बड़ी संख्या में स्थानीय प्रबुद्धजन, महिलाएं एवं ग्रामीण मौजूद थे।

## सम्पादकीय.....

# 50 वर्षों की टूटी परम्परा

**तमिलनाडु** में तमिलगा वेत्री कज़गम (टीवीके) की सरकार बन गयी है। रविवार, 10 मई को नयी सरकार का गठन हुआ। इसके साथ ही द्रविड़ मुनेत्र कज़गम (द्रमुक) अब विपक्ष में बैठेगी। लगभग 50 वर्षों से यहां द्रविड़ मुनेत्र कज़गम (द्रमुक) और ऑल इंडिया अन्ना द्रविड़ मुनेत्र कज़गम (अन्नाद्रमुक) के बीच ही सत्ता की अदला-बदली होती रही थी। लेकिन, अब यह परम्परा टूट गयी है और गैर-द्रविड़ पार्टी टीवीके की सरकार बनी है। 2024 में तमिलगा वेत्री कज़गम ; अर्थात टीवीके की स्थापना हुई थी। प्रख्यात अभिनेता और थलपति के नाम से चर्चित जोसेफ विजय इसके संस्थापक हैं। अब वह तमिलनाडु के मुख्यमंत्री बन चुके हैं। अपने अन्य सहयोगी दलों के नेताओं के बीच विजय ने चेन्नई में मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। कांग्रेस सांसद और नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी भी समारोह में उपस्थित रहे। नये मुख्यमंत्री ने तमिलनाडु की राजनीति में एक नया बदलाव लाने की बात कही। शपथ लेने के बाद अपने पहले भाषण में थलपति विजय ने कहा, 'यह एक नयी शुरुआत है। अब असली धर्मनिरपेक्ष और सामाजिक न्याय का एक नया दौर शुरू हो रहा है। मैं किसी शाही परिवार में पैदा नहीं हुआ हूं। मैं आप ही के बेटे, आप ही के भाई जैसा हूं। मैं आपका 'थम्बी' (छोटा भाई) हूं। मैं जानता हूं कि गरीबी और भूख क्या होती है।' 108 सीटें जीत कर सबसे बड़ी पार्टी बनी टीवीके को कांग्रेस ने बिना देर किये अपना समर्थन दे दिया था, ताकि वह सरकार बनाने का दावा पेश कर सके। लेकिन, राज्यपाल राजेन्द्र अर्लेकर इसी बात पर अड़े रहे कि टीवीके बहुमत के आंकड़े 118 विधायकों के हस्ताक्षर लेकर आये, तभी सरकार बनाने का दावा स्वीकृत होगा। तीन बार विजय को राजभवन से खाली हाथ लौटाया गया। लेकिन, शनिवार की संध्या तक परिस्थितियां पूरी तरह विजय के पक्ष में बन गयीं। कांग्रेस के अलावा माकपा, भाकपा, वीसीके और आईयूएमएल; इन सबने भी टीवीके के लिए समर्थन पत्र सौंप दिया। इसके साथ ही तय हो गया कि अब विजय मुख्यमंत्री बनेंगे। तत्पश्चात रविवार, 10 मई की सुबह शपथ ग्रहण का आयोजन हो पाया। बहरहाल, अब भी विजय को बहुत सावधानी बरतने की आवश्यकता है। चुनाव बाद बने इस गठबंधन के तमाम घटक दल विजय के साथ इसीलिए आये कि वह साम्प्रदायिक राजनीति से तमिलनाडु को बचा कर रखेंगे। ये दल नहीं चाहते थे कि राज्य में राष्ट्रपति शासन या दोबारा चुनाव की नौबत आये। ऐसे में अब विजय के ऊपर यह दायित्व है कि वह जनता के साथ-साथ सहयोगी दलों के भरोसे को भी बनाये रखें। सरकार में विजय अकेले नहीं रहेंगे, घटक दलों का दबाव उन पर लगातार बना रहेगा। इन सभी के साथ ही उन्हें आगे बढ़ना होगा। इसके अलावा केन्द्र सरकार के साथ समन्वय बना कर चलना भी आसान नहीं होगा। भविष्य में सूरत कैसी उभरती है, यह देखना बहुत दिलचस्प होगा।

# तपतीं कक्षाएं और संवेदनहीन व्यवस्था

विशेष **डॉ. प्रियंका सौरभ**



देश के लाखों बच्चे और शिक्षक आज भी तपती हुई कक्षाओं में बैठ कर दिन बिताने को मजबूर हैं। ऐसा लगता है ; मानो व्यवस्था ने यह मान लिया हो कि केवल स्कूल के बच्चों और मास्टरों को ही गर्मी नहीं लगती। यह केवल एक व्यंग्यात्मक टिप्पणी नहीं, बल्कि हमारे शिक्षा तंत्र की दुखद सच्चाई है। जिस देश में बच्चों को 'राष्ट्र का भविष्य' कहा जाता है, वहीं उन्हीं बच्चों को बुनियादी सुविधाओं से वंचित रखा जाता है। शिक्षा के बड़े-बड़े दावे किये जाते हैं, स्मार्ट क्लास, डिजिटल इंडिया और नयी शिक्षा नीति की बातें होती हैं, लेकिन जब कोई सरकारी स्कूल की वास्तविक स्थिति देखता है, तो सारे दावे खोखले दिखाई देते हैं। गर्मी के दिनों में कई सरकारी स्कूलों की स्थिति किसी भट्ठी से कम नहीं होती।

**भारत** इस समय भीषण गर्मी के दौर से गुजर रहा है। हर वर्ष तापमान नए रिकॉर्ड बना रहा है। मौसम विभाग लगातार हीट वेव की चेतावनियाँ जारी करता है। लोग घरों से बाहर निकलने से बच रहे हैं। सरकारी कार्यालयों, निजी कंपनियों, बैंक, मॉल और बड़े संस्थानों में कूलर और एयर कंडीशनर की व्यवस्था सामान्य बात हो चुकी है। कर्मचारियों की सुविधा और कार्यक्षमता के लिए वातानुकूलित वातावरण को आवश्यक माना जाता है। लेकिन जब बात स्कूलों की आती है तो तस्वीर अचानक बदल जाती है। देश के लाखों बच्चे और शिक्षक आज भी तपती हुई कक्षाओं में बैठकर दिन बिताने को मजबूर हैं। ऐसा लगता है मानो व्यवस्था ने यह मान लिया हो कि केवल स्कूल के बच्चों और मास्टरों को ही गर्मी नहीं लगती। यह केवल एक व्यंग्यात्मक टिप्पणी नहीं, बल्कि हमारे शिक्षा तंत्र की दुखद सच्चाई है। जिस देश में बच्चों को 'राष्ट्र का भविष्य' कहा जाता है, वहीं उन्हीं बच्चों को बुनियादी सुविधाओं से वंचित रखा जाता है। शिक्षा के बड़े-बड़े दावे किए जाते हैं, स्मार्ट क्लास, डिजिटल इंडिया और नई शिक्षा नीति की बातें होती हैं, लेकिन जब कोई सरकारी स्कूल की वास्तविक स्थिति देखता है तो सारे दावे खोखले दिखाई देते हैं। गर्मी के दिनों में कई सरकारी स्कूलों की स्थिति किसी भट्ठी से कम नहीं होती। कहीं टीन की छतें धूप में तपकर आग उगलती हैं, कहीं छोटे-छोटे कमरों में दर्जनों बच्चे ठूँस दिए जाते हैं। कई स्कूलों में पंखे खराब पड़े रहते हैं, तो कहीं बिजली की ही व्यवस्था नहीं होती। खिड़कियाँ या तो टूटी होती हैं या इतनी छोटी कि हवा का प्रवेश ही न हो सके। ऐसे वातावरण में बच्चे घंटों बैठकर पढ़ाई करने की कोशिश करते हैं।

कल्पना कीजिए, जब बाहर तापमान 45 डिग्री के पार हो और भीतर बैठा बच्चा पसीने से तरबतर हो, तब उसका ध्यान किताबों में कैसे लगेगा? छोटे बच्चे बार-बार पानी पीने के लिए उठते हैं, कुछ बच्चों को चक्कर आने लगते हैं, कई बच्चे थकान और बेचैनी से परेशान हो जाते हैं। कई बार हीट स्ट्रोक और डिहाइड्रेशन जैसी घटनाएँ भी सामने आती हैं। इसके बावजूद शिक्षा व्यवस्था में बैठे लोगों को यह समस्या शायद उतनी गंभीर नहीं लगती। शिक्षकों की स्थिति भी इससे अलग नहीं है। उन्हें उसी गर्म वातावरण में लगातार कई पीरियड लेने होते हैं। बोर्ड पर लिखना, बच्चों को संभालना और पढ़ाना, यह सब आसान नहीं होता। लेकिन विडंबना यह है कि जिन शिक्षकों पर भविष्य निर्माण की जिम्मेदारी है, उनकी कार्य परिस्थितियों पर सबसे कम ध्यान दिया जाता है। यदि किसी सरकारी कार्यालय का एसी खराब हो जाए तो शिकायत तुरंत दर्ज होती है और मरम्मत की व्यवस्था भी जल्दी हो जाती है। कर्मचारियों की सुविधा को 'कार्य दक्षता' से जोड़कर देखा जाता है। लेकिन स्कूलों में बच्चों और शिक्षकों के लिए कूलर या एसी की बात होते ही अक्सर यह कह दिया जाता है कि 'इतनी सुविधाएँ संभव नहीं हैं' या 'यह अनावश्यक खर्च है।' सवाल यह है कि क्या बच्चों का स्वास्थ्य और शिक्षा कम महत्वपूर्ण है? यदि आरामदायक वातावरण किसी कर्मचारी की कार्यक्षमता बढ़ा सकता है, तो वही वातावरण बच्चों की सीखने की क्षमता और मानसिक एकाग्रता को क्यों नहीं बढ़ाएगा?

आज बड़े शहरों के निजी स्कूलों में एयर कंडीशनर युक्त कक्षाएँ आम होती जा रही हैं। वहाँ पढ़ने वाले बच्चों को आधुनिक सुविधाएँ मिलती हैं। दूसरी ओर सरकारी स्कूलों के बच्चे बुनियादी सुविधाओं के लिए संघर्ष करते हैं। यह केवल सुविधा का अंतर नहीं, बल्कि सामाजिक असमानता का जीवंत उदाहरण है। एक तरफ अमीर बच्चों के लिए ठंडी और स्मार्ट कक्षाएँ हैं, दूसरी तरफ गरीब परिवारों के बच्चे तपती दीवारों और पसीने भरे कमरों में बैठने को मजबूर हैं। शिक्षा में समानता की बातें करने वाला समाज इस असमानता पर अक्सर चुप दिखाई देता है। शिक्षा केवल किताबों, परीक्षाओं और पाठ्यक्रम का नाम नहीं है। सीखने के लिए एक स्वस्थ और सकारात्मक वातावरण भी उतना ही आवश्यक होता है। मनोवैज्ञानिक और शिक्षा विशेषज्ञ लंबे समय से यह बताते आए हैं कि अत्यधिक गर्मी बच्चों की एकाग्रता, स्मरण शक्ति और मानसिक सक्रियता को प्रभावित करती है। गर्म वातावरण में बच्चा जल्दी थक जाता है और उसकी सीखने की क्षमता कम हो जाती है। जब बच्चा पूरे समय गर्मी से परेशान रहेगा, तो वह पाठ पर ध्यान कैसे केंद्रित करेगा? शिक्षा का उद्देश्य केवल बच्चों को स्कूल भेजना नहीं, बल्कि उन्हें ऐसा वातावरण देना है जहाँ वे शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ रहकर सीख सकें।

विडंबना यह है कि सरकारें शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने के लिए करोड़ों रुपये डिजिटल योजनाओं पर खर्च करती हैं, लेकिन कक्षाओं के तापमान पर शायद ही कभी चर्चा होती है। जबकि सच्चाई यह है कि गर्मी से जूझता बच्चा स्मार्ट बोर्ड से अधिक एक ठंडी हवा की जरूरत महसूस करता है। ग्रामीण क्षेत्रों के स्कूलों की स्थिति तो और भी अधिक चिंताजनक है। कई गाँवों में बिजली की आपूर्ति ही नियमित नहीं होती। कुछ स्कूलों में आज भी पर्याप्त कमरे नहीं हैं। बच्चे पेड़ों के नीचे या खुले बरामदों में बैठकर पढ़ते हैं। ऐसे स्थानों पर कूलर या एसी की कल्पना करना भी कठिन लगता है। कई स्कूलों में पीने के पानी की समस्या भी गंभीर होती है।

# समाज के लिए नर्सों के योगदान को नमन

गौरतलब **योगेश कुमार गोयल**



भारत सरकार द्वारा वर्ष 1973 में नर्सों द्वारा किये गये अनुकरणीय कार्यों को सम्मानित करने के लिए उन्हीं के नाम से 'फ्लोरेंस नाइटिंगेल पुरस्कार' की स्थापना की गयी थी, जो प्रतिवर्ष अंतर्राष्ट्रीय नर्स दिवस के अवसर पर प्रदान किये जाते हैं। फ्लोरेंस नाइटिंगेल एक बेहद खूबसूरत, पढ़ी-लिखी और समझदार युवती थी। उन्होंने अंग्रेजी, इटेलियन, लैटिन, जर्मनी, फ्रैंच, इतिहास और दर्शन शास्त्र सीखा था तथा अपनी बहन और माता-पिता के साथ कई देशों की यात्रा की थी।

**दया** और सेवा की प्रतिमूर्ति फ्लोरेंस नाइटिंगेल को आधुनिक नर्सिंग की जन्मदाता माना जाता हैं, जिनकी इस वर्ष हम 206वीं जयंती मना रहे हैं। प्रतिवर्ष उन्हीं की जयंती को 12 मई को एक विशेष थीम के साथ 'अंतर्राष्ट्रीय नर्स दिवस' के रूप में मनाया जाता है और इस विशेष अवसर पर स्वास्थ्य क्षेत्र में कार्यरत नर्सिंग कर्मियों के योगदान को नमन करना बेहद जरूरी है। इस वर्ष यह दिवस 'हमारी नर्सें। हमारा भविष्य। सशक्त नर्सें जीवन बचाती हैं।' थीम के साथ मनाया जा रहा है। इस विषय का उद्देश्य सुरक्षित वातावरण, उचित वेतन और नेतृत्व के अवसरों के माध्यम से नर्सों को सहायता और प्रशिक्षण प्रदान करना है ताकि रोगी देखभाल और स्वास्थ्य परिणामों में सुधार किया जा सके। 'लेडी विद द लैंप' के नाम से विख्यात नाइटिंगेल का जन्म 206 वर्ष पहले 12 मई 1820 को इटली के फ्लोरेंस शहर में हुआ था। भारत सरकार द्वारा वर्ष 1973 में नर्सों द्वारा किए गए अनुकरणीय कार्यों को सम्मानित करने के लिए उन्हीं के नाम से 'फ्लोरेंस नाइटिंगेल पुरस्कार' की स्थापना की गई थी, जो प्रतिवर्ष अंतर्राष्ट्रीय नर्स दिवस के अवसर पर प्रदान किए जाते हैं।

फ्लोरेंस नाइटिंगेल एक बेहद खूबसूरत, पढ़ी-लिखी और समझदार युवती थी। उन्होंने अंग्रेजी, इटेलियन, लैटिन, जर्मनी, फ्रैंच, इतिहास और दर्शन शास्त्र सीखा था तथा अपनी बहन और माता-पिता के साथ कई देशों की यात्रा की थी। मात्र 16 वर्ष की आयु में ही उन्हें अहसास हो गया था कि उनका जन्म सेवा कार्यों के लिए ही हुआ है। हालांकि उस दौर में नर्सिंग को एक सम्मानित व्यवसाय भी नहीं माना जाता था, इसलिए उनके माता-पिता का मानना था कि धनी परिवार की लड़की के लिए वह पेशा सही नहीं है। दरअसल वह ऐसा समय था, जब अस्पताल बेहद गंदी जगह पर होते थे और वहां बीमार लोगों की मौत के बाद काफी भयावह माहौल हो जाता था। 1850 में फ्लोरेंस ने जर्मनी में प्रोटेस्टेंट डेकोनेसिस संस्थान में दो सप्ताह की अवधि में एक नर्स के रूप में अपना प्रारम्भिक प्रशिक्षण पूरा किया। मरीजों, गरीबों और पीड़ितों के प्रति उनके सेवाभाव को देखते हुए आखिरकार उनके माता-पिता द्वारा वर्ष 1851 में उन्हें नर्सिंग की आगे की पढ़ाई के लिए अनुमति दे दी गई, जिसके बाद उन्होंने जर्मनी में महिलाओं के लिए एक क्रिश्चियन स्कूल में नर्सिंग की पढ़ाई शुरू की, जहां उन्होंने मरीजों की देखभाल के तरीकों और अस्पतालों को साफ रखने के महत्व के बारे में जाना।

## आज का इतिहास

- जोधपुर की स्थापना 1459 मे हुई।
- पुरंदर की संधि के तहत छत्रपति शिवाजी महाराज औरंगजेब से मिलने 1666 में आगरा पहुंचे।
- इंग्लैंड और हॉलैंड ने 1689 में लीग ऑफ आग्सबर्ग बनाया।
- क्रांतिकारी रासबिहारी बोस ने 1915 को जापानी नौका सानुकी मारू पर सवार होकर भारत छोड़ा।
- उजबेकिस्तान और किर्गिजिस्तान 1925 में स्वायत्त सोवियत गणराज्य बने।
- आश्विट्ज में 1500 यहूदियों को गैस चेंबर में 1942 को मारा गया।
- इजरायल और पश्चिम जर्मनी ने राजनयिक सम्बन्ध शुरू करने के लिए पत्रों का आदान प्रदान 1965 में किया।
- रूस के उपप्रधानमंत्री सर्गेई स्तेपनिश कार्यवाहक प्रधानमंत्री नियुक्त, अमेरिकी वित्तमंत्री रोबर्ट रूबिन का अपने पद से 1999 में इस्तीफा।
- मिस्र, सीरिया व सऊदी अरब ने पश्चिम एशिया मामले में शांति समझौते की इच्छा 2002 में जतायी।
- सऊदी शहर रियाद में अल कायदा के हमले में 26 लोगों की मौत 2003 में हुई।
- चीन के सिचुआन में 2008 को भूकम्प से 69000 से अधिक लोगों की मौत।
- जजों की बहाली के मुद्दे को लेकर कोई समझौता न होने के कारण पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ ने साझा सरकार से हटने का निर्णय 2008 में लिया।
- 'आधुनिक नर्सिंग आन्दोलन की जन्मदाता' एक नर्स फ़्लोरेन्स नाइटिंगेल का जन्म 1820 में हुआ।
- प्रसिद्ध दार्शनिक, जिन्होंने हिन्दू दर्शन पर अध्ययन करनेवाले कृष्णचन्द्र भट्टाचार्य का जन्म 1875 में हुआ, वह किया।
- एक दार्शनिक तथा आध्यात्मिक विषयों के बड़े ही कुशल एवं परिपक्व लेखक जे. कृष्णमूर्ति का जन्म 1895 में हुआ।
- पश्चिम बंगाल के 21 वें राज्यपाल वीरेन जे शाह का जन्म 1926 में हुआ।

## सुविचार

चरित्रहीन शिक्षा, मानवता विहीन विज्ञान और नैतिकता विहीन व्यापार खतरनाक होते हैं।
**सत्यसाईं बाबा**

मनुष्य की महानता उसके कपड़ों से नहीं, बल्कि उसके चरित्र से आंकी जाती है।
**स्वामी विवेकानन्द**

## किसने क्या कहा



दुनिया की कोई ताकत भारत को झुका नहीं सकती
**नरेन्द्र मोदी**
प्रधानमंत्री

राष्ट्रीय अनुसंधान संस्थान को बनायेंगे 'ग्लोबल टेक्नोलॉजी लीडर'
**डॉ. जितेन्द्र सिंह**
विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री






## दृष्टि में सब रखें

**एक** व्यक्ति ने कहा, सर्दी लग रही है। ठिठुर रहा हूं। दूसरे ने कहा, जाओ, कपड़ा ओढ़ लो। वह घर में गया और मलमल की चादर ओढ़ आया। आकर बोला, कपड़ा ओढ़ लिया, फिर भी ठंड लग रही है। उसने कहा, भले आदमी! मैंने कपड़ा ओढ़ने के लिए कहा था। इस ठिठुरन से बचने के लिए कैसा कपड़ा ओढ़ना है, यह विवेक तो तुम्हें होना ही चाहिए। मलमल से ठंड नहीं रूकती। वह रूकती है मोटे कपड़े से, ऊनी कपड़े से। जब तक मोटा कपड़ा या ऊनी कपड़ा नहीं ओढ़ा जाएगा, ठंड रूकेगी नहीं। कहने का अर्थ है कि यही बात देखने के विषय में है।

# बंगाल ने खुद को फिर से ढूंढ़ लिया

गौरतलब **हरदीप सिंह पुरी**



श्रमिक वर्ग के हितों की नारेबाजी की आड़ में, एक संगठित समानांतर राज्य ने जड़ें जमा लीं। मकान बनाने से लेकर दुकान चलाने, भट्ठी स्थापित करने, परिवहन मार्ग को पंजीकृत कराने और पंचायत की बैठक आयोजित करने तक के लिए इजाजत लेनी होती थी। ये इजाजतें एक चंदे के एवज में मिलती थीं। कार्यकर्ता ये चंदा इकट्ठा करते थे। सत्तारूढ़ पार्टी उसे अपने खाते में जमा करती थी। पूंजीपतियों को राज्य से निकाल बाहर करनेवाली ट्रेड यूनियनबाजी इसका प्रत्यक्ष पहलू थी। जबरन वसूली से त्रस्त आम नागरिकों के वहां से निकल जाने की परिघटना तो खैर कैमरों में कैद ही नहीं हुई। वर्ष 2000 के दशक में, जब वाम मोर्चा ने खुद अपना रुख बदलने और टाटा मोटर्स को सिंगूर लाने की कोशिश की, तो विपक्ष में बैठी तृणमूल कांग्रेस ने भूख हड़ताल शुरू कर दी।

**हावड़ा** कभी एशिया का शेफील्ड कहलाता था। हुगली नदी के किनारे स्थित जूट मिलें इस उपमहाद्वीप के संगठित उद्योग का सबसे बड़ा केन्द्र हुआ करती थीं। कोलकाता भारत की वाणिज्यिक राजधानी हुआ करती थी। बिड़ला एवं टाटा घरानों के साथ-साथ आईटीसी, ब्रिटानिया, कोल इंडिया, हिंदुस्तान मोटर्स और गार्डन रीच शिपबिल्डर्स के मुख्यालय भी यहीं स्थित थे। बर्नपुर स्थित इस्को की स्थापना 1918 में हुई थी, जबकि दुर्गापुर इस्पात संयंत्र द्वितीय पंचवर्षीय योजना का हिस्सा था। वर्ष 1950-51 में, बंगाल ने देश के कुल मैन्यूफैक्चरिंग उत्पादन में लगभग 27 प्रतिशत हिस्से का योगदान किया था। मैं उस कलकत्ता को जानता था। विदेश सेवा में शामिल होने से पहले, मेरी शुरूआती नौकरियों में से एक इसी शहर में हिंदुस्तान लीवर में थी। कलकत्ता तब भी एक ऐसी जगह थी, जहां अपने संदूक के साथ आने वाला एक युवक इस बात के लिए आश्वस्त हो सकता था कि वह उस जगह पर आ गया है जहां से इस देश का वाणिज्य संचालित होता है। बत्तियां जलती रहीं। ट्रामें चलती रहीं। कंपनियों ने भर्तियां जारी रखीं।

जिस चीज को बनाने में एक सदी लगी थी, उसे आर्थिक कुप्रबंधन से कहीं बढ़कर सोची-समझी साजिश के जरिए ध्वस्त कर दिया गया। वाम मोर्चा ने 1977 में सत्ता संभाली। यह मोर्चा चौंतीस वर्षों तक सत्ता पर काबिज रहा। श्रमिक वर्ग के हितों की नारेबाजी का आड़ में, एक संगठित समानांतर राज्य ने जड़ें जमा लीं। मकान बनाने से लेकर दुकान चलाने, भट्ठी स्थापित करने, परिवहन मार्ग को पंजीकृत कराने और पंचायत की बैठक आयोजित करने तक के लिए इजाजत लेनी होती थी। ये इजाजतें एक चंदे की एवज में मिलती थीं। कार्यकर्ता ये चंदा इकट्ठा करते थे। सत्तारूढ़ पार्टी में उसे अपने खाते में जमा करती थी। पूंजीपतियों को राज्य से निकाल बाहर करने वाली ट्रेड यूनियनबाजी इसका प्रत्यक्ष पहलू थी। जबरन वसूली से त्रस्त आम नागरिकों के वहां से निकल जाने की परिघटना तो खैर कैमरों में कैद ही नहीं हुई। वर्ष 2000 के दशक में, जब वाम मोर्चा ने खुद अपना रुख बदलने और टाटा मोटर्स को सिंगूर लाने की कोशिश की, तो विपक्ष में बैठी तृणमूल कांग्रेस ने भूख हड़ताल शुरू कर दी। परिणामस्वरूप, यह परियोजना 2008 में गुजरात चली गई। माफिया ने अपना चोला बदल लिया; वह खत्म नहीं हुआ।

वर्ष 2011 में, तृणमूल कांग्रेस 'परिवर्तन' के वादे पर सत्ता में आई। इसके बाद जो कुछ हुआ, वह नए रूप में पुरानी ही व्यवस्था के लौट आने जैसा था। चंदा, अब एवजी-रकम बन गया। कार्यकर्ता सिंडिकेट बन गए। राष्ट्रीय स्तर पर मैन्यूफैक्चरिंग में बंगाल की 27 प्रतिशत की हिस्सेदारी घटकर 5 प्रतिशत से भी नीचे आ गई है। कभी राष्ट्रीय औसत का 127 प्रतिशत रहने वाली, प्रति व्यक्ति आय लुढ़कर 84 प्रतिशत पर आ गई है। छह हजार से अधिक पंजीकृत कंपनियों ने अपने मुख्यालय कोलकाता से बाहर स्थानांतरित कर दिए हैं। कभी हावड़ा या साल्ट लेक में काम करने वाले बंगाल के बच्चे, अब बेंगलुरु, हैदराबाद और पुणे में रहते हैं। अपनी नौकरी और अपने पैसों को राज्य से बाहर जाता देखने वाले, मतदाताओं को अपना हिसाब बराबर करना था और उनके हाथ में हिसाब बराबर करने का जरिया एक मतपत्र ही था।

इस बदले के केन्द्र में महिलाओं से जुड़ा एक ऐसा रिकॉर्ड था, जिसका बचाव आजाद भारत के किसी भी सत्ताधारी को नहीं करना पड़ा। एक महिला मुख्यमंत्री के शासनकाल में राज्य की महिलाओं पर निर्मम अत्याचार हुए और उनकी हत्याएं हुईं। अगस्त 2024 में आरजी कर मेडिकल कॉलेज में एक स्नातकोत्तर प्रशिक्षु डॉक्टर के साथ बलात्कार हुआ और उसकी हत्या कर दी गई। रात भर घटनास्थल पर एक भीड़ द्वारा तोड़फोड़ की गई। कोलकाता पुलिस ने इस भीड़ को तितर-बितर करने की कोई कोशिश नहीं की। कलकत्ता उच्च न्यायालय ने इस निष्कर्ष के आधार पर जांच केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) को सौंपने का आदेश दिया कि कोलकाता पुलिस की जांच भरोसेमंद नहीं है। जूनियर डॉक्टरों की 42 दिनों की हड़ताल हुई। इस हड़ताल में कई महिला डॉक्टर शामिल रहीं।

जनवरी 2024 में, संदेशखाली की घटना हुई। सुंदरबन के एक द्वीप की महिलाएं तृणमूल के एक जिला परिषद सदस्य के खिलाफ सड़कों पर उतर आईं। तृणमूल का वह नेता पचपन दिनों तक फरार रहा। जबकि, राज्य की पुलिस चुपचाप बैठी रही और उसके खिलाफ कोई मामला दर्ज नहीं किया। कभी अपने आंदोलनों के दौरान 'परिवर्तन' की बात करने वाली, एक मुख्यमंत्री ने एक ऐसे शासन का नेतृत्व किया जिसमें उनके राज्य की महिलाओं को उनके ही कार्यकताओं के खिलाफ अदालतों व केन्द्रीय एजेंसियों की शरण लेनी पड़ी और सड़कों पर उतरना पड़ा। यह बेहद निंदनीय है। और घोर अन्यायपूर्ण भी। बंगाल की महिलाओं को जो पीड़ा सहनी पड़ी, उसकी बराबरी केवल राज्य के युवाओं द्वारा उठाए गए नुकसान से ही की जा सकती है। प्रवर्तन निदेशालय द्वारा की गई पहली छापेमारी की रात सॉल्ट लेक के एक बंद फ्लैट से 21 करोड़ रुपये नकद बरामद किए गए। संबंधित संपत्तियों से हुई बरामदगी के बाद कुल राशि 50 करोड़ रुपये से अधिक की हो गई। तत्कालीन कैबिनेट मंत्री पार्थ चटर्जी की गिरफ्तारी हुई। उन्होंने शिक्षा मंत्री के रूप में पश्चिम बंगाल स्कूल सेवा आयोग की अध्यक्षता की थी। अप्रैल 2024 में, कलकत्ता उच्च न्यायालय ने एक भर्ती के तहत 25 हजार सात सौ तिरपन शिक्षकों, ग्रुप-सी और ग्रुप-डी कर्मचारियों की नियुक्तियों को रद्द कर दिया। इन नियुक्तियों को भर्ती प्रक्रिया के शुरूआती दौर से ही अवैध पाया गया था। इस फैसले को सर्वोच्च न्यायालय में ले जाया गया और देश की सर्वोच्च अदालत ने 2025 में इसे बरकरार रखा।

बंगाल के युवाओं को जीवन में एक मजबूत आधार प्रदान करने के उद्देश्य से शुरू की गई स्कूली भर्ती की पूरी प्रक्रिया एक ऐसे अड्डे में तब्दील हो गई, जहां पदों को बेचा जा रहा था और वैध उम्मीदवार को भर्ती की कतार दिखाई ही नहीं दे रही थी। राशन घोटाला तो इस घोटाले से भी ऊपर था। इसमें एक और मौजूदा कैबिनेट मंत्री ज्योतिप्रिया मल्लिक फंस गईं। इसके ऊपर मवेशी घोटाला, रिश्वतखोरी का धंधा और सिंडिकेट का राज था। मतदाता इन सभी गठजोड़ों को समझ गया। माफिया द्वारा संचालित राज्य में रिश्वत देने से इनकार करने वाला नागरिक सबसे पहले पीड़ित होता है।

इस रिकॉर्ड के सामने एक अलग ही तरह का रिकॉर्ड था। पिछले एक दशक में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत चार करोड़ इक्कीस लाख घरों का निर्माण पूरा हुआ। जल जीवन मिशन के तहत पंद्रह करोड़ नल-जल के कनेक्शन लगाए गए। जबकि, 2019 में यह आंकड़ा तीन करोड़ का था। आयुष्मान भारत योजना के तहत लगभग पचपन करोड़ लाभार्थियों को पांच लाख रुपये का वार्षिक कवरेज मिला। प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण ने बंगाल के हर कल्याणकारी कार्यक्रम में होने वाले भ्रष्टाचार को खत्म कर दिया। ये सभी काल्पनिक बातें नहीं हैं। बंगाल में भारतीय जनता पार्टी के हर कार्यकर्ता ने इन्हीं बातों को आधार बनाकर वोट मांगा।

उस आधार के पीछे एक नेटवर्क खड़ा था। पार्टी के बूथ के स्तर के कार्यकताओं, पन्ना प्रमुखों, और चुनावी चक्रों के दौरान धमकियों, डरा-धमकाने और शारीरिक हिंसा का सामना करने वाले कार्यकर्ताओं ने प्रतिकूल परिस्थितियों में मतदाताओं के पंजीकरण, परिवहन और मतदान कराने के उन गैर-आकर्षक कामों को पूरा किया जिन्हें अन्य पार्टियों ने छोड़ दिया था। प्रधानमंत्री और गृह मंत्री के खिलाफ धमकियां, केन्द्रीय बलों के लौट जाने के बाद होने वाले हाल से जुड़ी घोषणाएं और चुनाव के बाद की हिंसा के पिछले दौरों में गई जानें, ये सब कार्यकर्ताओं के लिए हवाई बातें नहीं थी। वे इन सब अनुभवों से गुजर चुके थे। माननीय गृह मंत्री श्री अमित शाह खुद बंगाल के विभिन्न जिलों में घूम-घूम कर देख रहे थे। कभी-कभी तो कुछ ही हफ्तों के भीतर पुराने कस्बे में दुबारा आते थे, क्योंकि वे जानते थे कि उनके कार्यकर्ता क्या कर रहे हैं। वे जो करने की कोशिश कर रहे थे, वह महज चुनावी उलटफेर भर नहीं था। यह एक गढ़ को ढहाने जैसा था।

इस अभूतपूर्व जीत का सिरमौर बने चेहरे खुद अपनी कहानी बयान करते हैं। आर.जी. कर हत्याकांड के पीड़िता की मां श्रीमती रत्ना देबनाथ, जिन्हें भारतीय जनता पार्टी ने पानीहाटी से उम्मीदवार बनाया था, ने 15 साल से चले आ रहे तृणमूल के गढ़ को ध्वस्त करते हुए भारी बहुमत से जीत हासिल की। श्रीमती रेखा पात्रा, जिन्होंने संदेशखाली में अपनी ही धरती पर राज्य द्वारा ठुकराए गए अधिकार की मांग रखी और उसी मांग को लेकर हिंगलगंज में चुनाव लड़ा। कुल 30 वर्षों तक वामपंथ और 15 वर्षों से तृणमूल के गढ़ रहे जिलों के मतदाताओं ने पहली बार कमल के निशान को चुना। रविवार, 4 मई 2026 को बंगाल ने हिसाब चुकता कर दिया। भारतीय जनता पार्टी ने 293 सीटों में से 206 सीटें जीतीं। दो अलग-अलग दलों के 49 वर्षों के माफिया शासन का अंत हो गया। यह केवल एक चुनावी जनादेश भर नहीं, बल्कि एक नैतिक जनादेश भी था।

जनता के इस निर्णायक फैसले पर पहले से ही सवालिया निशान लगाए जा रहे हैं। मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण के तहत, 90 लाख अपात्र नाम हटा दिए गए। इन अपात्र नामों को 15 वर्षों से बनाए रखा गया था। अपात्र नामों को हटाने की कार्रवाई को हारने वाला पक्ष मतदाताओं का दमन बता रहा है। आंकड़े इस सवाल का जवाब देते हैं। जिन बीस निर्वाचन क्षेत्रों में संशोधन के दौरान सबसे अधिक नाम हटाए गए, उनमें से तृणूल कांग्रेस ने तेरह सीटें जीतीं। समसेरगंज, लालगोला, भगबानगोला, रघुनाथगंज और मेतियाबुरुज वैसे पांच निर्वाचन क्षेत्र हैं, जहां सबसे अधिक नाम हटाए गए। इन सभी में 2021 और 2026 के दोनों चुनावों में तृणूल के विधायक चुने गए। जीत का अंतर पुनरीक्षण के दौरान हटाए गए मतदाताओं की संख्या से कम रहने वाले उनतालीस निर्वाचन क्षेत्रों में से, छब्बीस सीटें भारतीय जनता पार्टी, इक्कीस सीटें तृणूल कांग्रेस और दो सीटें कांग्रेस ने जीतीं। लक्षित बहिष्करण से जीतने और हारने वाले दलों के बीच लगभग बराबर का बंटवारा नहीं होता। राज्य के इतिहास में सबसे अधिक 92.93 प्रतिशत मतदान ने इस सवाल का निपटारा कर दिया कि मतदाता सूची विश्वसनीय थी या नहीं। मतदाताओं के फैसले पर विवाद पैदा कर-के, पराजित दल केवल उस दादागिरी की ही पुष्टि कर रहा है जिसे मतदाताओं ने नकार दिया है। यह जनादेश मतदाताओं द्वारा किए जाए चयन के पीछे की बुद्धिमत्ता को भी साबित करता है।

बंगाल ने मतदान कर दिया है और वहां के लोगों ने अपना चुनाव कर लिया है। मतदाताओं की चाहत को समझना बहुत मुश्किल नहीं है। शांति और सड़कों पर पसरी हिंसा से मुक्ति। समृद्धि और उनके शहरों में रोजगारों की वापसी। स्थिरता और एक ऐसा प्रशासन, जो जीने देने के एवज में उनसे कोई रकम न ले। उस राज्य में सांस्कृतिक और आर्थिक पुनर्जागरण, जिसने देश को पहला औद्योगिक क्षेत्र, उसकी वाणिज्यिक राजधानी और राष्ट्रीय प्रशासन के प्रारंभिक निमार्ता दिए। जिस कलकत्ता में मैंने काम किया, उसे फिर से हासिल किया जा सकता है। वर्ष 2047 तक विकसित भारत की दिशा में अपना योगदान फिर से देने के लिए बंगाल बिल्कुल तैयार है। पिछले दशक में लिए गए हर कल्याणकारी और अवसंरचना संबंधी निर्णय के पीछे एक ऐसा प्रधानमंत्री रहा है, जो नागरिक को सर्वोपरि मानता है। उस नागरिक के प्रति विश्वास बनाए रखने के फल को अब दर्ज किया जा चुका है।

**(लेखक केन्द्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हैं)**

## राशिफल

| | |
|---|---|
| **मेष** खान-पान में सावधानी रखें। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जायेगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। समय ठीक है। | **तुला** शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। कामकाज की अधिकता रहेगी। लाभ भी होगा और पुराने मित्रों से समागम होगा। |
| **वृष** प्रतिष्ठा बढ़ानेवाले कुछ सामाजिक कार्य सम्पन्न होंगे। कई प्रकार के हर्ष उल्लास के बीच मांगलिक कार्य सम्पन्न होंगे। समय अच्छा है। | **वृश्चिक** समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। समय ठीक है। |
| **मिथुन** कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचें, तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य सम्पन्न हो जायेंगे। | **धनु** नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। सुविधाओं में शनैः शनैः बाधा आयेगी। अपने काम को प्राथमिकता से करें। सचेत रहें। |
| **कर्क** आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। | **मकर** सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बन जायेगी। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जायेगी। यात्रा शुभ रहेगी। |
| **सिंह** शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की सम्भावना है। समय अच्छा है। | **कुंभ** समय पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने के प्रयास सफल होंगे। |
| **कन्या** सुख-आनन्द कारक समय है। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा। धैर्य के साथ रहें। | **मीन** यार-दोस्तों के साथ साझे में किये जा रहे काम में लाभ मिल जायेगा। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से सम्पन्न हो जायेंगे। |

स्वामित्व दिग्विजय सिंह के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक आलोक कुमार सिन्हा द्वारा एवी पब्लिशर्स, 220 माखिजा हाउस, ओल्ड एचबी रोड, नियर कोकर बाजार, कोकर, रांची, 834001 से प्रकाशित एवं **एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड**, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पंप, रातू, रांची 835222 से मुद्रित। आर.एन.आई.सं : **JHAHIN2009/32423, प्रबंध सम्पादक :** नागेंद्र नारायण सिंह, **सम्पादक (झारखंड) :** विष्णु शंकर उपाध्याय* । दूरभाष 0651-3501612, 8825197097, 9431343365, 8863906660
*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरवी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

## उपायुक्त ने की राजस्व संग्रहण से जुड़े सभी विभागों की समीक्षा बैठक

# सभी विभागों को राजस्व संग्रहण में तेजी लाने के निर्देश

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**मेदिनीनगर** : उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी दिलीप प्रताप सिंह शेखावत ने सोमवार को राजस्व से जुड़े सभी विभागों द्वारा राजस्व वसूली की समीक्षा की गयी। इस दौरान विभिन्न विभागों को चालू वित्तिय वर्ष में प्राप्त लक्ष्य के विरुद्ध कितनी वसूली की गयी है से सम्बन्धित विस्तृत जानकारी ली गयी। उन्होंने सभी पदाधिकारियों को लक्ष्य को हासिल करने दिशा में कई दिशा-निर्देश दिया।



**खनन क्षेत्र में राजस्व वसूली में तेजी लायें**

**उपायुक्त** ने खनन विभाग की समीक्षा की,वित्तिय वर्ष 2025-26 के तहत 58433.31 लाख रुपये वार्षिक लक्ष्य प्राप्त है जिसके विरुद्ध अबतक 17000.53 लाख रुपये की वसूली की गयी है जो लक्ष्य का 29.09 प्रतिशत है। वहीं, इस वर्ष का लक्ष्य निर्धारण नहीं हुआ है हालांकि 1411.91 लाख रुपए की वसूली कर ली गयी है। डीसी ने डीएमओ को खनन के क्षेत्र में राजस्व वसूली में तेजी लाने की बात कही।

**परिवहन विभाग की भी हुई समीक्षा**

**इसी** तरह परिवहन विभाग की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने पाया कि विभाग को वित्तिय वर्ष 2025-26 में 7608.30 लाख रुपये की वसूली का लक्ष्य दिया गया था। जिसके विरुद्ध परिवहन विभाग द्वारा अबतक 8475.88 लाख रुपये की राजस्व वसूली कर ली गयी है। वर्तमान वित्तिय वर्ष में 8559.34 लाख रुपये की वसूली का लक्ष्य दिया गया है जिसके विरुद्ध अबतक 996.59 लाख रुपये की वसूली कर ली गयी है जो 11.64 प्रतिशत है। मोटरयान निरीक्षक पलामू को वर्तमान वित्तिय वर्ष में 505.76 लाख रुपए वसूली के लक्ष्य के विरुद्ध 58.43 लाख रुपये वसूली की गयी है।

**उत्पाद अधीक्षक को बॉर्डर एरिया क्षेत्र में लगातार छापामारी करने के दिये निर्देश**

**उत्पाद** विभाग की समीक्षा के दौरान उत्पाद अधीक्षक ने उपायुक्त को बताया कि उत्पाद विभाग को वित्तिय वर्ष 2026-27 में 20250.81 लाख रुपए वसूली का वार्षिक लक्ष्य प्राप्त है जिसके विरुद्ध अब तक 1915.67 लाख रुपये के राजस्व वसूल कर ली गयी है। उपायुक्त ने बॉर्डर इलाके में लगातार छापेमारी करने के निर्देश दिये। इसी तरह वित्तिय वर्ष 2026-27 में मेदिनीनगर नगर निगम को 1604.49 लाख रुपये की वसूली का लक्ष्य है जिसके विरुद्ध अबतक 122.42 लाख रुपया की वसूली की गयी है जो प्राप्त लक्ष्य का 7.62 प्रतिशत है। इसी तरह अवर निबंधन, राष्ट्रीय बचत विभाग, विद्युत आपूर्ति विभाग की भी समीक्षा की गयी। उन्होंने संबंधित विभाग के पदाधिकारी को शत प्रतिशत लक्ष्य प्राप्ति की दिशा में योजना बनाते हुए कार्य करने की बात कही। इसी क्रम में उपायुक्त ने सरकार के विभिन्न विभागों को भूमि हस्तांतरण हेतु लंबित भूमि के विवरणी का अंचलवार समीक्षा किया गया।

**भू-लगान, निबंधन, दाखिल-खारिज की भी हुई समीक्षा**

**बैठक** में भू-लगान, निबंधन, दाखिल-खारिज, सकसेशन म्यूटेशन, पार्टीशन म्यूटेशन और भूमि सीमांकन की भी समीक्षा की गयी। उन्होंने सभी सीओ को निर्धारित समय में म्यूटेशन के मामलों को निष्पादन करने पर बल दिया।

## बिजली शिकायतों के त्वरित समाधान के लिए उपायुक्त की पहल, अब व्हाट्सएप ग्रुप से होगी मॉनिटरिंग



**मेदिनीनगर** : जिले में बिजली से जुड़ी समस्याओं के त्वरित समाधान को लेकर जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत ने महत्वपूर्ण पहल की है। उपायुक्त ने विद्युत विभाग के कार्यपालक अभियंता को निर्देश दिया है कि विद्युत शिकायतों के निष्पादन हेतु एक डेडिकेटेड व्हाट्सएप ग्रुप बनाया जाये। इस ग्रुप में सभी अनुमंडल पदाधिकारी (एसडीएम), अंचल अधिकारी (सीओ) के साथ-साथ विद्युत विभाग के कनीय एवं सहायक अभियंताओं को भी जोड़ा जायेगा। उपायुक्त श्री शेखावत ने कहा कि सभी सीओ अपने-अपने क्षेत्र में बिजली पोल क्षतिग्रस्त होने, बिजली तार पर पेड़ गिरने, ट्रांसफार्मर जलने एवं बिजली से जुड़ी अन्य समस्याओं की सूचना तत्काल इस ग्रुप में साझा करेंगे। इसके बाद सम्बन्धित कनीय एवं सहायक अभियंता द्वारा प्राथमिकता के आधार पर समस्या का समाधान सुनिश्चित किया जायेगा तथा निष्पादन के पश्चात कार्य से सम्बन्धित फोटो भी ग्रुप में साझा किया जायेगा। उपायुक्त ने स्पष्ट कहा कि बढ़ती गर्मी, बारिश एवं तेज हवा के कारण बिजली से जुड़ी समस्याएं बढ़ जाती हैं, लेकिन बिजली एक अत्यावश्यक सेवा है ऐसे में आम जनता को किसी प्रकार की परेशानी न हो, इसके लिये शिकायतों का त्वरित समाधान बेहद जरूरी है।

## एक झलक

### बच्चों से भरी पिकअप वैन पलटी, आधा दर्जन बच्चे घायल

**लातेहार** : जिले के बरवाडीह थाना क्षेत्र में सोमवार को स्कूल से लौट रहे बच्चों को लेकर जा रही एक पिकअप वैन अचानक पलट गयी। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, वैन काफी तेज गति में थी। ओवरटेक के दौरान संतुलन बिगड़ते ही वाहन सड़क किनारे जा पलटा। हादसे के तुरंत बाद चालक मौके से फरार हो गया, जिससे लोगों में आक्रोश भी देखा गया। इस दुर्घटना में आधा दर्जन से अधिक बच्चे घायल हो गये। सभी घायलों को तुरंत बरवाडीह सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, मिशन हॉस्पिटल और गांधी जी मेडिकल्स में भर्ती कराया गया, जहां उनका इलाज जारी है। डॉक्टरों के अनुसार सभी बच्चे फिलहाल खतरे से बाहर हैं। हालांकि, दो बच्चों 09 वर्षीय कृति रंजन और 14 वर्षीय शिवशी वर्मा को हाथ फ्रैक्चर होने के कारण बेहतर इलाज के लिए मेदिनीनगर के एमएमसीएच अस्पताल रेफर किया गया है। अन्य घायल बच्चों में प्रियांशु गुड़िया, तेजस्वी चंद्रा, नव्या सिंह, कोमल रंजना और पीयूष राज शामिल हैं।

### 47 किलो अवैध गांजा बरामद तस्करों की तलाश जारी

**बोकारो** : बोकारो पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर बड़ी कार्रवाई करते हुए करीब 47 किलो अवैध गांजा बरामद किया है। बरामद गांजे की अनुमानित कीमत 5 से 7 लाख रुपये बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार, बोकारो पुलिस अधीक्षक नाथू सिंह मीना को सूचना मिली थी कि बिहार जाने वाली एक बस के माध्यम से अवैध गांजा भेजने की तैयारी की जा रही है। सूचना मिलते ही पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर नगर पुलिस उपाधीक्षक आलोक रंजन के नेतृत्व में छापेमारी दल का गठन किया गया। छापेमारी के दौरान नया मोड़ बस स्टैंड स्थित पवनसुत बस पड़ाव के चबूतरे पर संदिग्ध अवस्था में रखे दो प्लास्टिक के बोरों की तलाशी ली गयी। तलाशी में 47 पैकेटों में बंधा करीब 47 किलोग्राम गांजा बरामद किया गया। इस कार्रवाई में सिटी थाना पुलिस निरीक्षक सुदामा कुमार दास, पुलिस अवर निरीक्षक महती बोयपाय, नीरज सेठ, सहायक अवर निरीक्षक भरत नायक, हवलदार बिगावन सिंह, आरक्षी मदन प्रसाद, योगेन्द्र कुमार रजक, विजय कुमार सिंह एवं राजीव कुमार शामिल रहे।

### वन संरक्षण को लेकर मंथन, वन बचाव समिति को मजबूत बनाने पर जोर

**कसमार** : पेटरवार वन परिसर स्थित वन सभागार में वन बचाव समिति की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गयी। बैठक में वन संरक्षण, समिति के विस्तार तथा संगठन को और अधिक मजबूत बनाने को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। साथ ही निकट भविष्य में एक बड़े सेमिनार के आयोजन का प्रस्ताव भी रखा गया, ताकि लोगों को वन संरक्षण के प्रति जागरूक किया जा सके और समिति को जमीनी स्तर तक सशक्त बनाया जा सके। बैठक को संबोधित करते हुए वन बचाव समिति के केन्द्रीय उपाध्यक्ष विष्णु चरण महतो ने कहा कि जंगल और पर्यावरण की सुरक्षा समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि वन क्षेत्र को बचाने के लिए जनभागीदारी बढ़ाना आवश्यक है तथा समिति को गांव-गांव तक मजबूत करने की दिशा में कार्य करना होगा।

## जनता दरबार में लापरवाही पर विधायक ने अंचल अधिकारी को लगायी फटकार



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**लातेहार** : स्थानीय विधायक प्रकाश राम ने सोमवार को बालुमाथ प्रखंड सह अंचल कार्यालय में आयोजित जनता दरबार में ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत आयोजित इस दरबार में बड़ी संख्या में लोग अपनी शिकायतें लेकर पहुंचे थे। जनता दरबार के दौरान कई ग्रामीणों ने बताया कि पिछले शिविरों में दिये गये आश्वासनों और निर्देशों पर अब तक अमल नहीं हुआ है। इस पर विधायक ने गंभीर नाराजगी जतायी और मौके पर मौजूद अंचल अधिकारी को जमकर फटकार लगायी। उन्होंने कहा कि जनता दरबार केवल औपचारिकता बनकर रह गया है, जबकि इसका उद्देश्य लोगों की समस्याओं का त्वरित समाधान करना है। विधायक ने अधिकारियों को चेतावनी देते हुए कहा कि उनके पास हर छोटी-बड़ी जानकारी पहुंचती रहती है, इसलिए किसी भी तरह की लापरवाही या भ्रम में रहने की जरूरत नहीं है। उन्होंने कहा आपका ऑफिस आखिर करता क्या है? एक-एक चीज की सूचना हमें मिलती है। जनता को बार-बार चक्कर लगाने पर मजबूर करना बिल्कुल बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। उन्होंने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिया कि लंबित मामलों का जल्द निपटारा सुनिश्चित करें और जिन मामलों में कार्रवाई नहीं हुई है, उनकी रिपोर्ट तत्काल प्रस्तुत की जाये।

## उपायुक्त ने किया विभिन्न कार्यालयों का औचक निरीक्षण

# समय पालन और साफ-सफाई के दिये निर्देश

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**



**लातेहार** : जिले के विभिन्न सरकारी कार्यालयों में व्यवस्था सुधारने को लेकर सोमवार को उपायुक्त संदीप कुमार ने अचानक निरीक्षण किया। इस दौरान जिला कृषि कार्यालय, भूमि संरक्षण कार्यालय, गव्य विकास कार्यालय और पशुपालन कार्यालय का जायजा लिया गया। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने सबसे पहले कर्मचारियों की उपस्थिति की स्थिति देखी और कार्यप्रणाली पर नजर डाली। उन्होंने कहा कि कार्यालयों में समय पर उपस्थिति और अनुशासन से कोई समझौता नहीं किया जायेगा। साथ ही आम लोगों के काम में देरी पर नाराजगी जताते हुए निर्देश दिया कि हर आवेदन और समस्या का जल्द समाधान किया जाये। कार्यालयों की साफ-सफाई पर भी उपायुक्त ने विशेष ध्यान दिया। कई जगहों की स्थिति देखने के बाद उन्होंने संबंधित अधिकारियों को नियमित सफाई और बेहतर रख-रखाव सुनिश्चित करने को कहा। उनका कहना था कि साफ-सुथरा और व्यवस्थित माहौल ही बेहतर कामकाज की बुनियाद होता है। उन्होंने कर्मचारियों को अपने दायित्वों के प्रति गम्भीर रहने की हिदायत दी और कहा कि जिम्मेदारी और तत्परता के साथ काम करने से ही जनता को बेहतर सेवा मिल सकती है। निरीक्षण के दौरान गोपनीय शाखा के विशेष कार्य पदाधिकारी श्री श्रेयांश भी मौजूद रहे।

## कोल ब्लॉक जनसुनवाई के खिलाफ गेरेंजा के ग्रामीण लामबंद

**लातेहार** : जिले के बालूमाथ प्रखंड अंतर्गत गेरेंजा गांव में प्रस्तावित कोल ब्लॉक आवंटन को लेकर माहौल गरमाता जा रहा है। आगामी 01 जून को होनेवाली प्रदूषण नियंत्रण परिषद की जनसुनवाई से पहले ही ग्रामीणों ने इसका विरोध तेज कर दिया है। ग्राम प्रधान परमेश्वर गंझू की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में ग्रामीणों ने कहा कि वे अपनी जमीन किसी भी सूरत में कम्पनी को नहीं देंगे। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि यदि 20 मई तक जनसुनवाई रद्द नहीं की गयी, तो 25 मई से रांची-चतरा मार्ग (एनएच-22) को जाम कर आन्दोलन शुरू किया जायेगा। ग्रामीणों ने जल, जंगल और जमीन की रक्षा का संकल्प दोहराते हुए कहा कि जब तक उनकी मांगें पूरी नहीं होतीं, वे पीछे हटने वाले नहीं हैं। बैठक में वक्ताओं ने आरोप लगाया कि प्रशासन और कंपनी की मिलीभगत से जबरन भूमि अधिग्रहण की कोशिश हो रही है। शंकर उरांव ने कहा कि जनसुनवाई को प्रखंड कार्यालय में आयोजित करना भी एक रणनीति है, ताकि ग्रामीण खुलकर अपनी बात न रख सकें। उन्होंने आरोप लगाया कि कंपनी ग्रामीणों पर दबाव बना रही है, लेकिन अब लोग किसी भी झांसे में आने वाले नहीं हैं।

## राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस पर गांधी इंटर कॉलेज में हुई विभिन्न प्रतियोगिताएं

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**लातेहार** : राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस के अवसर पर सोमवार को शहर के गांधी इंटर कॉलेज में युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के तहत संचालित मेरा युवा भारत लातेहार की ओर से क्विज और निबंध प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य विषय विज्ञान, नवाचार और तकनीकी प्रगति रखा गया।कार्यक्रम के दौरान मेरा युवा भारत की उप निदेशक कंचन कुमारी ने छात्रों को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस के महत्व को समझाया। उन्होंने बताया कि 11 मई 1998 को भारत ने परमाणु शक्ति संपन्न देश के रूप में दुनिया में अपनी पहचान बनाई थी। इसी ऐतिहासिक उपलब्धि की याद में 11



मई 1999 को इस दिन को राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस के रूप में मनाने की शुरूआत की गई थी। उन्होंने कहा कि आज के समय में छात्रों में वैज्ञानिक सोच और तकनीक के प्रति जागरूकता बेहद जरूरी है, और ऐसे आयोजन उसी दिशा में एक प्रयास हैं। कॉलेज के प्राचार्य दशरथ साहू ने भी विद्यार्थियों को संबोधित किया और विज्ञान की भूमिका को देश के विकास से जोड़ते हुए समझाया। उन्होंने कहा कि कोई भी देश तभी आगे बढ़ सकता है, जब वह विज्ञान और तकनीक के क्षेत्र में मजबूत हो।

## अपर मुख्य सचिव ने करमा मेडिकल कॉलेज एवं सदर अस्पताल का किया निरीक्षण

# इंटीग्रेटेड पब्लिक हेल्थ लैबोरेटरी का किया उद्घाटन



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**कोडरमा** : स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग, झारखंड सरकार के अपर मुख्य सचिव अजय कुमार सिंह ने कोडरमा जिले का दौरा किया। इस दौरान उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता एवं उप विकास आयुक्त रवि जैन ने उन्हें बुके देकर स्वागत किया। दौरे के क्रम में अपर मुख्य सचिव अजय कुमार सिंह ने करमा मेडिकल कॉलेज निर्माण कार्य का निरीक्षण किया तथा मेडिकल कॉलेज के लेआउट एवं निर्माण प्रगति की विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने मेडिकल कॉलेज परिसर का भ्रमण करते हुए निर्माण कार्य के विभिन्न पहलुओं की बारीकी से समीक्षा की।इसके उपरांत उन्होंने सदर अस्पताल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने ओपीडी, मॉड्यूलर ओटी, लेबर रूम, एसएनसीयू, वार्ड, पेइंग वार्ड, सीटी स्कैन, एक्स-रे, अल्ट्रासाउंड, हेल्प डेस्क एवं आईसीयू समेत विभिन्न व्यवस्थाओं का जायजा लिया। साथ ही मरीजों से बातचीत कर उन्हें मिलने वाली स्वास्थ्य सुविधाओं की जानकारी प्राप्त की। मरीजों ने बताया कि अस्पताल में बेहतर चिकित्सा सुविधा एवं संतोषजनक इलाज उपलब्ध कराया जा रहा है। निरीक्षण के दौरान अपर मुख्य सचिव ने सिविल सर्जन को एसएनसीयू में बेड की संख्या बढ़ाने एवं आईसीयू को शीघ्र चालू करने का निर्देश दिया। इसके अलावा सदर अस्पताल परिसर में निर्माणाधीन भवनों के कार्य में तेजी लाने तथा जर्जर एवं अनुपयोगी भवनों को चिन्हित कर हटाने की कार्रवाई करने का निर्देश भी दिया।

## 25 वर्षों पुराना भूमि विवाद आपसी समझौते से सुलझा, समाज में भाईचारे का संदेश

**बोकारो** : बोकारो तेली कल्याण समिति की पहल पर सोनाटांड़ निवासी उषा देवी एवं बैजनाथ गोराई के बीच पिछले 25 वर्षों से चल रहे भूमि एवं मकान विवाद का सौहार्दपूर्ण समाधान कर लिया गया। यह समझौता समिति के जिला अध्यक्ष विनेश कुमार नायक की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में हुआ, जहां दोनों पक्षों ने आपसी सहमति से समझौता पत्र पर हस्ताक्षर कर विवाद समाप्त करने का निर्णय लिया। बैठक में जिला कमेटी के सदस्य, समाजसेवी एवं बड़ी संख्या में उपस्थित कुटुंब बंधुओं ने दोनों पक्षों को आपसी भाईचारे, शांति और सामाजिक एकता बनाए रखने का संदेश दिया। लम्बे समय से चले आ रहे इस विवाद के समाप्त होने पर उपस्थित लोगों ने खुशी जताई और इसे समाज के लिए सकारात्मक पहल बताया। जिला अध्यक्ष विनेश कुमार नायक ने कहा कि समाज में आपसी विवाद बातचीत और समझदारी से सुलझाए जा सकते हैं। उन्होंने कहा कि यह समझौता समाज में एकता, शांति एवं सामाजिक न्याय का प्रेरणादायक उदाहरण है। समिति हमेशा समाज के लोगों के बीच भाईचारा और सौहार्द बनाए रखने के लिए कार्य करती रहेगी।

## विश्वशांति पदयात्रा व जन-जागरूकता अभियान को लेकर पर्वतारोहियों ने उपायुक्त से की मुलाकात

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**



**मेदिनीनगर** : विश्वशांति पदयात्रा एवं जन-जागरूकता अभियान चला रही टीम ने आज जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त, पलामू, दिलीप प्रताप सिंह शेखावत से शिष्टाचार मुलाकात की। इस दौरान टीम ने अपने विश्वशांति पदयात्रा अभियान एवं विभिन्न सामाजिक जागरूकता कार्यक्रमों की विस्तृत जानकारी उपायुक्त को दी। टीम ने बताया कि वे देश के विभिन्न राज्यों में भ्रमण कर विद्यालयों, महाविद्यालयों एवं सार्वजनिक स्थलों पर लोगों को पर्यावरण संरक्षण, जल संरक्षण, प्रदूषण नियंत्रण, सड़क सुरक्षा, स्वच्छ भारत अभियान, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, मतदाता जागरूकता सहित अन्य जनहितकारी विषयों पर जागरूक कर रहे हैं। साथ ही आगे भी पलामू जिले के विभिन्न क्षेत्रों में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जायेंगे। उपायुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत ने टीम के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के अभियान समाज में सकारात्मक संदेश देने का कार्य करते हैं। उन्होंने टीम को हर संभव सहयोग का आश्वासन देते हुए आग्रह किया कि वे अपने अभियान के माध्यम से अधिक से अधिक लोगों तक जनहितकारी योजनाओं एवं सामाजिक संदेशों को पहुंचाएं। उपायुक्त द्वारा शिक्षा विभाग एवं सड़क सुरक्षा समिति को भी आवश्यक सहयोग प्रदान करने हेतु निर्देशित किया गया। उन्होंने कहा कि स्कूली बच्चों में इस तरह के जागरूकता अभियान की अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका है, जिससे प्रारंभिक स्तर पर ही उनमें सामाजिक जिम्मेदारियों, अनुशासन एवं सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता का विकास होता है।

## वट सावित्री व्रत 16 मई को, सुहागिन महिलाएं रखेंगी अखंड सौभाग्य का व्रत

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**



**कोडरमा** : वट सावित्री व्रत हिन्दू धर्म में विवाहित महिलाओं का प्रमुख और श्रद्धा से मनाया जाने वाला पर्व है। यह व्रत 16 मई, ज्येष्ठ अमावस्या शनिवार को मनाया जायेगा। इस दिन सुहागिन महिलाएं पति की लंबी आयु, सुख-समृद्धि और वैवाहिक जीवन की खुशहाली के लिए उपवास रखकर भगवान विष्णु, यमराज तथा वट वृक्ष की पूजा-अर्चना करेंगी। पं कुंतलेश पांडेय ने बताया कि धार्मिक मान्यता अनुसार, माता सावित्री ने अपने अटूट प्रेम, तप और दृढ़ संकल्प से यमराज से अपने पति सत्यवान के प्राण वापस प्राप्त किए थे। तभी से वट सावित्री व्रत को पति-पत्नी के अटूट प्रेम और समर्पण का प्रतीक माना जाता है।व्रत के दौरान महिलाएं बरगद के पेड़ की पूजा कर उसकी परिक्रमा करती हैं तथा मौली बांधकर परिवार की सुख-शांति और समृद्धि की कामना करती हैं। साथ ही बरगद के पत्ते को से पर बांधती है।मान्यता है कि विधि-विधान और श्रद्धा के साथ किया गया यह व्रत दांपत्य जीवन में सुख, शांति और अखंड सौभाग्य प्रदान करता है। वट सावित्री व्रत शुभ मुहूर्त पं कुंतलेश पांडेय ने बताया के पंचांग अनुसार वट सावित्री व्रत 2026 शुभ मुहूर्त 16 मई 2026, शनिवार 16 मई सुबह 05:11 बजे से अमावस्या तिथि शुरू हो रहा है । इसलिए महिलाएं सूर्योदय के समय से पूजन करेंगी।

## डीवीसी पर ग्रामीणों ने लगाया वादाखिलाफी का आरोप

**नीरज सिन्हा**

**लातेहार** : जिले के सदर प्रखंड अंतर्गत नेवाड़ी पंचायत का तुवेद कोल माइंस क्षेत्र के ग्रामीणों ने डीवीसी पर वादाखिलाफी का आरोप लगाया है। ग्रामीणों ने कहा कि करीब पांच वर्ष पहले खदान शुरू होने के साथ ही स्थानीय लोगों ने बेहतर भविष्य की उम्मीदें बांधी थीं, लेकिन आज हालात उन उम्मीदों से बिल्कुल उलट नजर आ रहे हैं। स्थानीय ग्रामीणों का आरोप है कि डीवीसी ने खदान शुरू करने से पहले क्षेत्र के विकास को लेकर कई बड़े वादे किये थे। इनमें रोजगार, सड़क, पानी, बिजली, स्वास्थ्य सुविधा और विस्थापितों के पुनर्वास जैसी मूलभूत जरूरतें शामिल थीं। लेकिन समय बीतने के बावजूद इन वादों का जमीन पर असर नहीं दिख रहा। ग्रामीण बताते हैं कि कम्पनी को सौंपा



गया 35 सूत्री मांग पत्र आज भी अधूरा है। रोजगार के मामले में भी स्थानीय युवाओं को प्राथमिकता नहीं मिल रही, जिससे उन्हें बाहर काम की तलाश में पलायन करना पड़ रहा है। खदान में बाहरी लोगों को रोजगार दिए जाने से असंतोष और बढ़ गया है। पर्यावरण और स्वास्थ्य को लेकर भी स्थिति चिंताजनक बतायी जा रही है। खदान से निकलने वाली धूल और प्रदूषण के कारण ग्रामीणों में सांस सम्बन्धी बीमारियों की शिकायत बढ़ रही है, जबकि क्षेत्र में स्वास्थ्य सुविधाओं का अभाव है। पानी और बिजली जैसी बुनियादी सेवाएं भी नियमित रूप से उपलब्ध नहीं हैं। ग्रामीणों का यह भी कहना है कि जमीन अधिग्रहण के दौरान उचित मुआवजा और पारदर्शिता का अभाव रहा। विरोध करने पर दबाव और डराने-धमकाने जैसे आरोप भी सामने आये हैं, जिससे लोगों में असुरक्षा की भावना बढ़ी है। स्थानीय लोगों का कहना है कि कई बार शिकायत करने के बावजूद अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। ग्रामीणों ने अपनी प्रमुख मांगों में स्थानीय युवाओं को रोजगार में प्राथमिकता, विस्थापितों के लिए आवास, नियमित पानी-बिजली आपूर्ति, स्वास्थ्य केन्द्र की स्थापना और जमीन के बदले उचित मुआवजा शामिल किया है। तुवेद कोल माइंस क्षेत्र के लोग का यदि समय रहते समाधान नहीं निकला, तो यह असंतोष आने वाले दिनों में बड़ा रूप ले सकता है।

## नल-जल योजना ठप, प्यासे ग्रामीण, दूसरे दिन भी अयुब खान ने किया निरीक्षण

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**लातेहार** : चंदवा प्रखंड के कामता पंचायत में पेयजल संकट गहराता जा रहा है। पंचायत समिति सदस्य अयुब खान ने लगातार दूसरे दिन विभिन्न गांवों का दौरा कर हालात का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान कई जगह नल-जल योजना बंद पड़ी मिली, जिससे ग्रामीणों को पानी के लिए परेशानी उठानी पड़ रही है। कामता चेकनाका के पास सूरज साव के घर के समीप लगा नल-जल कई महीनों से खराब है। मोटर मरम्मत के नाम पर विभाग अपने पास ले गया, लेकिन अब तक उसे वापस लगाकर चालू नहीं किया गया। आसपास के करीब दर्जनभर परिवार पानी के संकट से जूझ रहे हैं। पास ही गुदून केशरी के घर के निकट पाइप क्षतिग्रस्त होने से



पानी की सप्लाई ठप है।बेलवाही में माडू गंझु के घर के पास लगे नल-जल का मोटर और स्टार्टर खराब है। विभाग के मिस्त्री मरम्मत के लिए उपकरण ले गए, लेकिन अब तक वापस नहीं लगाया गया। इसी तरह दामोदर में एनएच किनारे सुरेंद्र उरांव के घर के पास लगा नल-जल भी खराब पड़ा है, जिससे पूरे इलाके में पानी की किल्लत बनी हुई है। अयुब खान ने कहा कि पंचायत के कई गांवों और टोलों में नल-जल योजना बंद पड़ी है। विभाग को जानकारी होने के बावजूद मरम्मत में कोई तेजी नहीं दिख रही।

## शिक्षा विभाग के अधिकारियों, बीआरपी-सीआरपी संग वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग कर व्यापक प्रचार-प्रसार कराने के निर्देश

# स्व-गणना में तेजी लाने के निर्देश, सिर्फ चार दिन शेष

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**मेदिनीनगर** : पलामू उपायुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत ने शुक्रवार को अपने कार्यालय कक्ष में जिला शिक्षा पदाधिकारी, शिक्षा विभाग के बीआरपी, सीआरपी समेत अन्य अधिकारियों एवं कर्मियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग की। इस दौरान उन्होंने जनगणना-2027 के तहत चल रही स्व-गणना प्रक्रिया में तेजी लाने एवं आम जनों के बीच व्यापक प्रचार-प्रसार करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने कहा कि स्व-गणना का कार्य एक से 15 मई तक चल रहा है तथा अब इसमें सिर्फ चार दिन शेष रह गए हैं। ऐसे में सभी



अधिकारी एवं कर्मी अपने-अपने क्षेत्रों में लोगों को जागरूक करते हुए अधिकाधिक लोगों से स्व-गणना कराने की दिशा में कार्य करें। उन्होंने कहा कि वर्ष 2011 की जनगणना के अनुरूप अब तक जिले में स्व-गणना की प्रगति अपेक्षाकृत धीमी है। इसे गति देने के लिए शिक्षा विभाग की भूमिका महत्वपूर्ण है। बीआरपी, सीआरपी एवं शिक्षक गांव-गांव तक लोगों को जागरूक कर स्व-गणना के लिए प्रेरित करें। उपायुक्त ने कहा कि विद्यालयों एवं स्थानीय स्तर पर जनजागरूकता अभियान चलाकर लोगों को स्व-गणना की प्रक्रिया की जानकारी दी जाए ताकि अधिक से अधिक लोग इसमें भागीदारी सुनिश्चित कर सकें। उन्होंने सभी अधिकारियों एवं कर्मियों से इस कार्य में सक्रिय सहयोग देने की अपील की ताकि जिले में स्व-गणना का लक्ष्य समय पर पूरा किया जा सके। मौके पर अपर समाहर्ता कुंदन कुमार एवं जिला योजना पदाधिकारी समेत अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

### आप सभी भी ऐसे करें स्व-गणना

- आधिकारिक पोर्टल se.census.gov.in पर जाये।
- अपने मोबाइल नंबर से OTP के माध्यम से लॉगिन करें।
- अपना राज्य, जिला एवं स्थानीय विवरण चुनें।
- डिजिटल मानचित्र पर अपने घर का स्थान चिन्हित करें।
- मकान एवं परिवार से सम्बन्धित जानकारी भरें।
- सबमिशन के बाद आपको SE ID प्राप्त होगी।
- SE ID को सुरक्षित रखें।
- प्रगणक के आने पर SE ID दिखाएं।
- प्रगणक द्वारा जानकारी की पुष्टि की जायेगी।

## गोठगांव में चार उपयाजकों का पुरोहिताभिषेक सम्पन्न, हजारों लोग बने साक्षी



**महुआडांड़ (लातेहार)** : महुआडांड़ के पल्ली गोठगांव चर्च परिसर में सोमवार को चार उपयाजकों का पुरोहिताभिषेक सम्पन्न हुआ। समारोह की अध्यक्षता बिशप थियोडोर मस्कारेन्हास ने की। इस अवसर पर लगभग 50 पुरोहित, हजारों श्रद्धालु और नव अभिषिक्तों के परिजन उपस्थित रहे। सुबह 7 बजे प्रभु भोज के साथ कार्यक्रम की शुरूआत हुई, जिसमें पारम्परिक आदिवासी संगीत और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने माहौल को भक्तिमय बना दिया। अपने संदेश में बिशप मस्कारेन्हास ने पुरोहिताई के महत्व को बताते हुए सेवा, नम्रता और ईश्वर के प्रति पूर्ण समर्पण पर जोर दिया। उन्होंने नव अभिषिक्त फादर अजित कुजूर, फादर बीरबल कुजूर, फादर संजीवन खाखा और फादर समीर तिग्गा से विशेष रूप से गरीबों और जरूरतमंदों की सेवा करने का आह्वान किया।अभिषेक की मुख्य प्रक्रिया के दौरान हाथों के रखे जाने और प्रार्थना के बाद नव पुरोहितों को स्टोल और चासुबुल पहनाया गया, जो उनके नए दायित्व का प्रतीक है। इसके बाद उन्होंने अपने प्रथम मिस्सा में भाग लिया और उपस्थित श्रद्धालुओं, बिशप तथा अपने माता-पिता को आशीर्वाद दिया। पूरे आयोजन में पल्ली पुरोहित फादर अशोक नागेशिया, कैथोलिक सभा, महिला संघ, यूथ संघ और पल्ली के सभी विश्वासी सक्रिय रहे। कार्यक्रम का संचालन फादर दिगेश्वर भोगता ने किया, जबकि कोयर दल का नेतृत्व धर्मबहनों ने किया।

## उपायुक्त की अध्यक्षता में जिला स्तरीय खनन टास्क फोर्स की बैठक आयोजित

# अवैध बालू खनन पर सख्ती के निर्देश : उपायुक्त

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**बोकारो :** समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में उपायुक्त अजय नाथ झा की अध्यक्षता में जिला स्तरीय खनन टास्क फोर्स की बैठक आयोजित की गयी। बैठक में जिले में संचालित खनन गतिविधियों, अवैध बालू खनन एवं परिवहन की रोकथाम, वैध बालू घाटों के संचालन, खनिज संपदाओं की सुरक्षा तथा विभिन्न विभागों के बीच समन्वय को लेकर विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक के दौरान उपायुक्त ने स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि जिले में अवैध बालू खनन एवं खनिजों के अवैध परिवहन पर जीरो टॉलरेंस की नीति के तहत सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि अवैध खनन से राजस्व की क्षति होने के साथ-साथ पर्यावरणीय संतुलन भी प्रभावित होता है, इसलिए सभी संबंधित विभाग आपसी समन्वय के साथ अभियान चलाकर कार्रवाई करें। उपायुक्त ने जिला खनन पदाधिकारी को निर्देश दिया कि वन विभाग द्वारा अवैध खनन एवं परिवहन के विरुद्ध की गई कार्रवाई का प्रतिवेदन नियमित रूप से प्राप्त किया जाए। उन्होंने कहा कि वन विभाग, पुलिस प्रशासन, परिवहन विभाग एवं जिला प्रशासन संयुक्त रूप से अभियान चलाएं ताकि अवैध गतिविधियों



पर व्यापक नियंत्रण स्थापित किया जा सके। साथ ही संवेदनशील क्षेत्रों में नियमित छापेमारी अभियान चलाने एवं कार्रवाई की प्रगति रिपोर्ट उपलब्ध कराने का भी निर्देश दिया गया। बैठक में जिला खनन पदाधिकारी द्वारा जानकारी दी गयी कि जिले के कुल सात बालू घाटों में से दो बालू घाटों को स्वीकृति सहित अन्य आवश्यक क्लियरेंस प्राप्त हो चुकी है। इस पर उपायुक्त ने निर्देश दिया कि सभी औपचारिकताएं शीघ्र पूरी करते हुए दोनों घाटों का संचालन जल्द प्रारंभ कराया जाए, ताकि आम जनता एवं निर्माण कार्यों के लिए वैध रूप से बालू की उपलब्धता सुनिश्चित हो सके। उपायुक्त ने जिला परिवहन पदाधिकारी को निर्देश देते हुए कहा कि बिना नंबर प्लेट अथवा अवैध रूप से संचालित ट्रैक्टरों एवं वाहनों के विरुद्ध विशेष अभियान चलाया जाए। उन्होंने कहा कि कई मामलों में बिना पंजीकरण वाले वाहनों का उपयोग अवैध खनिज परिवहन में किया जाता है, जिसे किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने नियमित वाहन जांच अभियान चलाने एवं दोषी वाहन मालिकों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। बैठक के क्रम में जिला खनन पदाधिकारी रवि कुमार ने टास्क फोर्स द्वारा की गयी कार्रवाई की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 18 दिसंबर 2025 से 13 मार्च 2026 तक चलाए गए विशेष अभियान के दौरान बालू, पत्थर एवं कोयला से संबंधित कुल 301.825 खनिज जब्त किए गए। इस दौरान अवैध खनिज परिवहन एवं खनन में संलिप्त 46 वाहनों को जब्त किया गया, जबकि 12 प्राथमिकी दर्ज की गई। साथ ही विभिन्न मामलों में कुल 2.45 लाख रुपये की जुमार्ना राशि वसूली गयी।

## जनगणना 2026 के तहत स्व-गणना में सहभागिता को लेकर जिला प्रशासन की अपील

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**चतरा :** भारत सरकार द्वारा जनगणना 2026 के प्रथम चरण अंतर्गत मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना का कार्य झारखंड राज्य में 16 मई 2026 से 14 जून 2026 तक संचालित किया जाएगा। इसके पूर्व 01 मई 2026 से 15 मई 2026 तक आम नागरिकों के लिए स्वगणना की सुविधा उपलब्ध करायी गयी है। जिला प्रशासन, चतरा द्वारा बताया गया कि नागरिकों की सुविधा के लिए स्वगणना की प्रक्रिया ऑनलाइन माध्यम से समर्पित वेब पोर्टल SE Census Portal पर उपलब्ध है। इस माध्यम से नागरिक स्वयं अपने परिवार से संबंधित विवरण सरल, सुरक्षित एवं सुविधाजनक तरीके से दर्ज कर सकते हैं। जिला दंडाधिकारी-सह-उपायुक्त रवि आनंद ने जिलेवासियों से अपील करते हुए कहा कि जनगणना देश के विकास,



योजनाओं के निर्माण एवं संसाधनों के बेहतर निर्धारण से जुड़ा महत्वपूर्ण राष्ट्रीय कार्य है। उन्होंने कहा कि सभी नागरिक स्वगणना की सुविधा का अधिक से अधिक उपयोग करते हुए निर्धारित अवधि के भीतर अपनी सहभागिता सुनिश्चित करें। उपायुक्त ने सभी शासकीय विभागों, कार्यालयों, संस्थानों एवं संगठनों को अपने अधीनस्थ कर्मियों एवं कर्मचारियों को स्वगणना के प्रति जागरूक एवं प्रेरित करने का निर्देश दिया। साथ ही जनगणना कार्य से जुड़े पदाधिकारियों, प्रशिक्षकों, पर्यवेक्षकों एवं प्रगणकों को इस अभियान में सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करने को कहा।

## एक झलक

### तेनुघाट में पत्रकार संगठन ने की बैठक

**तेनुघाट :** ऑल इंडिया मीडियम एंड स्मॉल जर्नलिस्ट वेलफेयर एसोसिएशन की बैठक शनिवार को तेनुघाट में आयोजित की गयी। बैठक की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष नरेश कुमार सुरेश वर श्रीवास्तव ने की। बैठक में निर्णय लिया गया कि बेरमो अनुमंडल के वरिष्ठ एवं अनुभवी पत्रकारों को सम्मानित किया जायेगा, ताकि नए पत्रकारों को उनसे सीखने और प्रेरणा लेने का अवसर मिल सके। इसके साथ ही नए एवं उभरते पत्रकारों को भी सम्मानित करने का प्रस्ताव पारित किया गया। बैठक के दौरान पत्रकारिता के स्तर को बेहतर बनाने, संगठन को मजबूत करने तथा पत्रकारों के हितों की रक्षा को लेकर भी चर्चा की गयी। मौके पर प्रदेश कानूनी सलाहकार सुभाष कटरियार, बोकारो जिला अध्यक्ष प्रशांत कुमार सिन्हा, महासचिव शिव शंकर नोनिया उर्फ पप्पू चौहान, संरक्षक शैलेश चन्द्र, कार्यकारी अध्यक्ष बॉबी राज, उपाध्यक्ष जीवन सागर, पवन सिंह सहित अन्य पत्रकार उपस्थित थे।

### बारातियों को लेकर लौट रही पिकअप पलटी, दो की मौत

**पश्चिमी सिंहभूम :** पश्चिमी सिंहभूम जिले के मनोहरपुर थाना क्षेत्र के उंधन गांव के पास सोमवार तड़के एक सड़क हादसे में दो युवकों की मौत हो गयी, जबकि छह अन्य गम्भीर रूप से घायल हो गये। हादसा उस समय हुआ जब बारात से लौट रही बारातियों से भरी एक पिकअप वैन अनियंत्रित होकर पलट गया। घटना के बाद इलाके में अफरा-तफरी मच गयी और मौके पर ग्रामीणों की भारी भीड़ जुट गयी। मृतकों की पहचान बारंगा गांव निवासी 12 वर्षीय रोहन गोप और गोपीपुर गांव निवासी 25 वर्षीय दशरथ सरदार के रूप में हुई है। वहीं हादसे में घायल लोगों में गोपीपुर गांव के सूरज महतो (22), शिशुपाल मोदी (26), राहुल गोप (20), बारंगा गांव के गोपी मोदी (18), सौरभ लोहार (16) तथा मेदासाई गांव निवासी सुरेश गोप (48) शामिल हैं।

## जैक बोर्ड परीक्षा 2026 में गुमला का शानदार प्रदर्शन

# मेधावी विद्यार्थियों को किया गया सम्मानित

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**गुमला :** झारखंड अधिविद्य परिषद (जैक) द्वारा आयोजित वार्षिक माध्यमिक एवं इंटरमीडिएट परीक्षा 2026 में गुमला जिले के विद्यार्थियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन के उपलक्ष्य में सोमवार को नगर भवन, गुमला में भव्य सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस वर्ष गुमला जिले ने ऐतिहासिक उपलब्धि दर्ज करते हुए माध्यमिक परीक्षा में राज्य स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं इंटर कला संकाय में प्रथम, विज्ञान संकाय में द्वितीय तथा वाणिज्य संकाय में तृतीय स्थान हासिल कर जिले ने पूरे राज्य में अपनी शैक्षणिक उत्कृष्टता का परचम लहराया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपायुक्त दिलेश्वर महत्तो सहित जिले के वरीय प्रशासनिक एवं शिक्षा विभाग



के अधिकारी उपस्थित रहे। समारोह के दौरान माध्यमिक परीक्षा में राज्य स्तरीय सेकेंड टॉपर, जिला स्तर पर टॉप-10 में स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों तथा 90 प्रतिशत से अधिक अंक हासिल करने वाले कुल 310 विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। इंटरमीडिएट परीक्षा में जिला स्तर पर टॉप-10 स्थान प्राप्त करने वाले कुल 40 विद्यार्थियों को भी सम्मानित किया गया। इनमें कला संकाय के 16, वाणिज्य संकाय के 11 तथा विज्ञान संकाय के 13 विद्यार्थी शामिल रहे। इसके अलावा मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालयों के मैट्रिक परीक्षा में टॉप-3 स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों, कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालयों की मेधावी छात्राओं तथा नेताजी सुभाष चंद्र बोस आवासीय विद्यालय के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को भी सम्मानित किया गया।

## गुमला मंडल कारा का निरीक्षण

# बंदियों को विधिक अधिकारों व योजनाओं की दी गयी जानकारी

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**गुमला :** 90 डेज इंटेंसिव कैंपेन के तहत प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण गुमला अजीत कुमार सिंह के निर्देश पर सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण गुमला द्वारा मंडल कारा गुमला का निरीक्षण किया गया तथा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान बंदियों को नालसा एवं झालसा की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गई। साथ ही उन्हें उनके विधिक अधिकारों, केस की प्रक्रिया की चरणबद्ध जानकारी तथा न्यायिक सहायता प्रणाली के बारे में विस्तार से बताया गया। निरीक्षण के क्रम में यह सुनिश्चित किया गया कि जेल में निरुद्ध सभी बंदियों के पास अधिवक्ता उपलब्ध हैं या नहीं। इस पर कारा प्रशासन एवं एलईडीसीएस द्वारा बताया गया कि सभी बंदियों को अधिवक्ता उपलब्ध कराए गए हैं। जागरूकता कार्यक्रम के दौरान प्ली बारगेनिंग और प्लीड गिल्टी जैसे कानूनी प्रावधानों की भी जानकारी दी गई। इसके अलावा जेल में बंद कैदियों के भोजन की गुणवत्ता का भी निरीक्षण किया गया। सचिव डीएलएसए ने बताया कि अधिवक्ता बंदियों और न्यायालय के बीच एक महत्वपूर्ण सेतु का कार्य करते हैं। उन्होंने कहा कि हर बंदी को वकील रखना चाहिए और यदि कोई बंदी वकील रखने में असमर्थ है तो वह अपना आवेदन डालसा गुमला कार्यालय में भेज सकता है, जहां से उसे निशुल्क विधिक सहायता उपलब्ध करायी जायेगी। उन्होंने यह भी जानकारी दी कि बंदियों के परिवारों के लिए विधिक हेल्प डेस्क की स्थापना की गयी है, जहां जेल विजिटर लॉयर्स और पीएलवी के माध्यम से परिजनों को विधिक सलाह एवं सहायता प्रदान की जाती है।

**वरीय पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, राँची**

**सर्वसाधारण के लिए सूचना**



नाम–लक्ष्मी दास
उम्र–27 वर्ष,
उँचाई–5 फीट 3 ईंच,
रंग–साँवला,पहनावा–काला रंग का टी शर्ट एवं हरा रंग का पैंट पहनी हुई है।

उपरोक्त लापता महिला लक्ष्मी दास उम्र–27 वर्ष, पिता–विनोद कुमार दास, सा0–आनंद विहार कडरू, थाना–अरगोड़ा, जिला–राँची जो दिनांक–26.04.2026 को घर से बगैर बताए कहीं चली गई जो आजतक अपने घर वापस नहीं आई है। जिसके संबंध में नामकुम थाना सनहा संख्या–21/2026, दिनांक–26.04.2026 दर्ज कर इनकी खोजबीन की जा रही है। उपरोक्त सूचना को सार्वजनिक किया जाना आवश्यक है।

अतः सभी जनसाधारण से अनुरोध है कि यदि उपरोक्त लापता महिला कहीं मिलती/दिखती है तो इसके संबंध में वरीय पुलिस अधीक्षक के कार्यालय में या निम्नांकित फोन नम्बर पर संपर्क कर इसकी सूचना दें।

**Email ID**(rnc-dcb@jhpolice.gov.in)

पुलिस उपाधीक्षक, हटिया, राँची। –9431706143
थाना प्रभारी, अरगोड़, राँची। –9431706170

वरीय पुलिस अधीक्षक, राँची

PR 379511 (Police)26-27*D

## तेतुलिया मोजा वन भूमि बंदोबस्ती मामला फिर चर्चा में, पूर्व डीएफओ की कार्रवाई की हो रही सराहना

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**बोकारो :** चास अंचल अंतर्गत तेतुलिया मोजा की वन विभाग की जमीन को कथित रूप से गलत तरीके से बंदोबस्त कर खरीद-बिक्री किए जाने का मामला एक बार फिर चर्चा में आ गया है। इस प्रकरण में तत्कालीन डीएफओ रजनीश कुमार द्वारा न्यायालय में मामला दर्ज कराए जाने के बाद प्रशासनिक हलकों में हलचल मच गयी थी। जानकारी के अनुसार, वन भूमि को अवैध तरीके से बंदोबस्त कर निजी लोगों के नाम हस्तांतरित किए जाने की शिकायत लंबे समय से उठती रही है। मामले की गंभीरता को देखते हुए तत्कालीन डीएफओ रजनीश कुमार ने संबंधित दस्तावेजों की जांच कर न्यायालय की शरण ली थी। उनके इस कदम के बाद कई लोगों में हड़कंप मच गया था। हालांकि बाद में उनका स्थानांतरण हो गया, लेकिन अब यह मामला फिर सुर्खियों में है। स्थानीय लोगों का कहना है कि 'सच आखिरकार सामने आ ही जाता है' और वन भूमि की सुरक्षा को लेकर उठाए गए कदम को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। वन बचाओ समिति के केन्द्रीय उपाध्यक्ष विष्णु चरण महतो ने तत्कालीन डीएफओ रजनीश कुमार की कार्रवाई की सराहना करते हुए कहा कि बोकारो जिले में बड़े पैमाने पर वन भूमि को गलत तरीके से बंदोबस्त कर कब्जा और खरीद-बिक्री की गयी है। उन्होंने कहा कि ऐसे सभी मामलों की निष्पक्ष जांच होनी चाहिए तथा जिन अधिकारियों और कर्मचारियों की भूमिका संदिग्ध हो, उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए। उन्होंने मांग करते हुए कहा कि जिले में जितनी भी वन भूमि का नियम विरुद्ध बंदोबस्त किया गया है, उसे तत्काल निरस्त किया जाये।



## सड़क निर्माण में अनियमितता का आरोप

# ग्रामीणों ने उठाये गुणवत्ता पर सवाल



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**लातेहार :** शहर के पानी टंकी मोड़ से चंदनडीह तक बन रही पीसीसी सड़क निर्माण में अनियमितता को लेकर स्थानीय ग्रामीणों ने गंभीर आरोप लगाए हैं। ग्रामीण कार्य विभाग की देखरेख में हो रहे इस निर्माण कार्य में गुणवत्ता मानकों की अनदेखी किए जाने का दावा किया जा रहा है।ग्रामीणों का कहना है कि यह सड़क क्षेत्र के लिए बेहद महत्वपूर्ण है, क्योंकि इसी मार्ग से स्कूल, अस्पताल समेत कई गांव जुड़े हुए हैं। सड़क की जर्जर स्थिति के कारण खासकर बरसात के दिनों में लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता था। लंबे इंतजार के बाद सड़क निर्माण शुरू होने से लोगों में उम्मीद जगी थी, लेकिन निर्माण कार्य की गुणवत्ता को लेकर अब नाराजगी बढ़ने लगी है। स्थानीय लोगों के अनुसार बिना पुरानी सड़क की समुचित सफाई किये ही धूल-धूसरित सतह पर पीसीसी ढलाई की जा रही है। ग्रामीणों ने बताया कि निर्माण मानकों के मुताबिक जहां पहले से पीसीसी सड़क मौजूद है, वहां छह इंच ढलाई का प्रावधान है, जबकि मिट्टी या मोरम वाली सड़क पर बॉक्स कटिंग कर आठ इंच ढलाई की जानी चाहिए। आरोप है कि इन मानकों का पालन नहीं किया जा रहा है। इस मामले पर नगर पंचायत अध्यक्ष महेश सिंह ने कहा कि यह सड़क शहर और आसपास के गांवों के लिए काफी महत्वपूर्ण है, इसलिए निर्माण कार्य में गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं होना चाहिए।

**कार्यालय उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी, राँची**
**(सामाजिक सुरक्षा कोषांग)**
**जिला बाल संरक्षण इकाई**

**–: आवश्यक सूचना :–**

महिला, बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग, झारखण्ड सरकार, राँची की अधिसूचना संख्या–2685, दिनांक–24.10.2024 के आलोक में लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम, 2012 (POCSO) एवं नियम 2020 के अन्तर्गत सहायक व्यक्ति (Support Person) के पैनल के निर्माण के उद्देश्य से नियुक्ति हेतु विज्ञापन संख्या–01/2026 द्वारा आवेदन आमंत्रित किया गया था। गठित चयन समिति द्वारा प्राप्त आवेदनों की जाँचोंपरांत योग्य पाये गये अभ्यर्थियों की सूची जिले के वेबसाईट www.ranchi.nic.in पर अपलोड की गयी है।

निदेशानुसार योग्य अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि दिनांक–12.05.2026 दिन मंगलवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सभागार कक्ष, व्यवहार न्यायालय, राँची में साक्षात्कार आयोजित किया गया है जिसमें अपने मूल दस्तावेजों के साथ उपस्थित रहना सुनिश्चित करेंगे। साक्षात्कार के निर्धारित तिथि के पश्चात् किसी प्रकार का दावा मान्य नहीं होगा।

ह०/–
सदस्य सचिव –सह–
जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी, राँची।

PR.NO.379463 Women, Child Development & Social Security(26-27):D

**न्यायालय, उपायुक्त -सह- जिला दण्डाधिकारी, लातेहार**

भूमि बिक्री अनुमति वाद संख्या–21/2026

**आम इस्तेहार**

आवेदक रामदयाल राम पिता–स्व0 बालेश्वर राम उर्फ बालेश्वर मोची, सा0–थाना चौंक, स्टेशन रोड, लातेहार, थाना+जिला–लातेहार द्वारा मानमती देवी, पति–लक्ष्मण पासी, सा0–पतरातु, पो0–कैमा, थाना+जिला–लातेहार के साथ भूमि बिक्री के लिए अनुमति हेतु छोटानागपुर कास्तकारी अधिनियम की धारा– 46(1–बी) के अंतर्गत आवेदन पत्र दाखिल किया है।

भूमि का विवरण

| मौजा | खाता | प्लॉट | रकबा |
|---|---|---|---|
| कोमो | 31 | 16 | $0.04\frac{1}{2}$एकड़ |

एतद् द्वारा हर आम व खाश को सूचित किया जाता है कि इस भूमि अंतरण के विरूद्ध किसी को आपत्ति हो, तो स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी के न्यायालय में आम–इस्तेहार निर्गत की तिथि से एक पक्ष (15 दिनों) के अंदर आपत्ति दायर कर सकते है। समय सीमा समाप्ति के बाद प्राप्त आपत्ति आवेदन पर विचार नहीं किया जायेगा।

प्रभारी उप समाहर्त्ता,
जिला विधि शाखा, लातेहार

PR 379445 District (26-27)_D

## अरुण कुमार पाण्डे बने कांग्रेस के जिला महासचिव, कृष्णा लोहार को भी मिली जिम्मेदारी



**गुमला (फ्रीडम फाइटर संवाददाता) :** कांग्रेस पार्टी ने संगठन को मजबूत करने की दिशा में बड़ा निर्णय लेते हुए घाघरा प्रखंड के वरिष्ठ नेता अरुण कुमार पांडे को गुमला जिला महासचिव नियुक्त किया है। वहीं सक्रिय कार्यकर्ता कृष्णा लोहार को भी महासचिव की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इस निर्णय के बाद कार्यकताओं में उत्साह का माहौल देखा जा रहा है। अरुण कुमार पांडे ने लगातार 12 वर्षों तक घाघरा प्रखंड अध्यक्ष के रूप में संगठन की जिम्मेदारियों का सफलतापूर्वक निर्वहन किया है। उनकी संगठन के प्रति निष्ठा, सक्रियता और जमीनी पकड़ को देखते हुए पार्टी नेतृत्व ने उन्हें जिला स्तर पर महत्वपूर्ण जिम्मेदारी प्रदान की है। नियुक्ति की घोषणा के बाद कांग्रेस कार्यकताओं एवं समर्थकों ने दोनों नेताओं को बधाई देते हुए खुशी व्यक्त की। कार्यकताओं का कहना है कि अरुण कुमार पांडे और कृष्णा लोहार के नेतृत्व में संगठन को और अधिक मजबूती मिलेगी। इस अवसर पर अरुण कुमार पांडे ने पार्टी नेतृत्व के प्रति आभार जताते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी ने जिस विश्वास के साथ उन्हें यह जिम्मेदारी सौंपी है, वह उसे पूरी ईमानदारी और निष्ठा के साथ निभाएंगे। उन्होंने कहा कि संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करना उनकी प्राथमिकता होगी तथा पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य किया जाएगा।

## यूपीएससी भारतीय वन सेवा में देशभर में दूसरा स्थान हासिल करनेवाले अंशुमन कुमार सिंह का ग्रिजली विद्यालय में भव्य सम्मान

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**कोडरमा :** तिलैया डैम स्थित ग्रिजली विद्यालय के सभागार में विद्यालय के पूर्व छात्र एवं संघ लोक सेवा आयोग के माध्यम से भारतीय वन सेवा में अखिल भारतीय द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले अंशुमन कुमार सिंह के सम्मान में भव्य अभिनंदन समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में कक्षा 11 एवं 12 के विद्यार्थियों के साथ वरिष्ठ माध्यमिक अनुभाग के शिक्षकगण भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में विद्यालय के निदेशक अविनाश सेठ, सीईओ प्रकाश गुप्ता तथा सीओओ तनिष्क सेठ विशेष रूप से मौजूद रहे। इसके अलावा वरिष्ठ माध्यमिक समन्वयक विजय कुमार सिंह एवं जितेंद्र चौधरी, स्टूडेंट्स सर्विस सेल समन्वयक सुधांशु कुमार, स्पोर्ट्स कॉर्डिनेटर प्रीतम हरी, शिक्षक अमित राय, संतोष कुमार, सुशांत कुमार, रथिन बर्धन एवं एस.के. जायसवाल भी कार्यक्रम में शामिल हुए। अंशुमन कुमार सिंह अपने परिवार के सदस्यों के साथ समारोह में पहुंचे। इस अवसर पर उनके भाई अभिनव सिंह



(निदेशक, मार्कोस डिफेंस अकादमी), माता सुनीता देवी, पत्नी शांभवी सिंह, भाभी रजनी सिंह तथा मामा बिंदु सिंह उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरूआत छात्र सेवा प्रकोष्ठ समन्वयक सुधांशु कुमार के स्वागत भाषण से हुई। इसके बाद वरिष्ठ माध्यमिक समन्वयक विजय कुमार सिंह एवं जितेंद्र चौधरी ने पौधा भेंट कर अंशुमन कुमार सिंह का अभिनंदन किया। अंशुमन कुमार सिंह, जो एक पूर्व ग्रिजलियन हैं, वर्तमान में गोवा में डिप्टी कमांडेंट के पद पर कार्यरत हैं। उन्होंने वर्ष 2011 में सीबीएसई जिला टॉपर बनकर विद्यालय का नाम रोशन किया था। अब भारतीय वन सेवा परीक्षा में अखिल भारतीय द्वितीय स्थान प्राप्त कर उन्होंने विद्यालय, जिले एवं राज्य को गौरवान्वित किया है। अपने प्रेरणादायी संबोधन में अंशुमन कुमार सिंह ने विद्यार्थियों को यूपीएससी जैसी प्रतिष्ठित परीक्षा की तैयारी के लिए अनुशासन, निरंतर अध्ययन, समय प्रबंधन एवं आत्मविश्वास को सफलता का मूल मंत्र बताया।

**e- Procurement Cell**
**Office of The Executive Engineer,**
**Building Construction Department, Building Division, Chatra.**

**अल्पकालीन ई–प्रोक्योरमेंट नोटिस**

ई–टेन्डर रेफरेन्स नं०– **BCD/EE/CHATRA/ 04/2026-27** दिनांकः– 11.05.2026

| क्र० | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रू०) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|
| 1 | Construction of 6 (Six) Additional Classrooms (ACR) in High School Bagra More, Panchyat Serendag Block-Simaria | Rs. 69,03,300.00 | (08) Months |
| i | वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि | 19.05.2026 | |
| ii | वेबसाईट में निविदा डालने की अंतिम तिथि एवं समय | 28 -05-2026 को अपराह्न 3.00 बजे | |
| iii | निविदा खोलने की तिथि एवं समय | 29 -05-2026 को अपराह्न 3.00 बजे | |
| iv | निविदा प्रकाशित करने वाले कार्यालय का नाम एवं पता | e- Procurement Cell Office of The Executive Engineer, Building Construction Department, Building Division, Chatra | |
| v | प्रोक्योरमेंट पदाधिकारी का सम्पर्क संख्या | 9939428677 | |
| vi | ई–प्रोक्योरमेंट सेल का हेल्पलाईन संख्या | 9650057169 | |

- किसी भी प्रकार का बदलाव *http:// Jharkhandtenders.gov.in* पर देखा जा सकता है।
- अन्य किसी भी प्रकार की सूचना *http:// Jharkhandtenders.gov.in* पर देखा जा सकता है।

*note: UCAN Registration is mandatory for the bidders.*

Nodal Officer
e- Procurement Cell
Office of The Executive Engineer,
Building Construction Department,
Building Division, Chatra

PR 379496 (Building) 26-27 (D)

## मॉडर्न पब्लिक स्कूल में 'स्वस्थ बालिका, सशक्त कल' विषय पर जागरूकता सत्र आयोजित

# शिक्षा और स्वास्थ्य से होगा सशक्त समाज का निर्माण : डॉ. शिल्पी

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**झुमरी तिलैया :** मॉडर्न पब्लिक स्कूल, झुमरी तिलैया के सभागार में बालिकाओं के सर्वांगीण विकास और स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता लाने के उद्देश्य से 'स्वस्थ बालिका, सशक्त कल' विषय पर एक विशेष जागरूकता सत्र का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में शहर की जानी-मानी स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. शिल्पी काजल उपस्थित रहीं, जिन्होंने कक्षा 6 से 12 तक की छात्राओं का मार्गदर्शन किया। सत्र को सम्बोधित करते हुए डॉ. शिल्पी काजल ने किशोरावस्था के दौरान



शरीर में होने वाले हार्मोनल और शारीरिक परिवर्तनों पर वैज्ञानिक दृष्टिकोण साझा किया। उन्होंने विशेष रूप से मासिक धर्म स्वच्छता (Menstrual Hygiene), संतुलित आहार की आवश्यकता और आयरन की कमी (एनीमिया) से बचाव के तरीकों पर विस्तार से जानकारी दी। डॉ. काजल ने व्यक्तिगत साफ-सफाई के महत्व को रेखांकित करते हुए छात्राओं को आत्मविश्वासी बनने के लिए प्रेरित किया। माहवारी से जुड़ी सामाजिक भ्रांतियों पर प्रहार करते हुए डॉ. काजल ने कहा, 'माहवारी शर्म का विषय नहीं, बल्कि एक सामान्य जैविक प्रक्रिया और गर्व का विषय है। स्वच्छता और सही जानकारी हर बालिका का मौलिक अधिकार है। जब आप शिक्षित और स्वस्थ होंगी, तभी एक सशक्त समाज का निर्माण संभव है।' उन्होंने छात्राओं को पुरानी परंपराओं के पीछे छिपे अंधविश्वासों को छोड़कर वैज्ञानिक आदतों को अपनाने की सलाह दी। इस सत्र की सबसे खास बात छात्राओं की सक्रिय भागीदारी रही। कार्यक्रम में विद्यालय की 200 से अधिक छात्राओं और महिला शिक्षिकाओं ने हिस्सा लिया। प्रश्नोत्तर सत्र (Q&A Session) के दौरान छात्राओं ने किशोरावस्था से जुड़ी अपनी समस्याओं और स्वास्थ्य संबंधी शंकाओं पर खुलकर डॉ. काजल से बातचीत की, जिसका उन्होंने बहुत ही सरल और प्रभावी ढंग से समाधान किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य जी. सी. वर्मा ने मुख्य वक्ता का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि किशोरावस्था में बालिकाओं को सही परामर्श मिलना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने बताया कि विद्यालय का मुख्य उद्देश्य छात्राओं को एक ऐसा वातावरण देना है जहाँ वे बिना किसी झिझक के अपने स्वास्थ्य और शारीरिक परिवर्तनों पर चर्चा कर सकें। विद्यालय समय-समय पर ऐसे सत्र आयोजित कर छात्राओं के मानसिक और शारीरिक विकास के लिए प्रतिबद्ध है।

## एक झलक

### कटिहार में 19 से शुरू होगा सहयोग शिविर

**कटिहार** : आम नागरिकों की शिकायतों के त्वरित समाधान के लिए बिहार सरकार 19 मई से पंचायत स्तर पर स्हयोग शिविर शुरू करेगी। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने सोमवार को सहयोग हेल्पलाइन नंबर 1100 का लोकार्पण किया। शिविर तिथि: प्रत्येक माह के प्रथम एवं तृतीय मंगलवार को पंचायत सरकार भवन या सार्वजनिक स्थल पर। पहला शिविर 19 मई 2026 को होगा। शिकायत निष्पादन : सभी विभागों को 30 दिनों के भीतर आवेदनों का निपटारा करने का निर्देश। शिविर से 30 दिन पूर्व आवेदन लिए जाएंगे। समाधान होंगे : दाखिल-खारिज, परिमार्जन, आवास, पेंशन, राशन कार्ड, जाति, आय, निवास प्रमाण पत्र, एफआईआर, महिला सुरक्षा समेत अन्य मामले। मॉनिटरिंग : जिला स्तरीय अनुश्रवण कोषांग रियल टाइम मॉनिटरिंग करेगा। लापरवाही पर कड़ी कार्रवाई होगी। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से हुए कार्यक्रम में सभी मंत्री, सचिव, डीएम व एसपी को प्रशिक्षण दिया। कटिहार डीएम आशुतोष द्विवेदी समाहरणालय के एनआईसी सभागार से सभी जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ जुड़े।

### 20 लाख रंगदारी नहीं देने पर दबंगों ने तोड़ी चारदीवारी, जान से मारने की धमकी

**भागलपुर** : जिले के औद्योगिक प्रक्षेत्र थाना क्षेत्र स्थित बसंत विहार कॉलोनी में जमीन विवाद का मामला प्रकाश में आया है। जीरो माइल निवासी पारस तांती ने आरोप लगाया है कि जमीन खरीदकर मकान निर्माण शुरू करते ही दबंगों ने 20 लाख रुपये की रंगदारी मांगी और विरोध करने पर मारपीट कर बाउंड्री तोड़ दी। पीड़ित के अनुसार उन्होंने पटेल बाबू रोड निवासी विद्या साहा से 625 वर्ग फीट जमीन खरीदी थी। आरोप है कि 5 अप्रैल को सुबोध पासवान, नितेश यादव समेत कई लोग हथियार लेकर पहुंचे और धमकी दी कि रंगदारी दो, नहीं तो घर नहीं बनने देंगे। पारस तांती का कहना है कि पैसे देने से इनकार करने पर उनके साथ मारपीट की गई और जमीन पर बनाई गई बाउंड्री को क्षतिग्रस्त कर दिया गया। वहीं जमीन विक्रेता विद्या साहा ने भी दबंगों पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा कि आरोपियों ने जमीन पर मिट्टी गिराकर कब्जा करने की कोशिश की और धमकी दी कि यह जमीन किसी और को नहीं लेने देंगे।

### पोक्सो मामले में आरोपी को 20 वर्ष की सजा

**किशनगंज** : किशनगंज में पोक्सो अधिनियम के तहत दर्ज एक गंभीर मामले में अदालत ने अहम फैसला सुनाते हुए आरोपी को 20 वर्ष की सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। सोमवार को अनन्य विशेष न्यायाधीश पोक्सो अधिनियम दीप चंद पाण्डेय की अदालत ने दिघलबैंक प्रखंड अंतर्गत सुल्तानगंज निवासी आरोपी नूर आलम को नाबालिग के साथ दुष्कर्म के मामले में दोषी पाते हुए सजा सुनाई। अदालत ने आरोपी पर 71 हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया है। न्यायालय ने निर्देश दिया कि अर्थदंड की राशि पीड़िता को दी जाएगी। यदि आरोपी जुर्माने की राशि जमा नहीं करता है तो उसे अतिरिक्त छह माह की सजा काटनी होगी।

## बिहार में पंचायत स्तर पर लगेंगे सहयोग शिविर

# 30 दिनों में होगा समस्याओं का समाधान : सम्राट चौधरी

एजेंसी



**पटना** : बिहार सरकार ने आम लोगों की समस्याओं के त्वरित और पारदर्शी समाधान के लिए पंचायत स्तर पर सहयोग शिविर आयोजित करने की नई व्यवस्था शुरू की है। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने सोमवार को मुख्यमंत्री सचिवालय स्थित संवाद भवन में सहयोग हेल्पलाइन नंबर 1100 और सहयोग पोर्टल ह्यसहयोग.बिहार.जीओवी.इन (Sahyog.Bihar.gov.in) के रियल टाइम मॉनिटरिंग सिस्टम का रिमोट के माध्यम से लोकार्पण किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार आम नागरिकों की समस्याओं के प्रभावी और समयबद्ध समाधान के लिए लगातार प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार भी विभिन्न यात्राओं के माध्यम से लोगों की समस्याओं का त्वरित समाधान कराने का प्रयास करते रहे हैं। अब सरकार ने पंचायत स्तर पर सहयोग शिविर लगाकर 30 दिनों के भीतर समस्याओं के समाधान का लक्ष्य तय किया है। मुख्यमंत्री ने बताया कि प्रत्येक माह के पहले और तीसरे मंगलवार को बिहार के सभी पंचायतों में सहयोग शिविर आयोजित किए जाएंगे। इन शिविरों में प्रतिनियुक्त अधिकारी लोगों की शिकायतों का निष्पक्ष, पारदर्शी और समयबद्ध तरीके से निपटारा सुनिश्चित करेंगे। जिलाधिकारी (डीएम) और पुलिस अधीक्षक (एसपी) इसकी रियल टाइम मॉनिटरिंग करेंगे। सम्राट चौधरी ने कहा कि अब तक लोग अपनी शिकायतें जिलाधिकारी को सौंपते थे, जिसके बाद आवेदन संबंधित अधिकारियों को भेज दिए जाते थे। हालांकि, शिकायतों के निपटारे की कोई तय समय सीमा नहीं होने के कारण लोगों को काफी परेशानी होती थी। इसी समस्या को देखते हुए सरकार ने पंचायत स्तर पर शिविर लगाने और शिकायतों के समाधान के लिए 30 दिनों की समय सीमा तय करने का निर्णय लिया है। उन्होंने अधिकारियों को चेतावनी देते हुए कहा कि यदि कोई संबंधित अधिकारी 30 दिनों के भीतर आवेदन का निष्पादन नहीं करता, फाइल लंबित रखता है या लापरवाही बरतता है, तो उसे स्वतः 31वें दिन निलंबित माना जाएगा।

### अपराधी पुलिस को चैलेंज करेगा, तो 48 घंटे में जवाब मिलेगा



**पटना** : मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने सोमवार को राजधानी पटना के मंदिरी नाला सड़क परियोजना का उद्घाटन किया। इस मौके पर उन्होंने कानून व्यवस्था को लेकर कहा कि अगर कोई पुलिस को चुनौती देगा तो 48 घंटे के भीतर जवाब मिलेगा। उन्होंने साफ कहा कि अपराध करने वालों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा और सरकार की प्राथमिकता हर हाल में सुशासन कायम रखना है। सम्राट चौधरी ने कहा कि "मैंने पुलिस का हाथ खोल दिया है। पुलिस को स्पष्ट निर्देश दिया गया है कि अगर कोई उन्हें चुनौती देता है तो 48 घंटे के भीतर जवाब दें। सरकार के लिए यह मायने नहीं रखता कि अपराधी किस जाति या धर्म का है। अपराध करने वाला किसी भी हाल में बच नहीं सकता। बिहार में कानून का राज है और इसे बरकरार रखना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। सम्राट चौधरी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में बिहार तेजी से आर्थिक रूप से मजबूत हो रहा है। सरकार राज्य में इंडस्ट्री को बढ़ावा देने की दिशा में भी तेजी से काम कर रही है। उन्होंने कहा कि उद्योग लगाने के लिए सबसे जरूरी चीज सुशासन और कानून का राज है। इसी कारण सरकार अपराध और अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई कर रही है।

मुख्यमंत्री ने भूमि विवाद और जमीन संबंधी मामलों के निष्पक्ष समाधान पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा कि सभी भूमि का रिकॉर्ड और उसके स्वामित्व का पूरा विवरण सुरक्षित रखा जाना चाहिए। सरकारी जमीनों का स्पष्ट ब्योरा उपलब्ध हो तथा ऐसे भूखंडों की भी जानकारी रखी जाए, जहां लोग 20, 30 या 40 वर्षों से रह रहे हैं।

## पिछड़ा वर्ग संघर्ष मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष जयप्रकाश वर्मा की अध्यक्षता में बैठक सम्पन्न

फ्रीडम फाइटर संवाददाता



**गुमला** : उक्त बैठक मैं भारी संख्या में विभिन्न पिछडे समाज से संबंध रखने वाले समाजसेवी बुद्धिजीवी भारी संख्या में उपस्थित हुए यह बैठक रांची के हेमसी हाइट कचहरी रोड मे हुई । प्रदेश सम्मेलन में मुख्य रूप से 1- पिछड़ों को नौकरियों में 36% आरक्षण देने की मांग, 2- पंचायत चुनाव में पिछड़ों का आरक्षण सुनिश्चित करना । 3- झारखंड के प्राइवेट सेक्टर की नौकरियों में भी पिछड़ों का आरक्षण प्रदान करना,4- झारखंड के जिन जिलों पिछड़ों का आरक्षण शून्य या काम है वहां पर जनसंख्या के आधार पर आरक्षण प्रदान करना, 5- लोकसभा और विधानसभा में ओबीसी महिला का आरक्षण तय करना के अलावा पिछड़ों के हित से संबंधित अन्य विषयों पर विचार विमर्श किया गया। प्रदेश सम्मेलन को संबोधित करते हुए प्रो जय प्रकाश वर्मा ने कहा पिछड़ी आपस में जातियों में बटे हैं उसे मिटा कर एक हो संघर्ष करना होगा तभी अधिकार प्राप्त हो सकेंगे, प्रो वर्मा ने कहा कि झारखंड के सभी जिलों में धरना एवं प्रदर्शन आयोजित किए जाएंगे उसके बाद रांची में महाजुटान किया जाएगा। इस बैठक का संचालन अब्दुल खालिक एवं मंत्री सुरेंद्र कुशवाहा ने संयुक्त रूप से किया, प्रदेश सम्मेलन में जिलों के अध्यक्षगण, प्रभारीगण के अलावा पूर्व सांसद सूरज मंडल , प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष दिलीप कुमार सोनी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष क्रमशः अब्दुल खालीक, अरुण कश्यप ,उपेंद्र नारायण सिंह, इंद्रदेव महतो, महामंत्री पप्पू रावत, प्रधान महामंत्री सदन प्रजापति, प्रवक्ता सागर कुमार , विजय महतो , जयंत पटेल, प्रो. विवेकानंद कुशवाहा, हेमंत गुप्ता, रंजना जयसवाल, रोहित शर्मा, राम नरेश यादव, इंद्रदेव प्रसाद, राजू वर्मा , प्रवीण मेहता , विक्रांत विश्वकर्मा , कुशेश्वर महतो , तेजलाल महतो , विक्रम महतो , ललित चौधरी , अजित विश्वकर्मा , अवध बिहारी के अलावा सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद थे।

## हज यात्रियों का जत्था दिल्ली रवाना, भावपूर्ण माहौल में माला पहना दी विदाई

**अररिया** : फारबिसगंज के किरकिचिया पंचायत के कोढ़ेली बस्ती से हज यात्रियों का एक जत्था सोमवार को दिल्ली के लिए रवाना हुआ। हज यात्रा पर जा रहे जायरीनों की विदाई के दौरान पूरे गांव में भावपूर्ण धार्मिक माहौल रहा। बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने हज यात्रियों को फूल-माला पहनाकर एवं दुआओं के साथ विदा किया। हज यात्रा पर जाने वालों में मो. जावेद अंसारी, मो. जलाल अंसारी, हजरुन खातून सहित अन्य शामिल हैं। बताया गया कि सभी यात्री दिल्ली पहुंचने के बाद 14 मई को मक्का शरीफ के लिए सीधी उड़ान भरेंगे। हज यात्रा इस्लाम धर्म की महत्वपूर्ण इबादतों में से एक मानी जाती है, जिसे लेकर यात्रियों एवं उनके परिजनों में काफी उत्साह देखा गया।

## मां छिन्नमस्ता मंदिर में सुविधा बढ़ाने की मांग : बिनू कुमार

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**गोला (रामगढ़)** : प्रख्यात सिद्ध पीठ रजरप्पा स्थित माँ छिन्नमस्ता मंदिर में बाबा बैजनाथ धाम देवघर एवं माँ वैष्णो देवी मंदिर के तर्ज पर बेहतर सुविधा एवं न्याय समिति का गठन, प्रसाद का रसीद, पार्किंग सुविधा श्रद्धालुओं के लिए उपलब्ध कराई जाए। उपरोक्त बातें पुर्व प्रत्याशी रामगढ़ विधानसभा के बिनू कुमार महतो ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि, 1.श्रद्धालुओं के लिए दर्शन हेतु तीन तरह के व्यवस्था किया जाए ।

( !) शीघ्र दर्शन लाइन (वीआईपी पास) 500 रूपए

( !!) दर्शन लाइन द्वितीय (वीआईपी पास) 200 रूपए

( !!!) दर्शन नॉर्मल लाइन निशुल्क

2. श्रद्धालुओं के द्वारा जो बकरे की बलि दी जाती है उस बकरे का सिर मंदिर कमिटि के अंदर चला जाता है उसके बाद मंदिर कमेटी के द्वारा उस बकरे के सिर को दूसरे श्रद्धालुओं के पास मनमाने दाम पर बेच दिया जाता है उसका मूल्य 50 से ज्यादा ना रखा जाए और रसीद के साथ लाइन लगा कर दिया जाए ।



3. बकरे का जो धड़ मंदिर के अगल-बगल नदी के किनारे बनाकर खाने के लिए बाल छीलने का जो रीति रिवाज है उसे नदी में नहीं साफ करवा कर उसे एक स्थान दिया जाए जहां पर बकरे को साफ कर उसे निकलने वाले गंदगी को एक कुडा फेंकने की जगह चयन किया जाए ताकि नदी को दूषित होने से बचाया जाए ।

4. श्रद्धालुओं के लिए रात्रि विश्राम हेतु 200 बड़े गृह का निर्माण कराया जाए उसका किराया निःशुल्क रखा जाए ,

5. श्रद्धालुओं के शौचालय एवं स्नानघर नदी के किनारे अलग-अलग दो जगहों पर व्यवस्था किया जाए ताकि नदी साफ सफाई रखा जा सके

6. मंदिर न्यास कमिटी के सदस्यों में स्थानीय प्रखंड स्तरीय के विभिन्न दलों से 11 सदस्यों का भी नाम जोड़ा जाए

7. पुजारियों के लिए सुविधा के आधार पर एक साल के लिए बहाल किया जाए ।

## गिरगांव पंचायत में गढ़वाल टूटा, सड़क पर मंडराया खतरा, ग्रामीणों ने बीडीओ से की मरम्मत की मांग



फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**गुमला** : जिले के घाघरा प्रखंड के सुदूरवर्ती दिरगांव पंचायत में पंचायत सचिवालय आने-जाने वाले मुख्य मार्ग पर संकट मंडरा रहा है। अड़िया नदी धाम के समीप बने गढ़वाल के टूट जाने से पक्की सड़क क्षतिग्रस्त होने का खतरा उत्पन्न हो गया है। ग्रामीणों ने प्रखंड विकास पदाधिकारी (बीडीओ) से मिलकर शीघ्र मरम्मत की मांग की है। ग्रामीणों ने बताया कि गढ़वाल टूटने से बरसात के दौरान सड़क बहने की आशंका बढ़ गई है। समय रहते मरम्मत न हुई तो दर्जनों गांवों का संपर्क मुख्यालय से पूरी तरह कट जाएगा। इस सड़क से प्रतिदिन छात्र-छात्राएं, मैट्रिक परीक्षा देने वाले युवा एवं आमजन आवागमन करते हैं, जिससे लोगों में चिंता का माहौल है। गिरगांव पंचायत के ग्रामीण प्रखंड कार्यालय पहुंचे और बीडीओ को समस्या बताते हुए आवेदन सौंपा। उन्होंने कहा कि यह क्षेत्र के कई गांवों की मुख्य जीवनरेखा है, क्षति होने पर भारी परेशानी होगी। बीडीओ ने बात को गंभीरता से लेते हुए कहा कि अभियंता द्वारा गढ़वाल का आकलन कराया जाएगा। रिपोर्ट बनने के बाद जिला प्रशासन को भेजकर तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। ग्रामीणों ने आश्वासन पर संतोष जताया, लेकिन शीघ्र कार्य की मांग दोहराई।

## गगनभेदी जयघोष के साथ प्राचीन महावीर मंदिर में भव्य कलश यात्रा

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**ओरमांझी** : प्रखंड के प्राचीन महावीर मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ एवं राम कथा के पांच दिवसीय अनुष्ठान का भव्य शुभारंभ रविवार को हुआ। श्रद्धा, भक्ति और सनातन आस्था के संगम के बीच आयोजित इस भव्य कलश यात्रा में सैकड़ों की संख्या में मातृशक्ति और श्रद्धालुओं ने हिस्सा लिया। जय श्रीराम और बजरंगबली के गगनभेदी जयघोष से पूरा क्षेत्र भक्तिमय हो उठा।

**पवित्र डोमा नदी से भरा गया जल**

**कलश** यात्रा का शुभारंभ डोमा नदी से हुआ, जहां महिलाओं ने विधि-विधान के साथ कलश में जल भरा। इसके पश्चात रंग-बिरंगे परिधानों में सजी सैकड़ों महिलाओं ने माथे पर कलश लेकर नगर भ्रमण किया। शंख ध्वनि और ढोल-नगाड़ों की थाप पर भक्त झूमते नजर आए, जिससे समूचा ओरमांझी क्षेत्र राम नाम की भक्ति में सराबोर हो गया।

**समिति की सक्रियता से सफल हुआ आयोजन**



### सनातन चेतना का पुनर्जागरण : आदित्य साहू

**यज्ञ** एवं प्रवचन के शुभारंभ पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित भाजपा प्रदेश अध्यक्ष आदित्य प्रसाद साहू ने श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा, आज पूरे भारतवर्ष में सनातन धर्म की चेतना पुनः जागृत हो रही है। गांव-गांव में हो रहे ऐसे आध्यात्मिक आयोजन समाज में संस्कार, एकता और धर्म के प्रति अटूट आस्था को सुदृढ़ करते हैं। दिग्गजों की रही गरिमामयी उपस्थिति, इस पावन अवसर पर पूर्व सांसद रामटहल चौधरी, पूर्व विधायक रामकुमार पाहन, आरती कुजूर, मुखिया दीपक बड़ाइक, जिला परिषद सदस्य सरिता देवी और अमर नाथ चौधरी सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। वक्ताओं ने मंदिर की प्राचीनता और इस महायज्ञ के महत्व पर प्रकाश डाला।

**महायज्ञ** को सफल बनाने में आयोजन समिति के मुख्य संरक्षक दिलीप मेहता, सत्यनारायण तिवारी, अध्यक्ष आनंद मेहता, सचिव पंकज महतो और कोषाध्यक्ष मोनू कुमार सहित पूरी टीम दिन-रात जुटी हुई है।

## शिक्षक के निधन पर पत्नी को एसबीआई ने दी 10 लाख रुपये की सहायता राशि

एजेंसी

**किशनगंज** : सरकारी शिक्षक के असामयिक निधन के बाद उनके परिवार को आर्थिक संबल प्रदान करते हुए भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) की पश्चिमपाली शाखा ने सोमवार को 10 लाख रुपये की सहायता राशि प्रदान की। यह राशि स्टेट गवर्नमेंट सैलरी पैकेज योजना के अंतर्गत मृत शिक्षक की पत्नी मंजू देवी को चेक के माध्यम से दी गई। जानकारी के अनुसार स्वर्गीय अजय कुमार राय यूएमएस दहुआबारी, कोचाधामन में शिक्षक के पद पर कार्यरत थे। कुछ समय पूर्व उनका असामयिक निधन हो गया था, जिसके बाद परिवार आर्थिक संकट से गुजर रहा था। इसी क्रम में एसबीआई पश्चिमपाली शाखा की ओर से बैंक की विशेष योजना के तहत उनके आश्रित परिवार को सहायता राशि उपलब्ध कराई गई। पश्चिमपाली शाखा परिसर में आयोजित कार्यक्रम में एसबीआई कटिहार रीजनल ऑफिस के रीजनल मैनेजर संजीत कुमार सिंह, शाखा प्रबंधक अनिकेत आनंद तथा लोन ऑफिसर अमन कुमार झा की मौजूदगी में मंजू देवी को 10 लाख रुपये का चेक सौंपा गया। इस दौरान बैंक अधिकारियों ने परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि बैंक अपने ग्राहकों और उनके परिवारों के साथ हर परिस्थिति में खड़ा है। शाखा प्रबंधक अनिकेत आनंद ने बताया कि स्टेट गवर्नमेंट सैलरी पैकेज के अंतर्गत सरकारी कर्मचारियों को विशेष सुविधाएं प्रदान की जाती हैं।

## मातृ दिवस पर मां केयर चैरिटेबल ट्रस्ट ने महिलाओं को किया सम्मानित

फ्रीडम फाइटर संवाददाता



**रांची** : मातृ दिवस के पावन अवसर पर 'मां केयर चैरिटेबल ट्रस्ट' द्वारा महिला सम्मान समारोह एवं सामाजिक जागरूकता कार्यक्रम का गरिमामय आयोजन किया गया। इस दौरान ट्रस्ट की महिला सदस्यों ने न केवल उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया, बल्कि समाज निर्माण में महिलाओं की भूमिका पर भी विस्तार से चर्चा की। कार्यक्रम का शुभारंभ केक काटकर किया गया, जहाँ सभी माताओं को बधाई देते हुए उनके त्याग और समर्पण को नमन किया गया।

**सांस्कृतिक स्वागत और भावुक सम्बोधन**

**समारोह** की शुरूआत में प्रियंका शर्मा ने भारतीय परंपरा के अनुसार उपस्थित महिलाओं को तिलक लगाकर उनका अभिनंदन किया। कार्यक्रम के दौरान बच्चों और बड़ों ने अपनी माताओं के प्रति प्रेम व्यक्त करते हुए कविताएं पढ़ीं और संस्मरण साझा किए, जिससे माहौल भावुक हो गया। वक्ताओं ने जोर देकर कहा कि माँ केवल परिवार की धुरी ही नहीं, बल्कि पूरे समाज के लिए ऊर्जा का केंद्र है।

**अधिकारों और सुरक्षा के प्रति सजग रहने का आह्वान**

**ट्रस्ट** के अध्यक्ष अभिषेक कुमार मिंकू ने अपने संबोधन में कहा, ऱसंसार में माँ का स्थान सर्वोच्च है। उनके संघर्ष और ममता का कोई मोल नहीं है। समाज को हर महिला के सम्मान, अधिकारों और सुरक्षा के प्रति हमेशा सजग रहना चाहिए।

## नदी में डूबने से किशोर की मौत, मवेशी निकालने के दौरान हुआ हादसा

**भागलपुर** : जिले के लोदीपुर थाना क्षेत्र स्थित कतरिया नदी में सोमवार को डूबने से 14 वर्षीय किशोर की मौत हो गई। घटना के बाद पूरे गांव में मातम पसरा हुआ है। मृतक की पहचान जीछो बिशनपुर गांव निवासी अनिल यादव के पुत्र आनंद कुमार के रूप में हुई है। परिजन के अनुसार आनंद 10 मई को मवेशी लेकर बहियार गया था। इसी दौरान एक मवेशी कतरिया नदी में चला गया। बताया जा रहा है कि मवेशी को नदी से बाहर निकालने के प्रयास में आनंद का पैर फिसल गया और वह गहरे पानी में चला गया। जिससे उसकी डूबकर मौत हो गई घटना के बाद परिजनों और ग्रामीणों ने काफी खोजबीन की, लेकिन देर शाम तक उसका कोई पता नहीं चल सका।

## संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर में 'ऑपरेशन सिन्दूर' की वर्षगांठ पर गूंजा देशभक्ति का स्वर

फ्रीडम फाइटर संवाददाता



**कोडरमा** : बागीटांड़ स्थित राजकीय पॉलिटेक्निक कोडरमा परिसर मे ग्रुप हैडक्वाटर हजारीबाग के अंतर्गत 45 झारखंड बटालियन की एनसीसी कोडरमा के कमांडिंग ऑफिसर विजय कुमार सेना मेडल की कुशल नेतृत्व में चल रहे 10 दिवसीय संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर के सातवें दिन राज्य के विभिन्न जिलों से आए लगभग 650 एनसीसी कैडेट्स सक्रिय रूप से भाग ले रहे हैं। शिविर के दौरान कैडेट्स द्वारा सैन्य एवं व्यक्तित्व विकास से जुड़ी विभिन्न गतिविधियों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया जा रहा है। प्रशिक्षण के अंतर्गत फायरिंग ड्रिल, फील्ड क्राफ्ट, बैटल क्राफ्ट, ऑब्स्टेकल ट्रेनिंग, टेंट पिचिंग एवं मैप रीडिंग जैसी गतिविधियों का अभ्यास कराया जा रहा है। साथ ही थल सेना कैंप चयन प्रक्रियाओं को ध्यान में रखते हुए विभिन्न प्रतियोगिताये कि जा रही है। संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर के दौरान ऑपरेशन सिंदूर की वर्षगांठ के अवसर पर विशेष कार्यक्रम आयोजित किये गये। इस अवसर पर देशभक्ति एवं वीर सैनिकों के सम्मान में कार्यक्रम आयोजित कर भारतीय सेना के शौर्य, साहस एवं बलिदान को नमन किया गया। विभिन्न विद्यालयों एवं महाविद्यालयों से आये एनसीसी अधिकारियों के मार्गदर्शन में कैडेट्स द्वारा देशभक्ति एवं राष्ट्रीय जागरूकता पर आधारित प्रभावशाली नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया गया।

# गोला में अवैध शराब फैक्ट्री का भंडाफोड़, 02 गिरफ्तार

फ्रीडम फाइटर संवाददाता



**गोला (रामगढ़)** : रविवार को पुलिस अधीक्षक, रामगढ़ मुकेश कुमार लुणायत को गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि गोला थाना अन्तर्गत ग्राम उपर खखरा टोला, पत्थलगढ़ा में एक बन्द घर में अवैध विदेशी शराब का निर्माण कर भारी मात्रा में भण्डारण करके आस-पास के क्षेत्रों में तस्करी किया जा रहा है। पुलिस अधीक्षक, रामगढ़ के द्वारा प्राप्त गुप्त सूचना का सत्यापन एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु चन्दन वत्स, पुलिस उपाधीक्षक (मु०) सह अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, रामगढ़ के नेतृत्व में एक विशेष जाँच दल (एसआईटी) का गठन किया गया। गठित एसआईटी के द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए गोला थाना अन्तर्गत ग्राम-उपर खखरा टोला, पत्थलगढ़ा में छापामारी किया गया, जिसमें अवैध विदेशी शराब का निर्माण व भण्डारण करके बिक्री करने में संलिप्त दो व्यक्तियों को पकड़ा गया। पकड़ाये व्यक्तियों से नाम पता पूछने पर क्रमशः (1) मनोज मुर्मू, उम्र करीब 26 वर्ष, पिता-भगतु मांझी, ग्राम-ऊपर खखरा टोला, पत्थलगढ़ा, थाना-गोला, जिला-रामगढ़ एवं (2) भदरू सिंह, उम्र करीब 42 वर्ष, पिता-श्री शम्भु सिंह, ग्राम-चोपादारू, थाना-गोला, जिला-रामगढ़ बताये। पकड़ाये व्यक्तियों के निशानदेही पर तीन घरों में छापामारी किया गया, जिसमें भारी मात्रा में अवैध विदेशी शराब, विदेशी शराब निर्माण करने से संबंधित सामग्री व अन्य सामग्री बरामद किया गया है। इनलोगों के द्वारा विदेशी शराब का अवैध निर्माण करने के उपरांत इस पर फर्जी तरीके से होलोग्राम का उपयोग कर भण्डारण कर तस्करी किया जा रहा था। इस संदर्भ में गोला थाना कांड सं0-51/2026, दिनांक-10.05.2026, धारा-111 (2) (इ) / 111 (3)/111(4)/340(2)/342(2)/274/275/292 भारतीय न्याय संहिता, 2023 एवं 47 (ए) उत्पाद अधिनियम के अन्तर्गत काण्ड दर्ज किया गया है। गिरफ्तार अभियुक्तों को न्यायिक अभिरक्षा में भेजा जा रहा है।

### शंकर ज्वेलर्स लूटकांड में दो आरोपी गिरफ्तार



**रजरप्प (रामगढ़)** : दिनांक-21.04.2026 समय करीब 15:40 बजे रजरप्पा थाना क्षेत्र अन्तर्गत चितरपुर रजरप्पा मोड़ एन० एच०-23 रामगढ़ बोकारो मुख्य मार्ग में अवस्थित शिव शंकर ज्वैलर्स नामक दुकान में डकैती की घटना घटित होने के के उपरांत वादी विष्णु प्रसाद पिता रंजीत प्रसाद सा० चितरपुर रजरप्पा मोड़ थाना रजरप्पा जिला रामगढ़ के फर्दबयान के आधार पर रजरप्पा थाना कांड सं0-48/2026 दिनांक 21. 04.2026, धारा-310(2)/111(2) (बी)/111(4) बी०एन०एस० एवं 25 (1-ए)/25 (1-बी) (ए)/25(1-एएए) /35/27(1) आर्म्स एक्ट के अन्तर्गत कांड अंकित किया गया है। पुलिस अधीक्षक, रामगढ मुकेश कुमार लुणायत के द्वारा घटना के गंभीरता एवं काण्ड के त्वरित उदभेदन हेतु चंदन वत्स, पुलिस उपाधीक्षक (मु०) सह-अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, रामगढ के नेतृत्व में एक एस०आई०टी० का गठन किया गया। गठित एस०आई०टी० के द्वारा पूर्व में दिनांक-24.04.2026 को कुल 07 अपराधकर्मियों को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया।

## नेशनल टैलेंट हंट में सफल प्रतिभागियों के लिए ओरिएंटेशन कार्यक्रम आयोजित

एजेंसी




**पटना** : प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय, सदाकत आश्रम में नेशनल टैलेंट हंट के माध्यम से चयनित प्रतिभागियों के लिए ओरिएंटेशन प्रोग्राम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बिहार कांग्रेस प्रभारी कृष्णा अल्लावारु एवं प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम विशेष रूप से मौजूद रहे। इस अवसर पर बिहार कांग्रेस प्रभारी कृष्णा अल्लावारु ने नेशनल टैलेंट हंट के माध्यम से प्रवक्ता, पैनलिस्ट, एवं प्रोग्राम रिसर्चर के रूप में चयनित सभी साथियों को बधाई देते हुए कहा कि प्रवक्ता बनकर सफलता प्राप्त करना पूरी तरह आप पर निर्भर करता है। इसके लिए हर दिन स्वयं पर मेहनत और निरंतर अभ्यास करना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि प्रवक्ता बनना केवल किसी पद को प्राप्त करना नहीं है, बल्कि यह पार्टी की आवाज बनने की जिम्मेदारी है। प्रवक्ताओं को बिहार, जनता और देश की आवाज बनकर सच्चाई को मजबूती के साथ जनता के सामने रखना होगा। उन्होंने आगे कहा कि इस क्षेत्र में सफलता पाने के लिए हुनर के साथ-साथ हिम्मत की भी जरूरत होती है। यदि आपमें हिम्मत और आत्मविश्वास होगा तो जनता भी आपके साथ खड़ी होगी। इसलिए सभी साथियों को चाहिए कि वे हर दिन अपने ज्ञान, तर्क और संवाद कौशल को मजबूत करने के लिए लगातार काम करें।

## एक झलक

### स्पेन के राफेल जोडार इटैलियन ओपन टेनिस के चौथे दौर में

**रोम :** स्पेन के युवा टेनिस खिलाड़ी राफेल जोडार ने इटैलियन ओपन टेनिस में जीत के साथ ही चौथे दौर में प्रवेश किया है। जोडार ने एक संघर्षपूर्ण मुकाबले में इटली के माटेओ अर्नाल्डी को 6-1, 4-6, 6-3 से हराया। वाइल्डकार्ड धारी अर्नाल्डी को हराकर जोडार ने अपनी क्षमताओं को साबित किया है। स्पेनिश खिलाड़ी ने पहले सेट को 6-1 से जीता पर दूसरे सेट में अर्नाल्डी ने 6-4 से जीत दर्ज कर अच्छी की। वहीं निर्णायक तीसरे सेट में जोडार ने जबरदस्त प्रदर्शन करते हुए पांच गेम जीतकर मुकाबला अपने नाम कर लिया। इस जीत के साथ ही जोडार ने इस साल क्ले कोर्ट पर अपना 14-2 का रिकॉर्ड बरकरार रखा है। इस सत्र में उन्होंने माराकेच में अपना पहला एटीपी टूर खिताब जीता था। साथ ही बार्सिलोना में सेमीफाइनल और मैड्रिड में क्वार्टर फाइनल तक वह पहुंचे थे। जीत के बाद जोडार ने कहा, मैं बहुत खुश हूं। रोम में किसी इटैलियन खिलाड़ी के साथ खेलना कभी आसान नहीं रहता। मैंने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने का प्रयास किया पर मैटेओ ने दूसरे और तीसरे सेट में बहुत अच्छा खेला। अब जोडार का मुकाबला लर्नर टिएन से होगा इससे पहले, लर्नर अलेक्जेंडर बुब्लिक को 4-6, 6-3, 7-5 से हराया। इंडियन वेल्स क्वार्टर-फाइनल में पहुंचने के बाद से ही टिएन की यह अच्छी वापसी है।

### वैभव को बटलर ने उपहार में दिया बल्ला

**जयपुर :** आईपीएल के इस सत्र में 15 साल के उभरते हुए बल्लेबाज सूर्यवंशी ने शानदार प्रदर्शन कर 400 से अधिक रन बनाये हैं। इस दौरान वैभव ने कई रिकार्ड भी अपने नाम किये हैं। वैभव की इस सत्र में आक्रामक बल्लेबाजी देखकर सभी हैरान हैं। जिस प्रकार से वह निडर होकर बल्लेबाजी करते हैं उसकी सभी ने प्रशंसा की है। वैभव के इस प्रदर्शन पर गुजरात टाइटंस के विकेटकीपर बल्लेबाज ने उन्हें उपहार में एक बल्लास दिया है। बल्ला देते हुए बटलर ने कहा कि इसपर ऑटोग्राफ नहीं दूंगा बल्कि इससे तुम्हें खेलना है।
इस नजारे को देख क्रिकेट प्रशंसकों में खुशी की लहर दौड़ गयी। बटलर ने स्वयं वैभव से मुलाकात की। इस वीडियो में वैभव की मासूमियत और खेल के प्रति उनका जुनून नजर आया। वीडियो में वैभव कहते सुनाई देते हैं, ह्यबल्ला ले लेता हूं जाकर। इसके बाद दोनों खिलाड़ी डगआउट की ओर बढ़ते हैं। बटलर ने तभी वैभव को अपना एक बल्ला उपहार में दिया। जब वैभव से कहा गया कि इस बल्ले पर बटलर के ऑटोग्राफ ले लो, तो वैभव ने कहा कि इसे उन्हें खेलने के लिए दिया गया है। वैभव ने इस मैच में गुजरात टाइटंस के खिलाफ केवल 16 गेंदों पर ही 36 रनों की आक्रामक पारी खेली थी पर वह अपनी टीम को हार से नहीं बचा पाये हालांकि इस दौरान उन्होंने रिकार्ड जरुर बना लिया। वैभव ने पारी का पहला छक्का लगाते ही टी20 क्रिकेट में अपने 100 छक्के पूरे कर लिए। वैभव की सबसे बड़ी ताकत उनका 236.56 का स्ट्राइक रेट है।

### इंटर क्लब क्रिकेट मुकाबले में सोनकपुर ब्लू ने सोनकपुर ग्रीन को 21 रन से हराया

**मुरादाबाद :** उत्तर प्रदेश के जनपद मुरादाबाद में इंटर क्लब क्रिकेट मुकाबले में सोनकपुर ब्लू ने शानदार प्रदर्शन करते हुए सोनकपुर ग्रीन को 21 रन से पराजित कर मुकाबला अपने नाम कर लिया। सोनकपुर ब्लू की ओर से मो. सैफ ने छह विकेट हासिल किए। शानदार गेंदबाजी के लिए उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। सोमवार को सोनकपुर स्टेडियम में खेले गए मैच में सोनकपुर ग्रीन ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया। पहले बल्लेबाजी करते हुए सोनकपुर ब्लू की टीम 19.4 ओवर में 172 रन बनाकर ऑलआउट हो गई। टीम की ओर से रेयान सैफी ने 38 रन की कप्तानी पारी खेली। हमजा ने 35 रन बनाए, जबकि सिद्धार्थ कश्यप और कुणाल ने 15-15 रन का योगदान दिया।

# आज प्लेऑफ में जगह बनाने उतरेंगे टाइटंस व सनराइजर्स हैदराबाद

एजेंसी

**अहमदाबाद :** आईपीएल में मंगलवार को यहां गुजरात टाइटंस और सनराइजर्स हैदराबाद के बीच मुकाबला होगा। इस मैच में दोनो ही टीमों का लक्ष्य जीत के साथ ही प्लेऑफ में जगह बनाना रहेगा। दोनो ही टीमों ने अब तक बेहतरीन प्रदर्शन किया है। सनराइजर्स हैदराबाद ने 11 मैचों में 14 अंक हासिल किये है और बेहतर नेट रन रेट के कारण वह दूसरे स्थान पर है। वहीं गुजरात टाइटंस 11 मैचों में 14 अंकों के साथ अंक तालिका में तीसरे स्थान पर है। दोनो ही टीमें तकरीबन बराबरी पर हैं ऐसे में मुकाबला रोमांचक होना तय है। इनका लक्ष्य अब ये मैच जीतकर तालिका में शीर्ष पर पहुंचना रहेगा। शुभमन गिल की कप्तानी वाली गुजरात की बल्लेबाजी ओर गेंदबाजी अच्छी रही है और वह जीत की दावेदार है। उसके पास साई सुदर्शन और जोस बटलर जैसे बल्लेबाज हैं। वहीं पैट कमिंस की कप्तानी वाली सनराइजर्स के पास भी वैभव सूर्यवंशी ओर यशस्वी जायसवाल जैसे बल्लेबाज हैं। दोनो ही टीमों की गेंदबाजी भी अच्छी है सनराइजर्स के पास पैट कमिंट जबकि गुजरात के पास कागिसो रबाडा जैसा गेंदबाज है। अब तक दोनो के बीच 6 मुकाबले हुए हैं उसमें से गुजरान ने 5 जबकि सनराइजर्स ने 1 जीता है।




**दोनो ही टीमें इस प्रकार हैं**

**गुजरात टाइटंस :** शुभमन गिल (कप्तान), साई सुदर्शन, जोस बटलर (विकेटकीपर), वाशिंगटन सुंदर, जेसन होल्डर, राहुल तेवतिया, निशांत सिंधु, राशिद खान, अरशद खान, कागिसो रबाडा, मोहम्मद सिराज। इम्पैक्ट प्लेयर : साई किशोर

**सनराइजर्स हैदराबाद :** पैट कमिंस (कप्तान), अभिषेक शर्मा, ट्रैविस हेड, ईशान किशन (विकेटकीपर), हेनरिक क्लासेन, नितीश कुमार रेड्डी, सलिल अरोड़ा, स्मरण रविचंद्रन, शिवांग कुमार, ईशान मलिंगा, साकिब हुसैन इम्पैक्ट प्लेयर: हर्ष दुबे

## सूर्या ने आरसीबी से हार के लिए खराब बल्लेबाजी को बताया जिम्मेदार

एजेंसी

**रायपुर :** पांच बार की विजेता मुम्बई इंडियंस के लिए आईपीएल का 19 वां सत्र अच्छा नहीं रहा है और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के खिलाफ मिली हार के साथ ही वह टूर्नामेंट से बाहर हो गयी है। इस मैच में मुम्बई को अंतिम गेंद पर दो विकेट से हार का सामना करना पड़ा। मैच में हार के बाद मुम्बई के कप्तान सूर्यकुमार यादव ने इसका दोष खराब बल्लेबाजी को दिया है। सूर्यकुमार के अनुसार उनके विकेट भी लगातार गिरे जिससे भी मैच उनके हाथों से निकल गया। सूर्यकुमार ने कहा कि उनकी टीम लक्ष्य से 10 से 15 रन पीछे रह गई थी। इसके अलावा बीच के ओवरों में विकेट गिरने से भी टीम को नुकसान हुआ। बीच के ओवरों में विकेट गिरने से भी टीम को नुकसान हुआ। उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि हम 10 से 15 रन कम बना पाए। बल्लेबाजी के दौरान गलत समय पर विकेट खोना हमारे लिए नुकसानदायक रहा। नमन और तिलक ने शानदार बल्लेबाजी की और दबाव में भी बेहतरीन खेल दिखाया। सूर्यकुमार ने युवा ऑलराउंडर राज बावा की डेथ ओवरों में गेंदबाजी की भी प्रशंसा की। साथ ही कहा कि राज ने पूरे सत्र में ऑलराउंडर प्रदर्शन कर मुम्बई के लिए हार मैच में अच्छा खेल दिखाया। उन्होंने इसके साथ ही कोर्बिन बॉश की भी सराहना की, जिन्होंने पावरप्ले सहित हर चरण में अच्छी गेंदबाजी की। इसके अलाव खासकर जिस तरह तिलक ने हाथ से फिसला हुआ कैच लिया उससे सूर्या बेहद प्रभावित दिखे। सूर्यकुमार ने कहा, यह वही चीजें हैं जिनकी आप लगातार प्रैक्टिस करते हैं।



## राष्ट्रीय वुडवाल प्रतियोगिता के लिए झारखंड टीम को ट्रैक सूट वितरित, नयी जर्सी का अनावरण

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**रांची :** राष्ट्रीय वुडवाल प्रतियोगिता जो छतीसगढ में **14** से **17** मई तक होगी, इसमें भाग लेने वाले झारखंड वुडवाल टीम के बीच ट्रैक शूट कीट का वितरण किया गया जहां स्पॉन्सर के रूप में शंकरा हेल्पिंग हैंड फाउंडेशन के संस्थापक तथा समाजसेवी शंकर दुबे तथा विंग फिट के ऑनर गोपाल सिंह के सौजन्य से खिलाड़ियों के बीच ट्रैक शूट वितरण किया गया । वुडवाल संघ के अध्यक्ष संजीव कुमार, संरक्षक सुभाष सिंह, मानवाधिकार मंच के अध्यक्ष पी के लाला, तथा उपाध्यक्ष सोहिनी राय, गोविंद झा अशोक चौबे, अभिषेक सिंह, स्वाति कुमारी, दीपक वर्मा, आदि ने सभी खिलाड़ियों के बीच ट्रैक सूट का वितरण जयपालसिंह स्टेडियम में किया गया, साथ ही वुडवाल की नई जर्सी का भी अनावरण अतिथियों के द्वारा किया।



## पैरा आर्मरेसलिंग की पैरालंपिक राह आसान, ब्रिस्बेन 2032 के लिए पूरा हुआ अंतरराष्ट्रीय मानक

एजेंसी

**मुंबई :** पीपुल्स आर्मरेसलिंग फेडरेशन इंडिया (पाफी) और प्रो पंजा लीग ने सोमवार को बड़ी खुशी जताते हुए बताया कि पैरा आर्मरेसलिंग ने ब्रिस्बेन 2032 पैरालंपिक खेलों में शामिल होने के लिए अंतरराष्ट्रीय पैरालंपिक समिति द्वारा तय वैश्विक भागीदारी मानक को पूरा कर लिया है। विश्व आर्मरेसलिंग महासंघ की ओर से अतिरिक्त भागीदारी आंकड़े जमा किए जाने के बाद अंतरराष्ट्रीय पैरालंपिक समिति ने पुष्टि की कि अब पैरा आर्मरेसलिंग में 32 से अधिक देशों की नियमित और व्यापक भागीदारी हो चुकी है। यह उपलब्धि इस खेल को भविष्य में पैरालंपिक में शामिल किए जाने की दिशा में बड़ा कदम मानी जा रही है। इस खबर को भारत के लिए भी बेहद महत्वपूर्ण माना जा रहा है, क्योंकि देश में पैरा आर्मरेसलिंग खिलाड़ियों की मजबूत और तेजी से उभरती प्रतिभा मौजूद है। पिछले कुछ वर्षों में पाफी और प्रो पंजा लीग ने पैरा खिलाड़ियों के लिए पेशेवर मंच तैयार करने की दिशा में लगातार काम किया है। प्रो पंजा लीग के दोनों सत्रों और देश के विभिन्न हिस्सों में आयोजित मेगा मुकाबलों में पैरा आर्मरेसलिंग वर्ग को विशेष स्थान दिया गया। इसके जरिए चंदन कुमार बेहरा, बुट्टा सिंह, श्रीनिवास बीवी, मोहन शर्मा और अरविंद रजक जैसे कई प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा दिखाने का मौका मिला। प्रो पंजा लीग के सह-संस्थापक परवीन डबास ने कहा, यह केवल वैश्विक आर्मरेसलिंग ही नहीं, बल्कि भारत के लिए भी ऐतिहासिक क्षण है। हमने प्रो पंजा लीग और देशभर में आयोजित मेगा मुकाबलों के जरिए पैरा वर्ग में शानदार प्रतिभाएं देखी हैं।






न्यूयार्क में नेसकर कप सीरीज ड्राइवर शेन वेन गिसबरजन जीत के बाद उत्साहित होकर जश्न मनाते हुए।

### आईपीएल 2026 में बना सबसे तेज 1,000 छक्कों का रिकार्ड

**चेन्नई :** चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) और लखनऊ सुपर जायंट्स के बीच यहां हुए इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मुकाबले में एक नया रिकार्ड बना है। इस मुकाबले में सत्र का 1,000वां छक्का लगा, ये आईपीएल इतिहास में सबसे तेज गति से लगाये छक्के हैं। इसी कारण ये आंकड़ा केवल 53 मैचों में ही हासिल हो गया।
वहीं इससे पहले के सत्र में इतने छक्के 57वें मैच में बने थे। इस प्रकार देखा जाये तो ये 2026 सत्र सबसे तेज रहा है। इसमें बल्लेबाजों के आक्रामक रवैये के साथ ही इम्पैक्ट प्लेयर नियम का लाभ भी खिलाड़ियों को मिला है।

## ऑस्ट्रेलिया ने पाकिस्तान व बांग्लादेश दौरे के लिए टीमों का किया एलान

एजेंसी

**मेलबर्न :** ऑस्ट्रेलिया ने मई-जून 2026 में पाकिस्तान के खिलाफ होने वाली एकदिवसीय श्रृंखला और बांग्लादेश दौरे के लिए अपनी सीमित ओवरों की टीमों का ऐलान कर दिया है। टीम की कप्तानी मिशेल मार्श करेंगे। इस दौरे के लिए कई नए खिलाड़ियों को मौका मिला है, जबकि अनुभवी तेज गेंदबाज पैट कमिंस, मिचेल स्टार्क और जोश हेजलवुड को सभी टीमों से बाहर रखा गया है। तेज गेंदबाज बिली स्टैनलेक और राइली मेरेडिथ की एकदिवसीय टीम में वापसी हुई है। वहीं युवा खिलाड़ियों ओलिवर पीक, लियाम स्कॉट और जोएल डेविस को पहली बार ऑस्ट्रेलियाई टीम में शामिल किया गया है। पीक को केवल पाकिस्तान के खिलाफ एकदिवसीय श्रृंखला के लिए चुना गया है, जबकि स्कॉट को बांग्लादेश दौरे की एकदिवसीय टीम में भी जगह मिली है। डेविस को बांग्लादेश के खिलाफ टी20 टीम में मौका मिला है। इंडियन प्रीमियर लीग 2026 में खेल रहे ट्रैविस हेड, कूपर कोनोली, बेन ड्वारशुइस और जेवियर बार्टलेट पाकिस्तान श्रृंखला के बाद बांग्लादेश दौरे के लिए टीम से जुड़ेंगे। ये खिलाड़ी क्रमशः ओलिवर पीक, बिली स्टैनलेक, राइली मेरेडिथ और मैट शॉर्ट की जगह लेंगे। गौरतलब है कि एकदिवसीय क्रिकेट से संन्यास ले चुके ग्लेन मैक्सवेल को टी20 टीम में भी जगह नहीं मिली है। चयन समिति के अध्यक्ष जॉर्ज बेली ने कहा, नए खिलाड़ियों को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में मौका मिलते देखना हमेशा उत्साहजनक होता है।



झारखंड टी20 क्रिकेट लीग के लिए फ्रेंचाइजी बोली की अंतिम तिथि बढ़ी

## 15 तक जमा किये जा सकेंगे आवेदन

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**रांची :** झारखण्ड राज्य क्रिकेट संघ ने उद्घाटन सत्र की झारखंड टी20 क्रिकेट लीग के लिए फ्रेंचाइजी बोली जमा करने की अंतिम तिथि बढ़ा दी है। पहले यह तिथि 11 मई 2026 निर्धारित थी, जिसे अब बढ़ाकर 15 मई 2026 रात 11:59 बजे तक कर दिया गया है। संघ द्वारा जारी आधिकारिक जानकारी के अनुसार, झारखंड समेत अन्य राज्यों से संभावित फ्रेंचाइजी मालिकों की ओर से मिल रही सकारात्मक प्रतिक्रिया और बढ़ती रुचि को देखते हुए यह फैसला लिया गया है। इससे इच्छुक निवेशकों को रजिस्ट्रेशन, केवाईसी प्रक्रिया और बोली जमा करने के लिए अतिरिक्त समय मिलेगा। सभी आवेदन आधिकारिक पोर्टल www.jt20.in के माध्यम से ऑनलाइन जमा किए जाएंगे। संघ ने स्पष्ट किया है कि 3 मई 2026 को जारी फ्रेंचाइजी बिडिंग डॉक्यूमेंट (FBD) की अन्य सभी शर्तें पूर्ववत लागू रहेंगी। संशोधित कार्यक्रम के अनुसार बिड विंडो 7 मई 2026 को सुबह 10 बजे खुली थी और अब इसकी नई अंतिम तिथि 15 मई 2026 रात 11:59 बजे तय की गई है।

विनेश फोगाट ने डब्ल्यूएफआई के आरोपों को बताया गलत, कहा...

## महासंघ ने मेरे ब्रेक व वापसी की समयसीमा को गलत तरीके से समझा

एजेंसी

**नयी दिल्ली :** भारतीय स्टार महिला पहलवान विनेश फोगाट ने भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के कारण बताओ नोटिस और प्रतियोगिताओं में भाग लेने पर लगाए गए प्रतिबंध को लेकर बड़ा बयान दिया है। विनेश ने कहा कि महासंघ ने उनके खेल से लिए गए ब्रेक और वापसी की समयसीमा को गलत तरीके से समझा है। उन्होंने साफ किया कि उन्हें 01 जनवरी 2026 से ही आधिकारिक तौर पर प्रशिक्षण और प्रतियोगिताओं में वापसी की अनुमति मिल चुकी है। विनेश ने सोमवार को सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि वह प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेने के लिए पात्र हैं, क्योंकि भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) ने खेल से उनके ब्रेक और उसके बाद वापसी की समयसीमा को गलत तरीके से समझा है। एशियाई खेलों की स्वर्ण पदक विजेता विनेश को महासंघ की ओर से 15 पन्नों का कारण बताओ नोटिस जारी किया गया था, जिसमें उन पर अनुशासनहीनता और डोपिंग रोधी नियमों के उल्लंघन के आरोप लगाए गए। साथ ही उन्हें 26 जून तक घरेलू प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेने के लिए अयोग्य घोषित कर दिया गया। इसके चलते पेरिस ओलंपिक के बाद लिए गए सैबेटिकल के बाद नंदिनी नगर महाविद्यालय परिसर में चल रहे सीनियर ओपन रैंकिंग टूर्नामेंट में 57 किलोग्राम वर्ग में प्रतिस्पर्धी कुश्ती में वापसी की उनकी कोशिश को झटका लगा। 15 पन्नों के कारण बताओ नोटिस में डब्ल्यूएफआई ने पेरिस ओलंपिक में 50 किलोग्राम फाइनल में पहुंचने के बाद दूसरे दिन वजन सीमा पूरी नहीं कर पाने के मुद्दे को उठाया।



## जीत के बाद डगआउट में उछलते दिखे विराट जश्न का वीडियो सोशल मीडिया में छाया

एजेंसी

**रायपुर :** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के पूर्व कप्तान विराट कोहली इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 19 वें सत्र में मुंबई इंडियंस के खिलाफ मिली जीत के बाद खासे उत्साहित दिखे। इस जीत के साथ ही रॉयल्स अंक तालिका में नंबर एक पर पहुंच गयी है। विराट ने मुम्बई के खिलाफ जीत के बाद डगआउट में जिस प्रकार के जोश और जुनून के साथ जश्न मनाया उसका एक वीडियो भी सोशल मीडिया में छाया हुआ है। इस मैच में आरसीबी ने अंतिम ओवर की अंतिम गेंद पर जीत दर्ज की थी। लक्ष्य का पीछा करते हुए आरसीबी को आखिरी गेंद पर जीत के लिए 2 रनों की जरुरत थी और टीम इसमें सफल रही। लक्ष्य का पीछा करने के दौरान विराट हर चौके-छक्के पर खुशी जताते दिखे। मैच समाप्त होते ही वह खुशी से बेकाबू हो गए। यहां तक कि डगआउट में वह उछल-उछल कर, जोर-जोर से चिल्लाकर अपनी टीम की जीत की खुशी मनाते दिखे। उनके इस जोश और जुनून से भरे जश्न का एक वीडियो भी जमकर वायरल हो रहा है। इस जीत के साथ ही आरसीबी ने प्लेऑफ के लिए अपनी दावेदार और पक्की कर ली है।



# बार्सिलोना ने रियल मैड्रिड को 2-0 से हरा कर 29 वीं बार जीता ला लीगा खिताब

एजेंसी

**मैड्रिड :** बार्सिलोना ने यहां हुए एक मुकाबे में रियल मैड्रिड को 2-0 से हराकर 29 वीं बार स्पेनिश ला लीगा फुटबॉल खिताब जीता है। इस जीत के साथ ही बार्सिलोना ने एक बार फिर अपने को साबित किया है। एक बार फिर फुटबॉल जगत में अपनी श्रेष्ठता साबित की। वहीं रियल मैड्रिड को इस खिताबी मुकाबले में अपने तीन प्रमुख खिलाड़ियों की कमी खली। उसके स्टार खिलाड़ी काइलियन एम्बाप्पे हैमस्ट्रिंग फेडेरिको वाल्वरडे और डीन हुइजसेन चोटिल होने के कारण इस मैच में शामिल नहीं हुए। इससे टीम के खेल पर काफी प्रभाव पड़ा उसकी आक्रामकता और मध्यपंक्ति कमजोर हुई। बार्सिलोना ने इस स्थिति का लाभ उठाते हुए शुरूआती मिनटों में ही दबाव बनाना शुरू कर दिया। मैच के नौवें मिनट में मार्कस रैशफोर्ड ने पहला गोल दागकर बार्सिलोना को 1-0 की बढ़त दिला दी। इसके कुछ ही देर बाद, 18वें मिनट में टोरेस ने डैनी ओल्मो के पास पर खेल कर बार्सिलोना की बढ़त को 2-0 कर दिया। वहीं दूसरे हाफ की शुरूआत में ही रियल मैड्रिड ने वापसी का अच्छा प्रयास किया पर बार्सिलोना की रक्षापंक्ति ने इस प्रयास को विफल कर दिया। इसके बाद देनो ही टीमों ने गोल करने के प्रयास किये पर असफल रहे। मुकाबले के दौरान, रियल मैड्रिड ने वापसी करने के कई प्रयास किए, लेकिन बार्सिलोना के रक्षापंक्ति ने उसे अवसर नहीं दिया। जीत के बाद बार्सिलोना के खिलाड़ी जश्न में डूबे दिखे।



### बंगाल टी20 लीग में मोहम्मद शमी की एंट्री

**कोलकाता :** बंगाल टी20 लीग के आगामी सत्र के लिए हाल ही में हुए पुरुष खिलाड़ियों की नीलामी में सवोर्टेक सिलीगुड़ी स्ट्राइकर्स ने भारतीय तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी को अपनी टीम में शामिल कर बड़ा दांव खेला है। इसके साथ ही टीम ने अनुभवी और युवा खिलाड़ियों का संतुलित संयोजन तैयार करते हुए अपनी पूरी टीम को अंतिम रूप दे दिया है। नीलामी में सवोर्टेक सिलीगुड़ी स्ट्राइकर्स ने ऑलराउंडर करण लाल को भी अपनी टीम में शामिल किया। फ्रेंचाइजी ने घरेलू क्रिकेट के कई प्रमुख खिलाड़ियों के लिए जोरदार बोली लगाई और मजबूत टीम बनाने पर फोकस रखा। मोहम्मद शमी के अलावा बंगाल के तेज गेंदबाज ईशान पोरेल को भी टीम में जगह मिली है।

## एक झलक

### देश की आर्थिक वृद्धि दर 2026-27 में 6.6 फीसदी रहने का अनुमान: एसबीआई रिसर्च

**नयी दिल्ली :** वैश्विक भू-राजनीतिक चुनौतियों के बावजूद भारत की आर्थिक वृद्धि दर वित्त वर्ष 2026-27 में 6.6 फीसदी रहने का अनुमान है। स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (एसबीआई) रिसर्च की जारी रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है। एसबीआई रिसर्च की ओर से सोमवार को जारी एक रिपोर्ट के मुताबिक मजबूत घरेलू मांग, कृषि एवं गैर-कृषि गतिविधियों से ग्रामीण उपभोग में तेजी के कारण यह वृद्धि लचीली बनी हुई है। वैश्विक भू-राजनीतिक तनाव और कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों के बीच भारतीय अर्थव्यवस्था लगातार अपना लचीलापन दिखा रही है। वित्त वर्ष 2026-27 में भारत की जीडीपी ग्रोथ रेट 6.6 फीसदी रहने का अनुमान है। रुपये की विनिमय दर में गिरावट और कच्चे तेल की ऊंची कीमतों को देखते हुए भुगतान संतुलन के मोर्चे पर व्यापक कदम उठाने की आवश्यकता है। एसबीआई रिसर्च का यह सुझाव प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के पश्चिम एशिया संकट के कारण विदेशी मुद्रा को बचाने, ईंधन का सूझबूझ के साथ उपयोग करने, सोने की खरीद को एक साल तक स्थगित करने और विदेश यात्रा टालने की आवश्यकता बताये जाने के बाद आया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि वित्त वर्ष 2025-26 की चौथी तिमाही में वास्तविक जीडीपी वृद्धि दर 7.2 फीसदी के करीब रहने की उम्मीद है। चालू वित्त वर्ष 2026-27 में जीडीपी वृद्धि दर 6.6 फीसदी रहने का अनुमान जताया गया है। वहीं, वित्त वर्ष 2025-26 में जीडीपी वृद्धि दर 7.5 फीसदी रहने की उम्मीद है।

### उद्योग जगत को मुक्त व्यापार समझौतों का लाभ उठाने की जरूरत: वाणिज्य सचिव

**नयी दिल्ली :** केंद्रीय वाणिज्य सचिव राजेश अग्रवाल ने सोमवार को घरेलू कंपनियों से आग्रह किया कि वे भारत द्वारा हस्ताक्षरित मुक्त व्यापार समझौतों (एफटीए) का लाभ उठाएं और वैश्विक गुणवत्ता मानकों को पूरा करने पर ध्यान केंद्रित करें। राजेश अग्रवाल ने नई दिल्ली में भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) द्वारा आयोजित 'वार्षिक व्यापार शिखर सम्मेलन 2026' को संबोधित करते हुए यह बात कही। उन्होंने कहा, हमने यह सुनिश्चित करने का प्रयास किया है कि हम केवल टैरिफ (शुल्क) तक ही सीमित न रहें। हम दोनों पक्षों के उद्योगों को 360-डिग्री की व्यापक पूर्वानुमान क्षमता और स्पष्टता प्रदान करते हैं, ताकि वे वास्तव में इन एफटीए का लाभ उठा सकें और ऐसे मार्ग प्रशस्त कर सकें, जो अधिक टिकाऊ विकास की ओर ले जाएं। वाणिज्य सचिव ने कहा कि भारतीय उद्योग जगत को उन मुक्त व्यापार समझौतों (एफटीए) का लाभ उठाने और उनका उपयोग करने की आवश्यकता है, जिन्हें भारत अंतिम रूप दे रहा है। ये समझौते व्यापार और निवेश, दोनों के लिए बड़े अवसर प्रदान करते हैं। एफटीए का पूरी तरह से उपयोग करने और लाभ उठाने का देश का पिछला रिकॉर्ड बहुत अच्छा नहीं रहा है। उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि देश की औद्योगिक नीति को उसकी व्यापार नीति का पूरक होना चाहिए, क्योंकि व्यापार इस बात पर भी निर्भर करता है कि भारत कैसे निवेश और उत्पादन करता है। मुक्त व्यापार समझौतों पर एक सत्र को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा, एफटीए के उपयोग पर हमसे बार-बार सवाल पूछे जाते हैं।

# सेंसेक्स 1.70 प्रतिशत व निफ्टी 1.49 प्रतिशत की गिरावट के साथ बंद

**नयी दिल्ली :** पश्चिम एशिया में जारी तनाव को टालने के लिए प्रस्तावित शांति वार्ता के एक बार फिर टल जाने, कच्चे तेल की कीमत में उछाल आने और कमजोर ग्लोबल संकेतों के कारण घरेलू शेयर बाजार के लिए आज का दिन ब्लैक मंडे बन गया। कारोबार की शुरूआत भी गिरावट के साथ हुई थी। बाजार खुलने के बाद बिकवाली के दबाव में दोपहर 11 बजे तक सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांकों की चाल कमजोर होती गई। इसके बाद खरीदारों ने लिवाली का जोर बना दिया, जिससे बाजार में कुछ सुधार भी हुआ। हालांकि दोपहर दो बजे के बाद एक बार फिर बिकवाली का जबरदस्त दबाव बन गया, जिससे सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांक 1.50 प्रतिशत से भी अधिक की कमजोरी का शिकार हो गए। पूरे दिन के कारोबार के बाद सेंसेक्स 1.70 प्रतिशत और निफ्टी 1.49 प्रतिशत की गिरावट के साथ बंद हुए। दिन भर के कारोबार के दौरान बैंकिंग, ऑटोमोबाइल, कैपिटल गुड्स और कंज्यूमर ड्युरेबल्स सेक्टर के शेयरों में जम कर बिकवाली होती रही। इसी तरह आईटी, एफएमसीजी, मेटल, ऑयल एंड गैस, पब्लिक सेक्टर एंटरप्राइज और टेक इंडेक्स भी गिरावट के साथ बंद हुए। दूसरी ओर, निफ्टी के हेल्थ केयर और फार्मा इंडेक्स मजबूती के साथ बंद होने में सफल रहे। ब्रॉडर मार्केट में भी आज लगातार बिकवाली होती रही, जिसके कारण निफ्टी का मिडकैप इंडेक्स 1.05 प्रतिशत की कमजोरी के साथ बंद हुआ। इसी तरह स्मॉलकैप इंडेक्स ने 1.13 प्रतिशत की गिरावट के साथ आज के कारोबार का अंत किया। शेयर बाजार में आई कमजोरी के कारण स्टॉक मार्केट के निवेशकों की संपत्ति में करीब साढ़े पांच लाख करोड़ रुपये से भी अधिक की कमी हो गई। बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैपिटलाइजेशन आज के कारोबार के बाद घट कर 467.43 लाख करोड़ रुपये (अनंतिम) हो गया। जबकि पिछले सप्ताह के आखिरी कारोबारी दिन यानी शुक्रवार को इनका मार्केट कैपिटलाइजेशन 473.11 लाख करोड़ रुपये था। इस तरह निवेशकों को आज के कारोबार से करीब 5.68 लाख करोड़ रुपये का नुकसान हो गया। दिन भर के कारोबार में बीएसई में 4,538 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें 1,457 शेयर बढ़त के साथ बंद हुए, जबकि 2,892 शेयरों में गिरावट का रुख रहा, वहीं 189 शेयर बिना किसी उतार चढ़ाव के बंद हुए। एनएसई में आज 2,986 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें से 782 शेयर मुनाफा कमा कर हरे निशान में और 2,204 शेयर नुकसान उठा कर लाल निशान में बंद हुए। इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से छह शेयर बढ़त के साथ और 24 शेयर गिरावट के साथ बंद हुए। जबकि निफ्टी में शामिल 50 शेयरों में से 13 शेयर हरे निशान में और 37 शेयर लाल निशान में बंद हुए। बीएसई का सेंसेक्स आज 690.10 अंक की कमजोरी के साथ 76,638.09 अंक के स्तर पर खुला। कारोबार की शुरूआत होने के थोड़ी देर बाद खरीदारी के सपोर्ट से यह सूचकांक मामूली रिकवरी के साथ 76,678.52 अंक तक पहुंच गया।



## सैमसंग गैलेक्सी M और F सीरीज पर 08 मई से मिलेंगे स्पेशल ऑफर

**रांची :** सैमसंग इंडिया ने गैलेक्सी ट17 सीरीज (ट17 5G और M17e 5G), गैलेक्सी M36 5G, गैलेक्सी M56 5G, गैलेक्सी F70e 5G और गैलेक्सी F36 5G स्मार्टफोन्स पर 08 मई से स्पेशल कीमतों का ऐलान किया। ग्राहक इन डिवाइसेस को बेहतरीन कीमत पर खरीद सकते हैं और बेहतर पहुंच, रचनात्मकता एवं और प्रोडक्टिविटी का अनुभव ले सकते हैं। हर डिवाइस में हाई-रेजोल्यूशन कैमरा सिस्टम, मजबूत डिजाइन, एआई-पावर्ड टूल्स और लंबे समय तक सॉफ्टवेयर सपोर्ट जैसी एडवांस्ड तकनीकें दी गई हैं।

गैलेक्सी ट17 सीरीज, जो अपने प्राइस सेगमेंट में अमेजन पर नंबर 1 बिकने वाला स्मार्टफोन है, इसमें गैलेक्सी M17 5G और M17e 5G स्मार्टफोन शामिल हैं। गैलेक्सी M17 5G में साफ और स्थिर फोटोग्राफी के लिए 50MP OIS ट्रिपल-कैमरा सिस्टम, शानदार विजुअल्स के लिए ब्राइट और शानदार सुपर एमोलेड डिस्प्ले और अतिरिक्त मजबूती के लिए कॉर्निंग गोरिल्ला ग्लास विक्टस प्रोटेक्शन दिया गया है। इसमें झटपट जानकारी के लिए गूगल सर्कल टू सर्च और रियल-टाइम विजुअल बातचीत के लिए जेमिनी लाइव भी शामिल है। गैलेक्सी M17e 5G में 120Hz तक रिफ्रेश रेट वाला स्मूथ डिस्प्ले, लंबे इस्तेमाल के लिए 6000mAh बैटरी, अच्छी फोटो के लिए 50MP ड्यूअल कैमरा सिस्टम, गूगल सर्कल टू सर्च, बेहतर सुरक्षा के लिए सैमसंग नॉक्स वॉल्ट, बेहतर प्राइवेसी के लिए ऑटो ब्लॉकर और लंबे समय की विश्वसनीयता के लिए छह ओएस अपग्रेड के साथ छह साल के सिक्योरिटी अपडेट दिये गये हैं। गैलेक्सी M36 5G, जो अपने प्राइस सेगमेंट में अमेजन पर नंबर 1 बिकने वाला स्मार्टफोन भी है, इसमें स्मार्ट इंटरैक्शन के लिए एआई फीचर्स, बेहतर मजबूती के लिए कॉर्निंग गोरिल्ला ग्लास विक्टस+ प्रोटेक्शन, गूगल सर्कल टू सर्च और रियल-टाइम विजुअल बातचीत के लिए जेमिनी लाइव दिया गया है।

## भारत में पहली बार आयोजित डब्ल्यूएफएडीएस एशियन चैंपियनशिप कप 2026 में एशिया के खिलाड़ियों ने दिखाया दमखम




**रांची :** एशिया में डांस स्पोर्ट्स के विकास की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम उठाते हुए, वर्ल्ड फेडरेशन ऑफ एक्रोबेटिक डांसेज एंड डांस स्पोर्ट्स ने नेशनल फेडरेशन ऑफ एक्रोबेटिक्स एंड डांस स्पोर्ट इंडिया (एनएफएडीआई) के सहयोग से 8 मई 2026 को नई दिल्ली के तालकटोरा स्टेडियम में भारत में पहली बार डब्ल्यूएफएडीएस एशियन चैंपियनशिप कप 2026 का आयोजन किया।यह ऐतिहासिक पहल भारत में बड़े स्तर पर एक्रोबेटिक रॉक एंड रोल और एक्रो स्विंग जैसे रोमांचक डांस स्पोर्ट्स की शुरूआत का प्रतीक बनी, जिसमें खेल कौशल और कलात्मक अभिव्यक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिला। इस भव्य आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में मंत्री श्री आशीष सूद उपस्थित रहे। कार्यक्रम में मंथन जिम्नास्टिक्स अकादमी से गौरव जी एवं खुशबू जी ने विशिष्ट अतिथि के रूप में अपनी गरिमामयी उपस्थिति दर्ज कर प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम में विशेष अतिथियों के रूप में भाजपा पंजाब के उपाध्यक्ष बिक्रमजीत सिंह चीमा, वरिष्ठ अधिवक्ता एवं पंजाब विधानसभा के पूर्व सदस्य एच.एस. फूलका तथा मनोज सेठी भी उपस्थित रहे। इस चैंपियनशिप से पूर्व 4 से 7 मई 2026 तक मंथन जिम्नास्टिक्स अकादमी में एशिया ट्रेनिंग एवं इंडिया नेशनल्स सिलेक्शन कैंप आयोजित किया गया। इस प्रशिक्षण शिविर में विश्वप्रसिद्ध चैंपियन स्वेतलाना गवरिलोवा एवं अलेक्सी गवरिलोव, ओल्गा स्बिटनेवा एवं इवान युदिन, इगोर विंकोविक तथा एलेक्स डेली ने भारतीय खिलाड़ियों को प्रशिक्षण दिया, जिससे खिलाड़ियों को अंतरराष्ट्रीय विशेषज्ञों से सीखने का दुर्लभ अवसर प्राप्त हुआ।

## ऑनलाइन इंस्ट्रूमेंट्स ने आईपीओ के लिए सेबी के समक्ष डीएचआरपी किया दाखिल

**नयी दिल्ली :** बेंगलुरु की कंपनी ऑनलाइन इंस्ट्रूमेंट्स (इंडिया) लिमिटेड ने पूंजी बाजार नियामक भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के समक्ष अपना आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) लाने के लिए प्रारंभिक दस्तावेज दाखिल किए हैं। कंपनी का लक्ष्य आईपीओ के जरिये 750 करोड़ रुपये जुटाना है। सेबी के समक्ष ऑनलाइन इंस्ट्रूमेंट्स की जमा आईपीओ दस्तावेज के अनुसार 2 रुपये फेस वैल्यू वाला यह आईपीओ 750 करोड़ रुपये तक का एक नया ईश्यू है। इस निर्गम में प्रोमोट्रॉन अनंत महेश बेलाड और राजेश्वरी शिवानंद महाशेट्टी द्वारा 750 करोड़ रुपये के नए शेयर और 57.10 लाख शेयर की बिक्री पेशकश (ओएफएस) शामिल है। कंपनी के अनुसार ऑनलाइन इंस्ट्रूमेंट्स इंडिया लिमिटेड अपने नए निर्गम से प्राप्त राशि में से 160 करोड़ रुपये का उपयोग कुछ ऋणों के पुनर्भुगतान या पूर्व-भुगतान के लिए करेगी।

## नोएडा इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी ने आयोजित किया एजुकेटर्स मीट 2026



**रांची :** नोएडा इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी द्वारा रांची के होटल ले लैक सरोवर पोर्टिको में एजुकेटर्स मीट 2026 का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम में शिक्षा जगत से जुड़े कई प्रतिष्ठित शिक्षकों और शिक्षाविदों ने भाग लिया। इस आयोजन का उद्देश्य नई शिक्षा नीति, आधुनिक शिक्षा प्रणाली और छात्रों के बेहतर भविष्य को लेकर विचार-विमर्श करना रहा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आकाश शर्मा जी रहे। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ. एस. एस. सिंह, फैज अहमद और अभिरंजन सिंह उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समन्वयन अंकुर शर्मा और तरुण प्रताप सिंह ने किया। मुख्य अतिथि आकाश शर्मा जी ने अपने संबोधन में कहा, आज के समय में शिक्षा केवल डिग्री तक सीमित नहीं है, बल्कि छात्रों को कौशल, आत्मविश्वास और बेहतर अवसर देने का माध्यम बन चुकी है। नोएडा इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी लगातार गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और आधुनिक सुविधाओं के माध्यम से छात्रों के भविष्य को मजबूत बनाने का कार्य कर रही है। कार्यक्रम के दौरान विश्वविद्यालय की शैक्षणिक उपलब्धियों, आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर, रिसर्च अवसरों और इंडस्ट्री आधारित शिक्षा मॉडल के बारे में जानकारी साझा की गई। शिक्षकों ने भी छात्रों के सर्वांगीण विकास और रोजगारपरक शिक्षा पर अपने विचार रखे।एजुकेटर्स मीट 2026 के माध्यम से नोएडा इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी ने झारखंड के शिक्षकों और शिक्षा संस्थानों के साथ मजबूत संबंध स्थापित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बढ़ाया। कार्यक्रम का समापन धन्यवाद ज्ञापन और भविष्य में शिक्षा के क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने के संकल्प के साथ हुआ।

## आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ ने लॉन्च किया 'बीएसई एन्हांस्ड वैल्यू 30 इंडेक्स फंड'

**मुंबई :** आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस ने अपने यूनिट लिंक्ड इंश्योरेंस प्लान्स (युलिप्स) के लिए 'आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ बीएसई एन्हांस्ड वैल्यू 30 इंडेक्स फंड' लॉन्च किया है। यह फंड ग्राहकों को लार्ज और मिडकैप श्रेणी की आकर्षक वैल्यूएशन वाली कंपनियों में निवेश का अवसर देने और लम्बी अवधि में संपत्ति निर्माण में मदद करने के उद्देश्य से तैयार किया गया है।

लॉन्च पर टिप्पणी करते हुए, आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस के चीफ इन्वेस्टमेंट ऑफिसर, श्री मनीष कुमार ने कहा, यह फंड ग्राहकों को इक्विटी बाजार में भागीदारी करने का एक संरचित और पारदर्शी तरीका प्रदान करता है। हमारा ध्यान उन कंपनियों पर है, जिनकी कीमत उनके फंडामेंटल्स के मुकाबले आकर्षक है।

इस फंड की रणनीति मुख्य स्तंभों पर टिकी है, जिसमें वित्तीय मापदंडों के आधार पर शेयरों का चयन, विभिन्न क्षेत्रों में विविधता और समय-समय पर समीक्षा तथा रिबेलेंसिंग के साथ एक अनुशासित तथा नियम आधारित निवेश प्रक्रिया में शामिल है।

'इस बीएसई एन्हांस्ड वैल्यू 30 इंडेक्स फंड' दरअसल आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ के विभिन्न यूलिप उत्पादों, जैसे- आईसीआईसीआई प्रू सिग्नेचर एश्योर, स्मार्टकिड एश्योर विथ आईसीआईसीआई प्रू सिग्नेचर एश्योर और आईसीआईसीआई प्रू स्मार्ट इंश्योरेंस प्लान प्लस (एसआईपी+) के माध्यम से उपलब्ध होगा। यह फंड लाइफ कवर के साथ www.iciciprulife.com पर भी उपलब्ध है। इसके जरिए ग्राहक लंबी अवधि के इक्विटी निवेश को जीवन बीमा सुरक्षा के साथ जोड़ सकते हैं।

## हस्तिनापुर के वीर में मिलिए युवा कौरवों और पांडवों से और जानिए उनकी उस यात्रा को



**मुंबई :** सोनी सब लेकर आ रहा है भारतीय महाकाव्य महाभारत की कहानी को उसकी शुरूआत से। हस्तिनापुर के वीर दर्शकों को पांडवों और कौरवों के बचपन की दुनिया में ले जाता है, जहाँ उनके अनुभवों ने उनकी सोच और फैसलों की नींव रखी और उन्हें वह बनाया, जो बाद में इतिहास में दर्ज हुआ। शो में पांडवों और कौरवों के शुरूआती रिश्तों और टकराव को दिखाया गया है, जहाँ पांडव सीखते हैं कि कर्म का फल जरूर मिलता है, वहीं कौरव समझते हैं कि ताकत हमेशा उनके ही पास नहीं रहती। पांडवों की भूमिका निभा रहे हैं ये सभी कम उम्र में ही ज़िम्मेदारी, भावनाओं और पहचान से जूझते नजर आएँगे। हर किरदार अलग तरह से उम्मीदों का सामना करता है, जिसमें युधिष्ठिर का कर्तव्य भाव, भीम का सहज स्वभाव, अर्जुन का खुद को साबित करने का जुनून और नकुल-सहदेव की शांत मौजूदगी शामिल है, जो अपने तरीके से सीखते और ढलते हैं। इसके विपरीत, कौरवों का नेतृत्व करेंगे आयुध भानुशाली दुर्योधन के रूप में और शौर्य उपाध्याय दुशासन के रूप में। महल में पले-बढ़े होने के कारण उनमें आत्मविश्वास और दृढ़ता की झलक साफ दिखाई देती है।

# मोबाइल डेटा जैसी क्रांति लायेगा एआई, ऊर्जा खपत में होगी बड़ी वृद्धि : गौतम अडाणी




**नयी दिल्ली :** देश के दिग्गज कारोबारी एवं अडाणी समूह के चेयमैन गौतम अडानी ने सोमवार को कहा कि आने वाले दशकों में ऊर्जा सुरक्षा और डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर ही भू-राजनीतिक शक्ति को परिभाषित करेंगे। इसके साथ ही उन्होंने भारत से आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) वैल्यू चेन में अपनी संप्रभु क्षमताएं विकसित करने का आह्वान किया। अडाणी ने यहां भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) वार्षिक व्यापार शिखर सम्मेलन-2026 में कहा कि एक दशक पहले कुछ ही लोगों ने भारत में मोबाइल डेटा के विस्फोट के पैमाने की कल्पना की थी, लेकिन जैसे ही स्मार्टफोन किफायती हुए, नेटवर्क का विस्तार हुआ, डेटा की कीमतें गिरीं और खपत में जबरदस्त उछाल आया। उन्होंने कहा कि एआई मोबाइल डेटा विस्फोट जैसी क्रांति लाएगा और इससे ऊर्जा की खपत में तेज वृद्धि होगी। अडाणी ने कहा, एआई भी इसी तरह की वृद्धि लाएगा, लेकिन यह वृद्धि कहीं अधिक ऊर्जा खपत करने वाली होगी। डेटा सेंटर की क्षमता, जिसके 2030 तक 5 गीगावाट तक पहुंचने की उम्मीद है, 2047 तक लगभग 75 गीगावाट तक बढ़ सकती है, इसीलिए भारत को अभी से तैयारी करनी होगी। उन्होंने कहा कि भारत आम परिवारों, फैलते शहरों, सक्रिय कारखानों, इलेक्ट्रिक वाहनों और विस्तार की प्रतीक्षा कर रहे लाखों छोटे व्यवसायों के लिए विकास कर रहा है। देश में एक बड़ा फायदा यह है कि हम जो कुछ भी बनाएंगे, उसकी मांग पहले से ही मौजूद होगी। हमारे सामने चुनौती है ऐसी क्षमता का निर्माण करना जो मांग के साथ तालमेल बिठा सके। उन्होंने कहा कि भारत ने एनर्जी सेक्टर में असाधारण प्रगति की है और मार्च 2026 में स्थापित ऊर्जा क्षमता 500 गीगावाट से अधिक हो गई है। बीते 10 वर्षों में स्थापित क्षमता में 53 प्रतिशत की मजबूत वृद्धि हुई है। भारत अपनी इस क्षमता को 4 गुना तक बढ़ाने के रास्ते पर तेजी से आगे बढ़ रहा है और अगले दो दशक यानी 2047 तक यह 2,000 गीगावाट तक पहुंच जाएगी। अडाणी ने कहा कि देश को 2 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने में 67 वर्ष का समय लगा, लेकिन अगले दो ट्रिलियन डॉलर अगले 12 वर्षों में ही जोड़े गए। भारत तेजी से विकास कर रहा है। हर सड़क, बंदरगाह, हवाई अड्डा, कारखाना, ऊर्जा संसाधन और डेटा सेंटर विकास के अगले स्तर को बढ़ा रहा है। इस रफ्तार से भारत हर दशक में अपने सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में एक नई यूरोपीय अर्थव्यवस्था के बराबर वृद्धि करेगा। उन्होंने कहा कि भविष्य अपने आप नहीं आता। उसे बनाना पड़ता है। अगली आजादी की लड़ाई, हमारे ग्रिड, हमारे डेटा सेंटर, हमारी फैक्टरियों, हमारी क्लासरूम, हमारी लैब्स और हमारे दिमाग में लड़ी जाएगी। आज एआई के दौर में आजादी का मतलब होगा खुद को पावर देने, खुद के लिए कंप्यूट करने और खुद के लिए सपने देखने की काबिलियत।

## पेज एक के शेष

**एक जुलाई से लागू होगा 'वीबी-जी राम जी' अधिनियम, मिलेगी 125 दिन रोजगार की गारंटी...**

पैसा नहीं आने पर मजदूर भाई-बहन विलम्बित भुगतान के पात्र होंगे और देरी से भुगतान करने पर अतिरिक्त राशि देनी पड़ेगी। मांगने पर यदि रोजगार नहीं मिला, तो बेरोजगारी भत्ता भी देना पड़ेगा। चौहान ने इसे मजदूरों के हित की व्यापक योजना बताते हुए कहा कि 1,51,000 करोड़ रु. से अधिक की सालाना धनराशि से गांवों में इंफ्रास्ट्रक्चर के काम बड़े पैमाने पर होंगे। जल संरक्षण, गांवों में अधोसंरचना, सड़क, पुल, पुलिया, स्कूल, आंगनवाड़ी भवन, खेतों से जुड़े जरूरी काम किये जा सकेंगे। आजीविका मूलक कार्यों के तहत स्वयं सहायता समूहों की दीदियों और एफपीओ के लिए वर्किंग शेड जैसी अधोसंरचनाएं भी बनायी जा सकेंगी। प्राकृतिक आपदाओं से बचाव के लिए नदी किनारे के गांवों या जलभराव वाले क्षेत्रों में रिटेनिंग वॉल जैसे कार्य भी इस योजना के अंतर्गत किये जा सकेंगे।

उन्होंने कहा कि योजना के अंतर्गत काम करनेवाले कर्मचारी साथियों को पर्याप्त और समय पर वेतन का भुगतान हो, इसके लिए प्रशासनिक व्यय को 06 से बढ़ा कर 09 प्रतिशत कर दिया गया है।

केन्द्रीय मंत्री चौहान ने विश्वास जताया कि मजदूरों की जिन्दगी में एक नये सवेरे का आगाज हो रहा है और विकसित भारत के लिए विकसित गांव बनाने का संकल्प इस योजना को पूरा करने में मील का पत्थर साबित होगा।

**दुनिया की कोई ताकत भारत को झुका नहीं सकती : मोदी...**

की प्राण प्रतिष्ठा ने भारत की स्वतंत्र चेतना का उद्घोष किया था।

प्रधानमंत्री ने कहा कि स्वतंत्रता के समय सरदार वल्लभभाई पटेल ने 500 से अधिक रियासतों का एकीकरण कर आधुनिक भारत की नींव रखी और सोमनाथ मंदिर के पुनर्निर्माण के जरिये दुनिया को संदेश दिया कि भारत केवल स्वतंत्र ही नहीं हुआ, बल्कि अपनी प्राचीन गौरवशाली विरासत को पुनर्स्थापित करने की दिशा में भी आगे बढ़ रहा है।

उन्होंने कहा कि इतिहास में महमूद गजनवी और अलाउद्दीन खिलजी जैसे कई आक्रांताओं ने सोमनाथ मंदिर को नष्ट करने का प्रयास किया, लेकिन यह मंदिर हर बार फिर खड़ा हो गया। मोदी ने कहा कि आक्रांता भारत की वैचारिक शक्ति को समझ नहीं सके।

प्रधानमंत्री ने कहा कि बीते वर्षों में सोमनाथ ट्रस्ट के अध्यक्ष के रूप में उन्हें मंदिर और क्षेत्र की सेवा का अवसर मिला और अब देशभर के तीर्थ स्थलों के विकास का जो अवसर मिल रहा है, वह भगवान सोमनाथ की कृपा है।

उन्होंने लोगों से प्रकृति और पर्यावरण की रक्षा करनेवाली जीवनशैली अपनाने का आह्वान करते हुए कहा कि तीर्थों और मंदिरों के विकास के साथ उनकी गरिमा बनाये रखना भी आवश्यक है।

**प्रधानमंत्री ने किया प्रथम ज्योतिर्लिंग का पूजन...**

के स्वप्नद्रष्टा लौहपुरुष सरदार बल्लभ भाई पटेल की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। इसके बाद ऋषिकुमारों द्वारा शंख और डमरू के मंगलनाद के बीच प्रधानमंत्री विशेष मार्ग से होकर गर्भगृह पहुंचे, जहां उन्होंने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ भगवान सोमनाथ की महापूजा की और देश की प्रगति तथा जन-जन के सुख-समृद्धि की कामना की।

इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने मंदिर शिखर पर कुंभाभिषेक और ध्वजारोहण भी किया। इस दौरान भारतीय वायुसेना के दो चेतक हेलीकॉप्टरों द्वारा मंदिर शिखर पर पुष्पवर्षा की गयी, जिससे पूरा समुद्र तट और मंदिर परिसर भक्तिमय वातावरण से गूंज उठा। भारतीय वायुसेना की 'सूर्यकिरण' हवाई कलाबाजी दल ने आकाश में रोमांचक प्रदर्शन कर उपस्थित श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। प्रधानमंत्री ने मंदिर परिसर में आयोजित सोमनाथ की गौरवशाली विरासत और इतिहास पर आधारित प्रदर्शनी का भी अवलोकन किया।

इस अवसर पर गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेन्द्र पटेल, गृह राज्यमंत्री हर्ष संघवी सहित अनेक संत, महंत, जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे।

**95 देशों के प्रतिनिधि होंगे शामिल...**

वन्यजीव बीमारियों जैसी चुनौतियों के कारण इन प्रजातियों पर खतरा लगातार बढ़ रहा है। ऐसे में आईबीसीए सम्मेलन को वैश्विक संरक्षण प्रयासों को मजबूत करने की दिशा में बड़ा कदम माना जा रहा है।

उल्लेखनीय है कि आईबीसीए की शुरुआत अप्रैल 2023 में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने की थी। मार्च 2024 में केन्द्रीय मंत्रिमंडल की मंजूरी के बाद इसका औपचारिक गठन हुआ और फरवरी 2025 से यह पूरी तरह सक्रिय हो गया। भारत सरकार ने इसके लिए पांच वर्षों में लगभग 18 मिलियन अमेरिकी डॉलर की वित्तीय सहायता देने का फैसला किया है।

**संसदीय साक्षरता व मूल्य आधारित पत्रकारिता जरूरी : हरिवंश नारायण...**

का आग्रह करते हुए कहा कि डिजिटल मीडिया के दौर में गति बढ़ी है, लेकिन पत्रकारिता की विश्वसनीयता और तथ्यात्मक सटीकता सर्वोपरि रहनी चाहिए।

उपसभापति ने कहा कि युवा पत्रकार जटिल विधायी प्रक्रियाओं और आम नागरिक की आकांक्षाओं के बीच सेतु का काम कर सकते हैं। उन्होंने प्रशिक्षुओं को युवाओं से जुड़नेवाले नये और प्रभावी कहानी कहने के प्रारूप विकसित करने के लिए प्रोत्साहित किया।

हरिवंश ने कहा कि संसद परिसर में काम करनेवालों की विशेष नैतिक जिम्मेदारी होती है। उन्होंने प्रशिक्षुओं से अनुशासन और समर्पण के मूल्यों को आत्मसात करने का आह्वान करते हुए कहा कि वे केवल सामग्री निर्माता नहीं, बल्कि जनता के जानने के अधिकार के संरक्षक भी हैं।

उन्होंने कहा कि मीडिया और शासन व्यवस्था लगातार बदल रही है, इसलिए सफल पेशेवर वही है, जो जीवनभर सीखने की जिज्ञासा बनाये रखे।

इस अवसर पर राज्यसभा के महासचिव पीसी मोदी, संसद टीवी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी अमित खरे और भारतीय जनसंचार संस्थान (आईआईएमसी) की कुलपति प्रो. प्रज्ञा पालीवाल गौड़ सहित 19 चयनित प्रशिक्षु और वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे।

**इन्फ्लुएंसर एंगेजमेंट पोर्टल का हुआ शुभारम्भ डिजिटल पर्यटन प्रचार को मिली नयी दिशा...**

झारखंड पर्यटन विभाग के साथ जुड़े हुए हैं। इससे न केवल राज्य की ब्रांडिंग मजबूत होगी, बल्कि स्थानीय क्रिएटर्स को भी नई पहचान और अवसर प्राप्त होंगे। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन के विजन एवं पर्यटन मंत्री सुदिव्य कुमार के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य झारखंड के पर्यटन स्थलों, कला-संस्कृति, विरासत एवं स्थानीय खानपान को डिजिटल माध्यमों से राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रभावी पहचान दिलाना है।

कार्यक्रम के दौरान माननीय मंत्री सुदिव्य कुमार द्वारा ह्यइन्फ्लुएंसर एंगेजमेंट पोर्टलह्न का शुभारम्भ किया गया। इस पोर्टल के माध्यम से राज्य के कंटेंट क्रिएटर्स एवं इन्फ्लुएंसर्स को पर्यटन विभाग से औपचारिक रूप से जुड़कर कार्य करने का अवसर प्राप्त होगा। यह पहल डिजिटल क्रिएटर्स एवं पर्यटन विभाग के बीच एक सशक्त एवं संरचित साझेदारी स्थापित करने की दिशा में महत्त्वपूर्ण कदम मानी जा रही है।

इस आयोजन में राज्य के 80 से अधिक प्रमुख सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर्स ने भाग लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य झारखंड की प्राकृतिक सुंदरता, सांस्कृतिक विरासत, पर्यटन संभावनाओं एवं स्थानीय पहचान को डिजिटल प्लेटफॉर्म्स के माध्यम से व्यापक स्तर पर प्रस्तुत करना है।

कार्यक्रम के दौरान इन्फ्लुएंसर्स के साथ संवाद सत्र भी आयोजित किया गया, जिसमें पर्यटन प्रचार, डिजिटल स्टोरीटेलिंग, कंटेंट निर्माण एवं झारखंड की सांस्कृतिक पहचान को वैश्विक मंच तक पहुंचाने को लेकर विस्तृत चर्चा की गयी।

कार्यक्रम में विभागीय सचिव मुकेश कुमार, झारखंड पर्यटन विकास निगम (खळऊ) के प्रबंध निदेशक प्रेम रंजन, महाप्रबंधक राजीव रंजन सहित विभाग के अन्य वरिष्ठ पदाधिकारी भी मौजूद रहे।

**राष्ट्रीय अनुसंधान संस्थान को बनायेंगे 'ग्लोबल टेक्नोलॉजी लीडर' : डॉ. जितेन्द्र...**

हुई है। उन्होंने कहा कि आज भारत विज्ञान और तकनीक के क्षेत्र में तेजी से नये आयाम स्थापित कर रहा है। जेनेटिक कोड की डिकोडिंग से लेकर अंतरिक्ष अनुसंधान तक भारत की उपलब्धियां विश्व स्तर पर पहचान बना रही हैं।

उन्होंने कहा कि तकनीक अब केवल प्रयोगशालाओं तक सीमित नहीं रह गयी है, बल्कि यह आम लोगों के जीवन को भी सीधे प्रभावित कर रही है। गहरे समुद्र में रोबोटिक्स तकनीक, सुनामी चेतावनी प्रणाली और आपदा प्रबंधन तंत्र जैसे नवाचार देश को अधिक सुरक्षित और आपदा-सक्षम बना रहे हैं। इसके अलावा जैव-फोर्टिफाइड फसलों, स्वच्छ ऊर्जा और जैव प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में भारत तेजी से प्रगति कर रहा है।

केन्द्रीय मंत्री ने बताया कि जैव प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा आयोजित 'विज्ञान-टेक' कार्यक्रम इस वर्ष विशेष आकर्षण का केन्द्र है। इस कार्यक्रम में 14 मंत्रालय और विभाग एक ही मंच पर अपने अनुसंधान संस्थानों के साथ स्वदेशी तकनीकों का प्रदर्शन करेंगे। कार्यक्रम में लैब-टू-मार्केट सफलता की कहानियों और मजबूत नवाचार इकोसिस्टम को भी प्रदर्शित किया जायेगा।

इस अवसर पर केन्द्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि 11 मई भारत के इतिहास का एक गौरवशाली दिन है। उन्होंने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व में वर्ष 1998 में हुए पोखरण परमाणु परीक्षण ने भारत को आत्मविश्वासी और आत्मनिर्भर राष्ट्र के रूप में स्थापित किया।

रिजिजू ने देश के वैज्ञानिकों, इंजीनियरों और नवप्रवर्तकों को नमन करते हुए कहा कि उनका समर्पण भारत को तकनीकी रूप से सशक्त और आत्मनिर्भर बनाने में लगातार महत्त्वपूर्ण योगदान दे रहा है।

